रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 293] नई दिल्ली, रविवार, जनवरी 21, 2018/माघ 1, 1939
No. 293] NEW DELHI, SUNDAY, JANUARY 21, 2018/MAGHA 1, 1939

विधि और न्याय मंत्रालय

(विधायी विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 जनवरी, 2018

का.आ. 340(अ).—राष्ट्रपति द्वारा किया गया निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है :--

20 जनवरी, 2018

आदेश

भारत निर्वाचन आयोग को, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 (जिसे इसमें इसके पश्चात् "जी.एन.सी.टी.डी. अधिनियम" कहा गया है) की धारा 15 की उपधारा 4 के अधीन, तारीख 10 नवंबर, 2015 को निर्देश किया गया था कि क्या राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधानसभा (जिसे इसमें इसके पश्चात् "एन.सी.टी." कहा गया है) के श्री प्रवीन कुमार और बीस अन्य सदस्य, जी.एन.सी.टी.डी. अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (1)(क) के अधीन विधानसभा के सदस्य रहने से निर्रहता से ग्रस्त हो गए हैं। विधान सभा सदस्यों के नाम और उनके पद निम्न प्रकार से हैं:-

क्रम सं.	**विधानसभा सदस्य का नाम**	***निम्न के संसदीय सचिव***
1.	श्री आदर्श शास्त्री	*सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री*
2.	सुश्री अल्का लांबा	*पर्यटन मंत्री*
3.	श्री अनिल कुमार बाजपेई	*स्वास्थ्य मंत्री (पूर्व)*
4.	श्री अवतार सिंह	*गुरुद्वारा निर्वाचन मंत्री*
5.	श्री जरनैल सिंह (रजौरी गार्डन)*	*विद्युत मंत्री*
6.	श्री जरनैल सिंह (तिलक नगर)	*विकास मंत्री*
7.	श्री कैलाश गहलौत	*विधि मंत्री*

8.	श्री मदन लाल	*सतर्कता मंत्री*
9.	श्री मनोज कुमार	*खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री*
10.	श्री नरेश यादव	*श्रम मंत्री*
11.	श्री नितिन त्यागी	*महिला, बाल और समाज कल्याण मंत्री*
12.	श्री प्रवीन कुमार	*शिक्षा मंत्री*
13.	श्री राजेश गुप्ता	*स्वास्थ्य मंत्री (उत्तर)*
14.	श्री राजेश ऋषि	*स्वास्थ्य मंत्री (दक्षिण)*
15.	श्री संजीव झा	*परिवहन मंत्री*
16.	सुश्री सरिता सिंह	*रोजगार मंत्री*
17.	श्री शरद कुमार चौहान	*राजस्व मंत्री*
18.	श्री शिव चरण गोयल	*वित्त मंत्री*
19.	श्री सोम दत्त	*उद्योग मंत्री*
20.	श्री सुखवीर सिंह दलाल	*भाषा और अ.जा./ अ.जन.जा./ अ.पि.व. कल्याण मंत्री*
21.	श्री विजेन्द्र गर्ग विजय	*लोक निर्माण विभाग मंत्री*
*	*श्री जरनैल सिंह, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, रजौरी गार्डन ने 17 जनवरी, 2017 को त्यागपत्र दे दिया था और अप्रैल, 2017 को इस रिक्ति को भरने के लिए उपचुनाव हुए थे और इस प्रकार से उनकी निर्रहता का प्रश्न नहीं रहता है।*	

उक्त निर्देश में, उक्त विधानसभा सदस्यों की निर्रहता का प्रश्न श्री प्रशांत पटेल (जिसे इसमें इसके पश्चात् "याची" कहा गया है) द्वारा, भारत के राष्ट्रपति के समक्ष, तारीख 19 जून, 2015 को फाइल की गई याचिका से उठा था । याची द्वारा जी.एन.सी.टी.डी. अधिनियम, 1991 की धारा 15 की उपधारा (1)(क) के अधीन श्री प्रवीन कुमार और दिल्ली विधानसभा के 20 अन्य सदस्यों (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् प्रत्यर्थी कहा गया है) की दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार के अधीन संसदीय सचिव के रूप में लाभ का पद लेने के आधार पर निर्रहता की वांछा की गई है । प्रत्यर्थी, जी.एन.सी.टी.डी. आदेश, तारीख 13 मार्च, 2015 द्वारा दिल्ली सरकार के मंत्रियों के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किए गए थे । याची ने, तारीख 19 जून, 2015 की याचिका, माननीय राष्ट्रपति के समक्ष तारीख 22 जून, 2015 को फाइल की थी।

और, श्री प्रशांत पटेल की उक्त याचिका, भारत के संविधान के अनुच्छेद 191(1)(क) के अधीन यथा अपेक्षित राय लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग को निर्दिष्ट की गई थी।

और भारत निर्वाचन आयोग, भारत के संविधान, जी.एन.सी.टी.डी. अधिनियम और पूर्व में दिए गए न्यायिक निर्णयों में यथा अंतर्विष्ट विधि को ध्यान में रखते हुए तथ्यों और परिस्थितियों की पूर्णतः परीक्षा के पश्चात् इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि संसदीय सचिव का कार्यालय जिस पर निम्नलिखित बीस विधान सभा सदस्य, तारीख 13 मार्च, 2015 के जी.एन.सी.टी.डी. आदेश द्वारा नियुक्त किए गए थे, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकार के अधीन लिया गया लाभ का पद है और इस प्रकार निर्वाचन आयोग ने राय दी कि निम्नलिखित विधानसभा सदस्य जी.एन.सी.टी.डी. अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (1)(क) के अधीन निर्रहित होने के दायी हैं :-

क्रम सं.	विधानसभा सदस्य का नाम	क्रम सं.	
1.	श्री आदर्श शास्त्री (ए.सी.-33 द्वारका)	2.	*सुश्री अल्का लांबा* *(ए.सी.-20 चांदनी चौक)*
3.	श्री अनिल कुमार बाजपेई (ए.सी.-61 गांधी नगर)	4.	*श्री अवतार सिंह* *(ए.सी.-51 कालकाजी)*

5.	श्री जरनैल सिंह (ए.सी.-29 तिलक नगर)	6.	*श्री कैलाश गहलौत* *(ए.सी.-35 नजफगढ़)*
7.	श्री मदन लाल (ए.सी.-42 कस्तूरबा नगर)	8.	*श्री मनोज कुमार* *(ए.सी.-56 कोंडली)*
9.	श्री नरेश यादव (ए.सी.-45 महरौली)	10.	*श्री नितिन त्यागी* *(ए.सी.-58 लक्ष्मी नगर)*
11.	श्री प्रवीन कुमार (ए.सी.-41 जंगपुरा)	12.	*श्री राजेश गुप्ता* *(ए.सी.-17 वजीरपुर)*
13.	श्री राजेश ऋषि (ए.सी.-30 जनकपुरी)	14.	*श्री संजीव झा* *(ए.सी.-2 बुराड़ी)*
15.	सुश्री सरिता सिंह (ए.सी.-64 रोहतास नगर)	16.	*श्री शरद कुमार चौहान* *(ए.सी.-1 नरेला)*
17.	श्री शिव चरण गोयल (ए.सी.-25 मोती नगर)	18.	*श्री सोम दत्त* *(ए.सी.-19 सदर बाजार)*
19.	*श्री सुखबीर सिंह दलाल* *(ए.सी.-8 मुंडका)*	*20.*	*श्री विजेन्दर गर्ग विजय* *(ए.सी.-39 राजेन्द्र नगर)*

और श्री जरनैल सिंह, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-27, रजौरी गार्डन से पूर्व विधान सभा सदस्य, जिनकी जी.एन.सी.टी.डी. तारीख 13 मार्च, 2015 के आदेश द्वारा संसदीय सचिव के रूप में भी नियुक्ति की गई थी, के संदर्भ में, यह ध्यान दिया जाए कि उन्होंने तारीख 17 जनवरी, 2017 को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की विधानसभा में उनके पद से त्यागपत्र दे दिया था और उनकी रिक्ति को भरने के लिए अप्रैल, 2017 को उपचुनाव हुआ था और इस प्रकार से उनकी निर्रहता का प्रश्न नहीं रहता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तारीख 19 जनवरी, 2018 को दी गई राय की प्रति, उपाबंध सहित, इसमें संलग्न है।

अब इसलिए, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यक्त की गई राय को ध्यान में रखते हुए, मामले पर विचार करते हुए, मैं, रामनाथ कोविंद, भारत का राष्ट्रपति, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 15 की उपधारा (4) के अधीन मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा अभिनिर्धारित करता हूं कि दिल्ली विधानसभा के पूर्वोक्त बीस सदस्य उक्त विधानसभा के सदस्य होने से निर्रहित हो गए हैं।

भारत का राष्ट्रपति

भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन

अशोक रोड, नई दिल्ली -110001

2015 का निर्देश मामला सं0 5

[भारत के राष्ट्रपति से दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 के अधीन निर्देश]

संदर्भ : 2015 का निर्देश मामला सं0 5 – भारत के माननीय राष्ट्रपति से दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 15(4) के अधीन प्राप्त निर्देश जिसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम,1991 की धारा 15(1)(क) के अधीन दिल्ली विधान सभा के श्री प्रवीण कुमार और बीस अन्य सदस्य की अभिकथित निरर्हता के प्रश्न पर भारत निर्वाचन आयोग की राय मांगी गई है।

राय

संक्षिप्त तथ्य

1. यह भारत के माननीय राष्ट्रपति से प्राप्त निर्देश तारीख 10.11.2015 है जिसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 (जिसे इसमें इसके पश्चात् "जीएनसीटीडी अधिनियम" कहा गया है) की धारा 15(4) के अधीन भारत निर्वाचन आयोग की राय इस प्रश्न पर मांगी गई है कि क्या दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र (जिसे इसमें इसके पश्चात् "एनसीटी" कहा गया है) की विधान सभा के श्री प्रवीण कुमार और बीस अन्य सदस्य, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम की धारा 15(1)(क) के अधीन, उस सभा के सदस्य होने के लिए निरर्हता से ग्रस्त हो गए हैं। विधान सभा सदस्यों और उनके पदों के नाम निम्नानुसार हैं:--

क्रम सं.	विधान सभा सदस्य का नाम	निम्नलिखित का संसदीय सचिव
1.	श्री. आदर्श शास्त्री	सूचना और प्राद्योगिकी मंत्री
2.	सुश्री. अल्का लांबा	पर्यटन मंत्री
3.	श्री अनिल कुमार वाजपेयी	स्वास्थ्य मंत्री (पूर्वी)
4.	श्री अवतार सिंह	गुरुद्वारा निर्वाचन मंत्री
5.	श्री जरनैल सिंह (रजौरी गार्डन)*	विद्युत मंत्री
6.	श्री जरनैल सिंह (तिलक नगर)	विकास मंत्री
7.	श्री कैलाश गहलोत	विधि मंत्री
8.	श्री मदन लाल	सतर्कता मंत्री
9.	श्री मनोज कुमार	खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री
10.	श्री नरेश यादव	श्रम मंत्री
11.	श्री नितिन त्यागी	महिला और बाल तथा समाज कल्याण मंत्री
12.	श्री प्रवीण कुमार	शिक्षा मंत्री
13.	श्री राजेश गुप्ता	स्वास्थ्य मंत्री (उत्तरी)
14.	श्री राजेश ऋषि	स्वास्थ मंत्री (दक्षिणी)
15.	श्री संजीव झा	परिवहन मंत्री
16.	सुश्री सरिता सिंह	रोजगार मंत्री
17.	श्री शरद कुमार चौहान	राजस्व मंत्री
18.	श्री शिव चरण गोयल	वित्त मंत्री
19.	श्री सोम दत्त	उद्योग मंत्री
20.	श्री सुखबीर सिंह दलाल	भाषा और अनु.जाति/अनु.जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग मंत्री
21.	श्री विजेन्द्र गर्ग विजय	लोक निर्माण विभाग मंत्री
*	*रजौरी गार्डन के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से श्री जरनैल सिंह, विधान सभा सदस्य ने 17.01.2017 को त्याग पत्र दे दिया था और अप्रैल, 2017 में हुई इस रिक्ति को भरने के लिए उपनिर्वाचन हुए थे और इसलिए, उसकी निरर्हता पर कोई प्रश्न ही नहीं है।*	

2. उक्त निर्देश में, भारत के राष्ट्रपति के समक्ष उक्त विधान सभा सदस्यों की निरर्हता का प्रश्न श्री प्रशांत पटेल (जिसे इसमें इसके पश्चात् "याची" कहा गया है) द्वारा फाइल की गई तारीख 19.06.2015 की याचिका के कारण उठा था जिसके

द्वारा याची ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार के मंत्रियों के संसदीय सचिवों के रूप में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार के अधीन लाभ का पद धारण करने के आधारों पर दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम की धारा 15(1)(क) के अधीन दिल्ली विधान सभा के श्री प्रवीण कुमार और बीस सदस्यों (जिन्हे इसमें इसके पश्चात् "प्रत्यर्थी" कहा गया है) की निरर्हता की मांग की है।

3. प्रत्यर्थियों को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार के आदेश तारीख 13.03.2015 दिल्ली सरकार के मंत्रियों के संसदीय सचिवों के रूप में नियुक्त किया गया था। याची ने 22.06.2015 को भारत के माननीय राष्ट्रपति के समक्ष तारीख 19.06.2015 की याचिका फाइल की थी। उसके पश्चात् दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार ने 23.06.2015 को दिल्ली विधान सभा सदस्य (निरर्हता का हटाना) (संशोधन) विधेयक, 2015 पुर:स्थापित किया था। विधेयक 24.06.2015 को दिल्ली विधान सभा द्वारा पारित किया गया था। तथापि, भारत के माननीय राष्ट्रपति ने 07.06.2016 को इस विधेयक को अनुमति देने से इंकार कर दिया था। दिल्ली विधान सभा सदस्य (निरर्हता का हटाना) (संशोधन) विधेयक, 2015 का उद्देश्यों और कारणों का कथन निम्नानुसार है:

"उद्देश्यों और कारणों का कथन

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम,1991 की धारा 15 की उपधारा (1) का खंड (क) यह उपबंध करता है कि कोई व्यक्ति, विधान सभा का सदस्य चुने जाने के लिए और सदस्य होने के लिए निरर्हित होगा यदि वह भारत सरकार या किसी राज्य की सरकार या संघ राज्यक्षेत्र की सरकार के अधीन ऐसे पद को छोड़कर जिसको धारण करने वाले का निरर्हित न होना संसद् या किसी राज्य के विधान-मंडल या दिल्ली विधाना सभा या किसी अन्य संघ राज्यक्षेत्र द्वारा बनाई गई विधि द्वारा घोषित किया है, कोई लाभ का पद धारण करता है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम,1991 की धारा 15 के उपबंध अधिक या कम क्रमश: संसद् के किसी भी सदन या राज्य के विधान-मंडल के किसी भी सदन की सदस्यता के लिए निरर्हता से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 102 और अनुच्छेद 191 में के उपबंधों के अनुरूप हैं ।

1997 में, दिल्ली विधान सभा ने दिल्ली विधान सभा सदस्य (निरर्हता का हटाना) अधिनियम, 1997 (1997 का दिल्ली अधिनियम 6) नाम से ज्ञात एक विधि कुछ पदों को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की विधान सभा के सदस्य को चुने जाने के लिए या सदस्य होने के लिए निरर्हता से निरर्हित होने के लिए छूट प्रदान करने के उद्देश्य से अधिनियमित की थी।

उक्त अधिनियम से संलग्न अनुसूची क्रम संख्या 7 पर उल्लिखित मुख्यमंत्री के संसदीय सचिव के पद के अतिरिक्त, मंत्री के संसदीय सचिव का पद भी सम्मिलित किया जाना है। यह घोषित करने के लिए दिल्ली विधान सभा (निरर्हता का हटाना) अधिनियम, 1997 का संशोधन करना आवश्यक समझा गया था कि दिल्ली विधान सभा सदस्य (निरर्हता का हटाना) अधिनियम, 1997, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्री का पद निरर्हित नहीं होगा और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की विधान सभा का सदस्य चुने जाने के लिए या सदस्य होने के लिए कभी भी निरर्हित हुआ नहीं समझा जाएगा। तदनुसार, इन आशयों को प्रभावी करने के लिए उक्त अधिनियम की अनुसूची का संशोधन करने का प्रस्ताव है।

विधेयक पूर्वोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए है"।

4. वर्तमान मामले में कार्यवाहियां 24.06.2016 को प्रारंभ हो गई थीं जिसके द्वारा आयोग ने इस मामले में पक्षकारों के रूप में मुकदमा चलाने के लिए कतिपय तृतीय पक्षकारों द्वारा फाइल किए गए हस्तक्षेप आवेदनों पर विचार किया था। सभी संबंधित पक्षकारों को 14.07.2016 तथा 21.07.2016 को सुना गया था और इन आवेदनों का निपटान करने वाला आदेश 26.07.2016 को पारित किया गया था। आयोग ने आदेश तारीख 26.07.2016 (उपाबंध 1, पृष्ठ ..... से .....) द्वारा यह अभिनिर्धारित किया कि निर्देश के पक्षकारों पर राष्ट्रपतीय निर्देश द्वारा निर्णय किया गया है और इसलिए मुकदमा चलाने के लिए आवेदन चलाने योग्य नहीं है।

5. तत्पश्चात् 10.08.2016, 19.08.2016 और 29.08.2016 को सुनवाइयां की गई थीं जिसके द्वारा प्रत्यर्थियों ने ऐसी निरर्हता के असंगत प्रश्नों को उठाए जाने के लिए आयोग के तारीख 04.12.2015 की सूचना के उत्तर में याची द्वारा फाइल किए गए तारीख 28.12.2015 के उत्तर को, जिसको उन्होंने 'द्वितीय याचिका' कहा है, चुनौती दी थी। आयोग ने तारीख 16.09.2016 के आदेश (उपाबंध 2, पृष्ठ .....से .....) द्वारा इस प्रारंभिक मुद्दे पर विनिश्चय किया था जिसके द्वारा आयोग ने यह अभिनिर्धारित किया कि याची द्वारा उसके अपने उत्तर में उठाए गए प्रश्न उसकी तारीख 19.06.2015 की मूल याचिका में उठाए गए प्रश्नों को मात्र दोहराना था। तथापि, प्रत्यर्थियों द्वारा उठाए गए आक्षेपों को ध्यान मे रखते हुए, आयोग ने याची द्वारा फाइल किए गए उत्तर से कुछ पैराओं को हटाने का आदेश दिया था और याची द्वारा फाइल किए गए कुछ दस्तावेजों को अभिलेख पर न लेने के लिए निदेश दिया था और विषय पर अंतिम सुनवाई के लिए तारीख नियत की थी।

6. जब वर्तमान निर्देश के अधीन कार्रवाहियां आयोग के समक्ष चल रहीं थीं तब उक्त नियुक्ति के आदेश तारीख 13.03.2015 को चुनौती देने वाली राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा बनाम दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार और अन्य नामक 2015 की रिट याचिका (सिविल) सं0 4714 माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष फाइल की गई थी। माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने तारीख 08.09.2016 के आदेश द्वारा तारीख 13.03.2015 के उक्त नियुक्ति आदेश को इस आधार पर अपास्त कर दिया था कि इसे उप राज्यपाल को उसके अभिमतों । सहमति के लिए सरकार के विनिश्चय को संसूचित किए बिना पारित किया गया था। उच्च न्यायालय का आदेश निर्देश की सुविधा के लिए नीचे दोहराया गया है:--

"1. जनहित मुकदमा के माध्यम से यह याचिका दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार के मंत्रियों के संसदीय सचिवों के रूप में उसमें नामित दिल्ली विधान सभा के सदस्यों को नियुक्त करने वाले तारीख 13.03.2015 के दिल्ली सरकार के आदेश को चुनौती देते हुए फाइल की गई थी।

2. चुनौती के आधारों में से एक आधार यह है कि उक्त आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 239कक के अपेक्षानुसार उप राज्यपाल को उसके अभिमतों/सहमति के लिए विनिश्चय संसूचित किए बिना पारित किया गया था।

3. रिट याचिका (सिविल) सं0 5888/2015 और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार बनाम भारत सरकार और अन्य नामक बैच में इस न्यायालय ने निर्णय तारीख 04.08.2016 द्वारा उसी मुद्दे पर विचार करते हुए यह अभिनिर्धारित किया कि-- "उन विषयों, जिनके संबंध में विधि बनाने की शक्ति संविधान के अनुच्छेद 239कक के खंड (3)(क) के अधीन दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की विधान सभा को प्रदत्त की गई है, के संबंध में भी सांविधानिक स्कीम के अधीन मंत्रि-परिषद् का विनिश्चय उप राज्यपाल को संसूचित करना अनिवार्य है और केवल आदेश वहां जारी किया जा सकता है जहां उप राज्यपाल भिन्न अभिमत नहीं अपनाता है और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार के कारबार संव्यवहार नियम, 1993 के अध्याय 5 के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद 239कक के खंड (4) के परंतुक के अनुसार केन्द्रीय सरकार को कोई निर्देश अपेक्षित नहीं है।"

4. याची का विनिर्दिष्ट अभिवाक् कि तारीख 13.03.2015 का आक्षेपित आदेश उप राज्यपाल को उसके अभिमतों/सहमति के लिए विनिश्चय संसूचित किए बिना पारित किया गया था, प्रत्यर्थियों की ओर से पेश हुए विद्वान काउंसलों द्वारा इसका विरोध नहीं किया गया है।

5. अत:, में याची के विदवान काउंसेल के निवेदन में बल दिखाई नहीं पड़ता है कि मुद्दा दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार बनाम भारत संघ और अन्य नामक बैच में किए गए विनिश्चय के अंतर्गत पूर्णतया आता है। तदनुसार, रिट याचिका में उठाए गए अन्य प्रतिवादों का अध्ययन किए बिना, तारीख 13.03.2015 का आक्षेपित आदेश अपास्त किया जाता है।

तदनुसार, रिट याचिका अनुज्ञात की जाती है। कोई लागत नहीं ।

मुख्य न्यायमूर्ति

संगीता धींगरा सहगल, न्यायमूर्ति।

8 सितंबर, 2016/वीएलडी"

7. आयोग ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार से प्रत्यर्थी विधान सभा सदस्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी थी और इसे पत्र सं0 फा.सं.एफ-17/57/2012/जीएडी/प्रधान सचिव/4034 तारीख 20.09.2016 द्वारा 2500 पृष्ठों के समर्थनकारी दस्तावेजों के साथ प्राप्त किया गया था। 23.09.2016 को हुई सुनवाई में पक्षकारों ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार द्वारा फाइल किए गए उक्त उत्तर की प्रति के लिए अनुरोध किया था। इसकी एक प्रति सभी प्रत्यर्थियों को परिदत्त की गई थी और याची को व्यक्तिगत रूप से भारत निर्वाचन आयोग के पत्र तारीख 29.09.2016 द्वारा तथा पक्षकारों से इसके लिए उनके उत्तर 07.10.2016 और 14.10.2016 को या उससे पहले प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। प्रत्यर्थियों ने 17.10.2016 को अपना उत्तर प्रस्तुत किया और याची ने 24.10.2016 को अपना प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया था।

8. अपने निवेदनों में और 15.11.2016, 22.11.2016, 07.12.2016, 16.12.2016 और 27.03.2017 को आयोग के समक्ष हुई सुनवाइयों में प्रत्यर्थियों ने इस आधार पर वर्तमान निर्देश मामले की संपोषणीयता के बारे में प्रारंभिक आक्षेप उठाए थे कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तारीख 08.09.2016 के आदेश के पारित किए जाने के पश्चात्, जिसके द्वारा उच्च न्यायालय ने तारीख 13.03.2015 के नियुक्ति आदेश को अपास्त किया है, अभिकथित निरर्हता का प्रश्न ही नहीं उठता है।

9. आयोग के समक्ष संचालित कार्यवाहियों के दौरान और उनके लिखित निवेदनों में, प्रत्यर्थियों ने यह प्रतिवाद किया कि संसदीय सचिवों का पद माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के पश्चात् अस्तित्वहीन हो गया है और निर्देश मामला निष्फल और निष्प्रभावी हो गया है और यह कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने नियुक्ति आदेश को अपास्त करके इसे अवैध, असंवैधानिक तथा आरंभ से ही शून्य के रूप में घोषित किया है जिसका अभिप्राय यह है कि अभिकथित निरर्हता के लिए एकमात्र आधार विद्यमान नहीं है । प्रत्यर्थियों के अनुसार, उच्च न्यायालय के आदेश का आवश्यक उपसिद्धांत यह है कि संसदीय सचिवों का "पद कभी भी विद्यमान नहीं था और, इस प्रकार, किसी लाभ और पारिणामिक निरर्हता का प्रश्न ही नहीं उठता है।

10. आयोग के समक्ष संचालित कार्यवाहियों के दौरान और अपने लिखित निवेदनों में याची ने यह निवेदन किया है कि उच्च न्यायालय के आदेश के पश्चात् संसदीय सचिवों के पद की अस्तित्वहीनता के बारे में प्रत्यर्थी का प्रतिवाद गलत है। याची द्वारा यह प्रतिवाद किया गया है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने केवल नियुक्ति आदेश को 'अपास्त' किया है और इसे "आरंभ से ही शून्य" होना अभिनिर्धारित नहीं किया है। याची ने पंजाब राज्य बनाम गुरुदेव सिंह [(1991)4 एसएसी 1] में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय का भी उल्लेख किया है जो पंजाब राज्य के पुलिस पदाधिकारी की बरखास्तगी से संबंधित है, जिसमें शीर्ष न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि:

"5 यदि कोई अधिनियम शून्य या अधिकारातीत है, इसे इस प्रकार घोषित करना न्यायालय के लिए यह पर्याप्त है और यह स्वत:ही समाप्त हो जाता है। इसे अपास्त किए जाने की आवश्यकता नहीं है। व्यथित पक्षकार मात्र घोषणा की मांग कर सकता है कि यह शून्य है और उस पर आबद्धकर नहीं है। कोई घोषणा मात्र कार्यों की विद्यमान स्थिति की घोषणा करती है और उसको अभिखंडित नहीं करती है जिससे कि कार्यों की एक नई स्थिति उत्पन्न हो सके।

6. किन्तु फिर भी आक्षेपित बर्खास्तगी आदेश में कम से कम यह तब तक वस्तुत: प्रवर्तन में नहीं होती है जब तक इसे सक्षम निकाय या न्यायालय द्वारा शून्य या अकृतता के रूप में घोषित नहीं किया जाता है।" (बल दिया गया है)

11.याची ने यह प्रस्तुत किया कि किसी अन्य प्रतिकूल अभिव्यक्ति की अनुपस्थिति में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तारीख 8.9.2016 कोक पारित आदेश केवल सुनाए जाने की तिथि से भूतलक्षी रूप में प्रभआवी होगा, जो 8.9.2016 है । उन्होंने राजस्थान उच्च न्यायालय के छोती लाल बनाम राज बहादूर (ए.आई.आर. राज. 227) के निर्णय को भी निर्दिष्ट किया है, जिसमें यह कहा गया था कि यद्यपि नियुक्ति अनियमित थी, जिसे अनुच्छेद 102 के अधीन एक व्यक्ति निर्हरता से नहीं बच सकेगा । याची ने आगे यह कहा कि प्रतिवादी विधानसभा सदस्यों को निरर्ह ठहराया जा सकेगा, यदि वे एक मिनट के लिए भी पदधारित किए थे । चूंकि, वर्तमान मामले में, प्रतिवादी न अपनी नियुक्ति की तिथि से लाभ प्राप्त किया है, जो 13.3.2015 से 8.9.2016 तक जो दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्ति को रद्द करने का आदेश दिया गया था । ऐसे पद को धारण करने वाले व्यक्ति को निरर्हता को तब से माना जाएगा जब उसने लाभ का पद प्राप्त किया ।

12. आयोग ने 23.6.2017 के आदेश के अनुसार यह देखा कि दिल्ली सरकार के नियुक्ति आदेश का परिशीलन यह दर्शाता है कि उक्त आदेश द्वारा दिल्ली सरकार के मंत्रियों के संसदीय सचिवों के रूप में प्रतिवादियों की नियुक्ति की गई थी । उस पूरे आदेश में कहीं भी यह उल्लिखित नहीं है कि दिल्ली सरकार के आदेश द्वारा संसदीय सचिवों के किसी पद को सृजित किया गया । यह आदेश प्रतिवादियों को केवल संसदीय सचिवों के रूप में नियुक्ति के बारे में कहता है । यह एक पूर्वानुमान है कि संसदीय सचिवों का पद या तो पहले से ही विद्यमान थे सरकार द्वारा पृथकतः सृजित किए गए थे, जो इन नियुक्तियों को 13.3.2015 को सरकार द्वारा सृजित किए गए थे । आयोग,माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के 8.9.2016 के आदेश में कुछ भी नहीं पाया कि न्यायालय ने केवल प्रतिवादियों की नियुक्ति को रद्द किया है, बल्कि संसदीय सचिवों के पद के सृजन को भी । प्रतिवादियों का यह तर्क है कि तारीख 8.9.2016 के माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार संसदीय सचिवों का पद 13.3.2015 से प्रारंभतः अस्तित्वहीन हो गया है, अतः स्वीकार्य नहीं है । यह प्रकटतः और पूर्णतः स्पष्ट है कि तारीख 8.9.2016 के उच्च न्यायालय के आदेश द्वारा केवल प्रतिवादियों की संसदीय सचिवों के रूप में की गई नियुक्ति को रद्द किया गया है और यह किसी अन्य निर्वचन को स्वीकार नहीं करता है । यदि प्रतिवादी इस तर्क में सफल थे कि माननीय उच्च न्यायालय संसदीय सचिवों के पद के सृजन को रद्द करता है, तो सिद्धि का भार कि प्रतिवादियों पर है जिसे वे उसे पूरा करने में असफल हो गए हैं । याचिकाकर्ता अपने तर्क में सही है कि आयोग, माननीय उच्च न्यायालय के आदेश में कोई शब्द जोड़ या घटा नहीं सकता है, जैसाकि प्रतिवादियों द्वारा कहा गया है ।

13. आयोग ने तारीख 23.6.2017 के आदेश करा यह धारित किया कि केवल अनुमान है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए तारीख 8.9.2016 के आदेश से वैधता हो सकती है कि यह प्रतिवादियों का संसदीय सचिवों के रूप में केवल नियुक्ति थी, जो तारीख 13.3.2015 के जी.एन.सी.टी.डी. के आदेश द्वारा रद्द किया गया था, न कि संसदीय सचिवों के पद से । वर्तमान मामले में, यह सुस्पष्ट है कि प्रतिवादी, संसदीयसचिवों के पद का तथ्यतः धारणकर्ता थे, हालांकि, एक नियुक्ति

आदेश के तरीके द्वारा,जो प्रक्रियात्मक और कानूनी चूकों से ग्रस्त पाया गया था और अतः माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा रद्द किया गया और इसीलिए उनकी निरर्हता का प्रश्न पोषणीय है ।

14. आयोग के उपर्युक्त नोट किए गए आदेश को प्रतिवादियों द्वारा 2017 की रिट याचिका (सिविल) संख्या 6632, 6633 और 6635-6638 के माध्यम से माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई । जिसमें, आज तक कोई स्थगनादेश पारित नहीं किया गया, इस आयोग ने यह निर्णीत किया कि इस संदर्भित मामले में जांच के संचालन की प्रक्रिया की जाने और इसकी राय की विरचना की जाए । पक्षकारों द्वारा उठाएगए प्रारंभिक मुद्दे और उसके न्यायनिर्णयन ।

15. आयोग,तारीख 28.9.2017 के पत्र द्वारा पक्षकारों को नोटिस जारी करके उन्हें जी.एन.सी.टी.डी. द्वारा फाइल किए गए दस्तावेजों के लिखित उत्तर के ब्यौरे देने के लिए बुलाया गया और नोटिस में आगे यह नोट किया गया कि यदि प्रतिवादी, अपने लिखित तर्क देने में असफल रहते हैं, तो आयोग यह मान लेगा कि इस मामले में उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है और आयोग, इसके उपलबध अभिलेखों के साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर प्रतिवादी के किसी आगे के निर्देशों के बिना मामले का निर्णय करेगा ।

16. प्रतिवादियों ने 16.10.2017 को अपना जवाब प्रस्तुत किया और याची ने 23.10.2017 को इसके जवाब में अपना प्रत्युत्तर प्रस्तुतकिया । प्रतिवादियों ने इसके जवाब में यह प्रस्तुत किया कि तारीख 28.9.2017 का उक्त पत्र आयोग द्वारा जवाबों की अनभिज्ञता में जारी किया गया है और प्रतिवादियों द्वारा पूर्व में प्रार्थनापत्र फाइल किया गया है ।उन्होंने आगे यह प्रस्तुत किया कि, तब भी, इन विषयों को केवल आयोग द्वारा विचार किया जाएगा, यदि उच्च न्यायालय के प्रतिवादियों द्वारा फाइल की गई याचिका को रद्द कर देता है ।

17. अपने लिखित जबाव में प्रतिवादियों ने यह प्रस्तुत किया कि चूंकि उच्च न्यायालय पहले ही निर्णीत कर चुका है कि संसदीय सचिव के पद पर उनकी हुई नियुक्ति अवैध और शून्य है, और चूंकि प्रतिवादियों की याचिका आयोग द्वारा जारी किए गए आदेश को चुनोती दी गई है, जो उच्च न्यायालय के समक्षलंबित है, सम्पूर्ण दस्तावेजी साक्ष्य के साथ लिखित कर्तकों को फाइल करने की प्रक्रिया अब तक नहीं पहुंची है और न ही आवश्यक है ।

18. प्रत्यर्थियों ने यह और दलील दी कि चूंकि तारीख 23.1.2017 के आयोग के आदेश न्यायाधीन है, प्रत्यर्थियों ने आयोग से प्रार्थना की कि वह उस विषय में कोई सुनवाई न करे क्योंकि वह निरर्थक हो जाएगी यदि उच्च न्यायालय याचिका का निर्णय प्रत्यर्थियों के पक्ष में देता है ।

19. प्रत्यर्थियों ने यह और दलील दीकि आयोग ने तारीख 23.6.2017 के आदेश द्वारा पोषणीयता के मुद्दे का विनिश्चय किया, तथापि कुछ अन्य प्रारंभिक मुद्दे शेष है, जिनका विनिश्चय किया जाना है और मामले के गुणागुण को उनका विनिश्चय किए जाने से पूर्व नहीं सुनाजा सकता है । प्रत्यर्थियों ने विनिर्दिष्टता आयोग का ध्यान अपने प्रत्युत्तर की और आकृष्ट किया जिसमें उन्होंने यह आक्षेप किया था कि विधि की दृष्टि में तारीक 10.11.2015 का निर्देश कोई निर्देश नहीं है ।

20. प्रत्यर्थियों ने आगे यह दलील दी कि उसके पास अधिकार है और अतः वे याचिकाकर्ता/परिवादी का समुचित चरण पर प्रति-परीक्षा की मांग करते हैं ।

21. प्रत्यर्थियों ने आगे यह दलील कि मीडिया रिपोर्ट के माध्यम से प्रत्यर्थी यह जान पाए कि निर्वाचन आयुक्त इस मामले की सुनवाई से स्वयं को बचा रहे हैं और इस तथ्य के आलोकर में यह स्पष्ट नहीं है मामले की सुनवाई का कोरम कैसे होगा । चूंकि प्रत्यर्थियों के महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार अंग्निदंड है, यह मामला पूर्ण कोरम द्वारा सुना जाना आवश्यक है ।

22. प्रत्यर्थियों की दलील यह प्रकट करती है कि आयोग के समक्ष पहले से ही दी गई दलील में आगे और कुछ जोड़ने के लिए नहीं है ।

23. प्रत्यर्थी कोई नया और विशिष्ट प्राथमिक मुद्दा उठाने में असफल हो चुका है, जो कि इस मामले में अंतिम राय देने के पहले निर्णीत किया जाने वाला है और तारीख 23.6.2012 के आयोग के आदेश के संचालन के किसी स्थगनादेश की अनुपस्थिति में, वर्तमान आदेश में जारी रहने में कोई विधिक बाधा नहीं है ।

24. याची/परिवादी की प्रति-परीक्षा के लिए प्रत्यर्थियों द्वारा मांग किए जाने पर, यह पाया गया कि निर्दिष्ट मामलों में परवादी ह्वीसल ब्लोवर के समान है और उनकी प्रति-परीक्षा की अनुमति दिया जाना विधि की प्रक्रिया का मजाक बनाएगा । इसके अतिरिक्त, परिवादी की प्रतिपरीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है कि वह न तो अपने वैयक्तिक रूप से पदीय क्षमता में कोई सूचना देने की स्थिति में है, जहां वह अपने परिवाद पर विश्वास करता है न ही उस प्रक्रिया में वह एक साक्षी है । अतः शिकायतकर्ता की प्रति-परीक्षा की आवश्यकता नहीं है और यह मांग अनावश्यक विलंब करने वाली मानी जाएगी ।

25. श्री ओम प्रकाश रावत ने इस मामले को पहले की तैनातियों के दौरान कुछ राजनीतिक नेताओं के साथ उनके संगम के निराधार आरोपों के कारण स्वयं को इस मामले की सुनवाई करने से अलग कर लिया । तथापि, मुख्य निर्वाचन आयुक्त की पहल पर वह इस मामले की जांच करने के लिए और निर्वाचन आयुक्त के पद पर श्री सुनील अरोड़ा के साथ 1.9.2017 से सम्मिलित होने के लिए तैयार हो गए । इस राय को देने के लिए एक पूर्ण गणपूर्ति उपलब्ध हो गई थी चूंकि यह अभिलेख पर उपलब्ध सभी दलीलों और दस्तावेजों की जांच पर आधारित था । यह भी एक तथ्य है कि एक निर्वाचन आयुक्त के विरुद्ध निराधार आरोप लगाने के पश्चात्, जिसका परिणाम उनके द्वारा स्वयं को अलग करने के रूप में हुआ । प्रत्यर्थियों ने यह विशिष्ट दलील दी कि आयोग पूर्ण गणपूर्ति के अभाव में इस मामले में अग्रसर नहीं हो सकता है । प्रत्यर्थियों का पूर्वोक्त कृत्य इस बात का साक्ष्य है कि उनका आशय और मंतव्य यह सुनिश्चित करना था कि वर्तमान मामला और आगे नहीं बढे । तथापि, यह नोट करना सुसंगत है कि निर्वाचन आयोग (निर्वाचन आयुक्तों की सेवा शर्तें और कारबार का संव्यवहार) अधिनियम, 1961 की धारा 10 के अनुसार आयोग को अपने कारबार का संव्यवहार करने के लिए प्रक्रिया को विनियमित करने के लिए पूर्ण स्वायत्ता है और ऐसा विनिश्चय बहुमत द्वारा या एकमत रूप से भी लिया जा सकता है । लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 146ख के अनुसार भी आयोग को अपनी प्रक्रिया का विनिश्चय करने के लिए पूर्ण स्वायत्ता है । अत: यह आवश्यक नहीं है कि यदि कोई निर्वाचन आयोग स्वयं को यहां तक कि भागत: किसी जांच और सुनवाई से किसी मामले में अलग करता है तब ऐसे विशिष्ट संदर्भ मामले में कोई राय आयोग के शेष सदस्यों द्वारा विरचित नहीं की जा सकती है । विधि की ऐसी स्थिति विद्यमान नहीं है और यह बहुत खतरनाक है क्योंकि किसी मामले में कोई हित रखने वाला पक्षकार किसी आधारहीन पक्षपात के आरोप को किसी एक या अन्य निर्वाचन आयेाग के विरुद्ध लगा सकता है और तब ऐसे मामले का विनिश्चय ऐसे निर्वाचन आयोग की सेवानिवृत्त तक नहीं किया जा सकता है । ऐसी स्थिति न केवल निर्वाचन आयोग के कार्य को पंगु करेगी किंतु विधि के उपबंधों को भी अकार्य बना देगी ।

26. चूंकि प्रत्यर्थियों ने मामले के गुणागुण पर कोई सारवान दलील नहीं दी है, आयोग ने पक्षकारों को दूसरे नोटिस की अंतिम अवसर के रूप में तारीख 2.11.17 के पत्र द्वारा पक्षकारों को जीएनसीटीडी द्वारा पूर्ति की गई सूचना के संबंध में प्रत्यर्थियों द्वारा धारित लाभ के पद से संबंधित तथ्यों की बाबत तामील की और प्रत्यर्थियों ने तारीख 20.11.17 के प्रत्युत्तर में उन्होंने उनके 16.10.17 के प्रत्युत्तर में दी गई दलीलों को दोहराया तथा याचियों ने 15.12.2017 को अपनी लिखित दलीलें फाइल की ।

27. ऐसी परिस्थितियों में जहां प्रत्यर्थियों ने स्पष्ट रूप से यह कथन किया है कि उन्होंने पहले ही अपनी दलील दी है कि वे कोई और दलील जीएनसीटीडी द्वारा उपलब्ध कराए गए ब्यौरों पर उन्हें अनेक अवसर प्रदान करने और काफी समय बीत जाने के बावजूद नहीं दी है, यह प्रतीत होता है कि उनके पास कहने के लिए और कुछ नहीं है । इसलिए, आयोग ने इस विषय में कार्यवाहियों को समाप्त करने का और वर्तमान निर्देश पर अपनी राय देने का विनिश्चय किया है ।

गुणागुण के आधार पर पक्षकारों द्वारा दी गई दलीलें

28. याची ने यह दलील दी कि प्रत्यर्थियों की यह दलील कि संसदीय सचिव के पद को केवल इस कारण से 'लाभ का पद' नहीं कहा जा सकता कि उसमें कोई धनीय या वित्तीय फायदा नहीं है, किसी गुणागुण या सार से रहित है । 'लाभ का पद' एक तकनीकी पद है, जिसको संविधान या किसी विधि में परिभाषित नहीं किया गया है और विभिन्न न्यायालय के निर्णय में कतिपय जांच और कारकों की पहचान यह अवधारित करने के लिए की है कि 'लाभ का पद' क्या गठित करता है, जिनका सारांश नीचे दिए अनुसार है :

(i) क्या उक्त एमपी या एमएलए कोई पद धारण करता है ?

(ii) क्या वह एक ऐसा पद है, जिस पर लाभ अर्जित होता है ?

(iii) क्या पद सरकार के अधीन है ?

(iv) क्या पद धारक किन्हीं कार्यपालक कृत्यों का निर्वहन करता है ?

(v) क्या सरकार ने एक विधि अधिनियमित करके उस पद के धारक को निरर्हता से छूट प्रदान की है ?

(vi) क्या सरकार ने नियुक्ति की है ?

(vii) क्या सरकार को पद धारक को पद से हटाने या पदच्युत करने का अधिकार है ?

(viii) क्या सरकार पारिश्रमिक का संदाय करती है ?

(ix) पद धारक के क्या कृत्य हैं ?

(x) क्या सरकार कृत्यों के निष्पादन पर किसी नियंत्रण का निर्वहन का प्रयोग करती है ?

(xi) क्या पद के कर्तव्यों और वैयक्तिक हित के बीच किसी दंद्ध की संभावना है ?

29. याची ने दलील दी है कि प्रत्यर्थी पूर्वोक्त सभी जांच में असफल हुए हैं सिवाय धनीय लाभ की जांच के, जो एक महत्वपूर्ण जांच है किंतु वह केवल एकमात्र जांच नहीं है और चूंकि संसदीय सचिव का पद दिल्ली संघ राज्यक्षेत्र की सरकार के अधीन एक पद था और यह लाभ अर्जित करने में सक्षम था, इसे 'लाभ का पद' अवश्य घोषित किया जाना चाहिए और इस संबंध में उसने माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा एम रमप्पा बनाम संगप्पा [एआईआर 1958 एससी 937 ; 1959 एससीआर 1167] में किए गए निम्नलिखित पर्यवेक्षण का अवलंब लिया है :

"कोई 'लाभ का पद' एक ऐसा पद है, जो लाभ या धनीय अभिलाभ अर्जित करने में सक्षम है । दूसरी ओर यदि किसी पद से वास्तव में लाभ उदभूत नहीं होता है तो इस बात के होते हुए भी कि लाभ कैसे उदभूत होता है वह एक लाभ का पद है"।

30. याची ने एमएन कौल एंड एसएच सकधर, की प्रसिद्ध पुस्तक, जिसे सबसे पहले लोक सभा सचिवालय में 2001 में प्रकाशित किया था और उसका शीर्षक "संसद् की पद्धति और प्रक्रिया : लोक सभा के विशेष संदर्भ में, का अवलंब लिया जिसका प्राय उद्धरण लिया जाता है और उस पर भारतीय विधान मंडलों से संबंधित मामलों में निर्भर किया जाता है । विशेषतया याची ने निम्नलिखित उद्धरणों का अवलंब लिया है :"

"इस बात की जांच करने के लिए कि क्या कोई पद लाभ का पद है या नहीं । केवल परिलब्धियां ही नहीं जिसे कोई एमएलए प्राप्त करता है या संभवत: वह प्राप्त करेगा यदि वह उस पद को धारण करता है, को उस प्रश्न का अवधारण करने के लिए ही नहीं देखा जाना चाहिए । मामले के अन्य परिप्रेक्ष्य जैसे प्रास्थिति, शक्ति या संरक्षकता, जो उस पद का धारक उपयोग करता है, भी ऐसे सुसंगत कारक हैं, जिन्हें लेखें में लिया जाना चाहिए । तथापि, धारक को कोई धनीय फायदा न हो । [...] लाभ का साधारणतया निर्वचन धनीय अभिलाभ के अर्थ में किया जाता है । किंतु कुछ मामलों में धनीय लाभ से भिन्न फायदें भी उसके अर्थ के अंतर्गत आते हैं [...] 'लाभ पद' का अनिवार्यता अर्थ नकद में कोई पारिश्रमिक नहीं है किंतु नि:संदेह इसका अर्थ किसी प्रकार की संरक्षता या अभिलाभ है, जो मूर्त है या जिसे अनुभव किया जा सकता है" [2009 संस्करण, पृष्ठ 78-79] [याची द्वारा बल की पूर्ति की गई है]।

31. याची ने यह और दलील दी कि 26.02.2015 को उप मुख्यमंत्री ने सचिव से मुख्यमंत्री को नीचे दिए गए अनुसार संसूचित करते हुए एक नोट भेजा : "यह विनिश्चय किया गया है कि निम्नलिखित माननीय एमएलए (21) को संबंधित मंत्रियों का संसदीय सचिव नियुक्त किया जाए"। तथापि, उक्त नोट इस संबंध में पूर्णतया मौन था कि यह विनिश्चय किसने लिया, कब लिया और विनिश्चय कैसे लिया गया, वह पृष्ठभूमि, जिसमें ऐसेविनिश्चय की आवश्यकता पड़ी, एमएलए का नियुक्ति के लिए कैसे चयन किया गया था, क्या वह मंत्री, जिनके साथ ऐसे एमएलए की संसदीय सचिवों के रूप में नियुक्ति की गई थी, से परामर्श आदि किया गया था ।

32. याची ने यह निवेदन किया है कि तारीख 13.3.2015 को संसदीय सचिवों की नियुक्ति का आदेश अधिसूचित किया गया था और इसमें यह कथित किया गया था कि वह अतिरिक्त उपलब्धियों के हकदार नहीं होंगे, तथापि वे निम्नलिखित दो सुविधाओं के हकदार होंगे :

(i) सरकारी परिवहन (शासकीय कार्य के लिए)

(ii) कार्यालय के लिए स्थान (मंत्री के कार्यालय में)

33. याची ने यह और निवेदन किया है कि यह न तो तारीख 13.3.2015 के नियुक्ति के आदेश में उल्लिखित किया गया है न ही उसके पश्चात् किसी दस्तावेज में कि संसदीय सचिवों के कर्तव्यों की प्रकृति क्या होगी । तारीख 13.3.2015 का आदेश केवल यह कहता है कि संसदीय सचिव मंत्रियों द्वारा समनुदेशित कृत्यों का पालन करेंगे । परिणामस्वरुप, कई संसदीय सचिव, मंत्रियों के कमरों में, बैठकों में उपस्थित हुए हैं, जिसमें से कुछ पुनर्विलोकन बैठकें या सलाहकारी या परामर्शी प्रकृति की बैठकें थीं । कुछ बैठकों में, नीति बनाने के या कार्यकारी विनिश्चय किए गए थे और कुछ मामलों में संसदीय सचिवों की अध्यक्षता में समिति ने "विनिश्चय किया" और विचाराधीन विषयों पर सिफारिश नहीं की थी । कुछ मामलों में, मंत्री ने अनुपस्थिति के बावजूद उसकी संवैधानिक बाध्यता अंकित की, संसदीय सचिवों ने ऐसी बैठकों की अध्यक्षता की थी, जहां महत्वपूर्ण विनिश्चय किए गए थे। इस प्रकार, कई मामलों में, संसदीय सचिवों ने मंत्रियों के आवश्यक और संवैधानिक कृत्यों का पालन किया या उन्हें पालन करने की अनुज्ञा दी गई, जो निरर्हता को आकर्षित करता है ।

34. याची ने यह और निवेदन किया है कि यद्यपि एक संसदीय सचिव ने कोई लाभ प्राप्त किया है जो उसके पद को "लाभ का पद" बना देता है तब यह तथ्य इस कोटि में आता है कि संसदीय सचिव का पद "लाभ का पद" के रूप में धारित हैं इस प्रकार

और इसलिए सभी संसदीय सचिव निरर्हित किए जान के लिए दायी होंगे कि उनके सभी पद लाभ प्राप्त करने की संभाव्यता के साथ लाभ के पद थे । याची ने इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के जया बच्चन बनाम भारत संघ (2006) 5सीसी 266 के निर्णय पर भरोसा किया है जहां यह निर्णय दिया गया था कि जहां धनीय लाभ पद के संबंध में "प्राप्त करने योग्य" है वहां वह लाभ का पद हो जाता है।

35. याची ने यह और निवेदन किया है कि दिल्ली सरकार ने वह कमरे और कार्यालय स्थान स्वीकार किए है जो संसदीय सचिवों या विधानसभा सदस्यों को सरकार के विभिन्न विभागों जैसे कि जलबोर्ड, विकास, परिवहन, स्वास्थ्य विभाग आदि, द्वारा आबंटित किए गए थे। वे लोक निर्माण विभाग द्वारा सज्जा सामग्री आदि के साथ सुसज्जित किए गए थे । उपयोगिता बिल जैसे कि बिजली और पानी प्रभार भी सरकार द्वारा संदत्त किए गए थे । संससदीय सचिवों को कार्यालय कमरे इस प्रकार उदारता और लापरवाही के साथ दिए गए थे कि एक संसदीय सचिव ने न केवल एक बल्कि चार सुसज्जित कार्यालय (अर्थात् विधान सभा भवन में एक कार्यालय, सीपीओ भवन में दो कमरे और अरुणाआसिफ अली अस्पताल में एक कमरा) प्राप्त किए थे । यह समझ के परे है कि क्यों इस संसदीय सचिव को विभिन्न स्थानों पर चार कमरों/कार्यालयों की आवश्यकता होनी चाहिए थी और क्यों दिल्ली सरकार ने उन्हें सुसज्जित करने के लिए लोक धन खर्च किया था ।

36. याची ने यह और निवेदन किया है कि प्रारंभ में तारीख 13.3.2015 के आदेश द्वारा संसदीय सचिवों को मंत्री कार्यालय में कमरे दिए गए थे । तथापि तारीख 22.9.2015 के आदेश द्वारा प्रत्यर्थियों को अनन्य रूप से दिल्ली विधान सभा में पदाभिहित कार्यालय दिए गए थे, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग ने लोक राजकोष से 11,75,828 रुपये की रकम खर्च की थी । इसके अतिरिक्त, जीएनसीटीडी ने अपने प्रत्युत्तर के पैरा 10 में यह भी प्रकट किया है कि परिवहन मंत्री ने अपने चार संसदीय सचिवों के लिए कार्यालय कमरे का विनिर्माण करवाया था, केटीएस इंटरकाम, कंप्यूटर आदि लगवाए थे और इसके अतिरिक्त उस पर 3, 73, 871 रुपये की रकम व्यय की गई थी। इसलिए, पीडब्लूडी ने न केवल उक्त कार्यालयों पर सारभूत रकम खर्च की ; लेकिन दिल्ली विधान सभा में अनन्य कार्यालयों के उपबंधों, और 21 संसदीय सचिवों की हकदारियों में विचारणीय वृद्धि भी की थी ।

37. याची ने यह और निवेदन किया है कि दिल्ली सरकार ने उसके पत्र (फा. सं. 18.7.2016 संसदीय सचिव/जीएडी/प्रशा. 428-429) तारीख 11.2.2016 द्वारा उपराज्यपाल को यह सूचित किया था कि "दिल्ली विधान सभा परिसर में संसदीय सचिवों की बैठक की व्यवस्था और कुछ सुविधाएं (विधानसभा सदस्यों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से भिन्न) दिल्ली विधान सभा सचिवालय द्वारा प्रदान की जा सकती है ।" तदनुसार 21 विधानसभा सदस्यों के लिए दिल्ली विधासभा परिसर में कमरे/केबिनों का विनिर्माण किया गया था । 23.9.2015 को विधानसभा सचिवालय ने 21 संसदीय सचिवों का नाम और प्रत्येक को आबंटित कमरा सं. अंतर्विष्ट करने वाला एक कार्यालय आदेश (सं. 16(50)/2014-15/एलएएस/सीपी/5437-5442) जारी किया था ।

38. याची ने यह और निवेदन किया है कि विधान सभा सचिवालय ने संसदीय सचिवों को कमरा आंबटित करने के लिए एक आदेश जारी किया था । विधान सभा सचिवालय ने श्री विवेक गर्ग द्वारा दाखिल आरटीआई आवेदन के प्रत्युत्तर तारीख 27.1.2016 में यह स्वीकार किया था कि कमरे आंबंटित किए गए हैं । तारीख 23 फरवरी, 2016 के पत्र में, विधान सभा सचिवालय ने उपराज्यपाल के सचिव को यह प्रत्युत्तर दिया कि "विधान सभा परिसर में मंत्रियों के संसदीय सचिवों के लिए साज-सज्जा के साथ कुछ कमरे अभिनिश्चित किए हैं" । तथापि भारत निर्वाचन आयोग ने जब जीएनसीटीडी को नोटिस जारी किया तब विधान सभा सचिवालय ने दूसरा आधार लिया ।

39. याची ने यह और निवेदन किया है कि संसदीय सचिवों को दी गई सुविधाएं और भत्ते केवल इस प्रभाव की विधि के अधिनियमन द्वारा प्रदान किया जा सकता था और अन्यथा नहीं । सदस्यों के विभिन्न प्रवर्ग जैसे कि मंत्री विपक्ष के नेता, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और मुख्य सचेतक आदि को सुविधाएं, भत्ते आदि केवल विधायन के द्वारा प्रदान किए गए हैं । तथापि, संसदीय सचिवों को बिना किसी विधि में समर्थन के सुविधाएं और भत्ते प्रदान किए गए थे ।

40. याची ने यह और निवेदन किया है कि तारीख 13.3.2015 का नियुक्ति का आदेश विधान सभा सदस्यों को निम्न प्रदान करता है और उसका हकदार बनाता है –

(क) संबंध मंत्री कार्यालय में कार्य के लिए स्थान और,

(ख) सरकारी परिवहन या चालक सहित कार

परंतु यह उक्त् विधान सभा सदस्यों पर कोई कर्तव्य या उत्तरदायित्व नहीं अधिरोपित करता है। इसलिए, प्रत्यर्थी विधान सभा सदस्यों को बिना कोई कर्तव्य या उत्तरदायित्व समनुदेशित किए कार और कार्यालय स्थान दिया गया था । जीएनसीटीडी द्वारा अपने तारीख 20.9.2016 (पैरा 7) के प्रत्युत्तर में यह तथ्य भी स्वीकार किया गया है, जहां यह स्वीकार

किया गया था कि वहां किसी न आदेश द्वारा, न ही किसी संबद्ध मंत्री द्वारा मंत्री के संसदीय सचिवों द्वारा पालन किए जाने वाले कर्तव्य या कार्य की प्रकृति को विनिर्दिष्ट किया था । जीएनसीटीडी ने यह और स्वीकार किया है कि संसदीय सचिवों के कर्तव्य पहली बार सीडब्लूपी सं. 4714/2015 में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष जीएनसीटीडी द्वारा दाखिल तारीख 6/10/2015 के प्रति शपथ पत्र में साथ ही साथ तारीख 13.06.2015 को भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष जीएडी द्वारा दाखिल आवेदन में स्पष्ट की गई थी, इस प्रकार प्रत्यर्थी एनएलए को प्रदान की गई सुविधाएं जैसे कि कार्यालय का स्थान और सरकारी यान/चालक सहित कार जिसका व्यय, इन संसदीय सचिवों द्वारा पालन किए जाने वाले कर्तव्यों/उत्तरदायित्वों को जाने बिना, लोक राजकोष से किया गया था । इस प्रकार उक्त महत्वपूर्ण प्रसुविधाएं लाभ के पद के सिद्धांत के अधीन यथाविचारित किए गए "लाभ", के समान है । इसके अतिरिक्त, प्रत्यर्थियों को उक्त सुविधा/भत्तों का हकदार बनाना , प्रत्यर्थी विधायकों के कर्तव्य और हित के मध्य मतभेद घटित करने में समर्थ प्रसुविधा थी – ऐसी सुस्पष्ट त्रुटि अनुच्छेद 102/191 और जीएनसीटीडी अधिनियम,1991 कीधारा 15 के अधीन निरर्हता को आकर्षित करती है ।

41. याची ने यह और निवेदन किया है कि पद "लाभ का पद" है कि नहीं इसका परीक्षण करने के लिए वास्तविक परीक्षा यह जांच करना है कि क्या कर्तव्यों और व्यक्तिगत हित के मध्य मतभेद की कोई संभावना है । इस संबंध में उसने माननीय उच्चतम न्यायालय के अशोक कुमार भट्टाचार्य बनाम अजय विश्वास (1985) 1एससीसी 151 द्वारा किए गए अवलोकन पर विश्वास किया है जो निम्नानुसार है :

"16. अनुच्छेद 102(1)(क) के उपबंध के पीछे वास्तविक सिद्धांत यह है कि निर्वाचित सदस्य के कर्तव्य और हितों के मध्य कोई मतभेद नहीं होना चाहिए । सरकार विभिन्न क्षेत्रों में क्रियाकलापों और विभिन्न उपायों को नियंत्रित करती है । परंतु यह निर्णय करना कि सरकार के नियंत्रण के अधीन कोई प्राधिकारी या स्थानीय प्राधिकारियों के कर्मचारी, सरकारी कर्मचारी होत हुए सरकार के अधीन लाभ का पद धारण करते हैं या नहीं, कर्मचारियों के ऊपर सरकार द्वारा किए जाने वाले नियंत्रण के उपाय और प्रकृति प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के प्रकाश में निर्णीत किया जाना चाहिए ताकि उसकी व्यक्तिगत हित और कर्तव्यों के मध्य संभावित मतभेद को टाला जा सके।

20. जैसा कि हमने पूर्व में उल्लेख किया है कि उपबंधों जैसे कि अनुच्छेद 102(1) (क) और अनुच्छेद 191 (1) (क) के उपबंधों को अधिनियमित करने का उद्देश्य यह है कि व्यक्ति जो विधानसभा या संसद के लिए निर्वाचित किया जाता है, वह अपने कर्तव्यों का निडरता से किसी सरकारी दबाव के अधीन हुए बिना निर्वहन करने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए । खंड (क) के अधीन प्रयुक्त पद "सरकारी के अधीन लाभ का पद" एक ऐसी अभिव्यक्ति है जो सरकार के अधीन धारण किए गए पद से अधिक महत्वपूर्ण है जिसे संविधान के भाग 14 के अधीन निपटाया जाता है । स्थानीय प्राधिकारी के ऊपर सरकार द्वारा नियंत्रण के उपाय को कर्तव्य और हित के मध्य संभावित मतभेदों को दूर करने तथा निर्वाचित निकायों की शुद्धता को बनाए रखने के क्रम में निर्णीत किया जाना चाहिए । विभिन्न मामलों की और उत्तर प्रदेश आधार भूत शिक्षा अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं के उपबंधों की, विशेषकर अधिनियम की धारा 13 के संबंध में, समीक्षा करने के पश्चात् कोर्ट ने अंतिम उल्लिखित मामले में यह निर्णय दिया है कि नियंत्रण के उपाय यह थे कि उत्तर प्रदेश शिक्षा बोर्ड जो सरकार से वास्तविक रुप में स्वतंत्र नहीं था और बोर्ड का प्रत्येक कर्मचारी वास्तव में राज्य सरकार के अधीन लाभ का पद धारण कर रहा था । उत्तर प्रदेश आधार भूत शिक्षा अधिनियम, 1972 और धारा 4,6,7,13 और 19 के कथन और उद्देश्य जो सभी इस विनिश्चय के विस्तार में स्थापित किए गएहै इस निष्कर्ष को आरोध्य बनाते हैं ।" (जोर दिया गया है)

42. याची ने यह और निवेदन किया है कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा इस सिद्धांत को अधिकथित करने के पीछे विचार निर्वाचित प्रतिनिधियों (एम पी और एमएलए) को उनके विधायी कृत्यों के निर्वहन के मुख्य दायित्व को कार्यपालिका के प्रभाव से सुरक्षित करना है । इस संबंध में उसने बृजराज सिंह तिवारी बनाम अन्य (विंध्या प्रदेश विधानसभा सदस्य) के मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा तारीख 2 मार्च, 1953 को दी गई राय पर भरोसा किया है । जहां आयोग ने निम्न निर्णय दिया है :

"यदि कार्यकारी सरकार विधायिका की कोई नियुक्ति, स्थिति या पद देने की शक्ति को जकड़ देती है तथापि वे उन्हें वर्णित कर सकते हैं जो उनके साथ कुछ प्रकार के और अन्य भत्ते धारण करते हैं यहां एक स्पष्ट जोखिम है कि व्यष्टि सदस्य स्वयं को कार्यकारी सरकार द्वारा जकड़ा हुआ महसूस करे और इस प्रकार विधायिका के सदस्य के रुप में और उसके निर्वाचकों के वास्तविक प्रतिनिधि के रुप में उसके सोचने और कार्य करने की स्वतत्रता खो देता है। "

43. आयोग की उपरोक्त वर्णित संप्रेषण पर निर्भर करते हुए याची ने यह और निवेदन किया है कि प्रत्यर्थी विधान सभा सदस्यों ने मंत्रियों के संसदीय सचिवों के रुप में नियुक्त किए जाने के द्वारा स्वयं को कार्यपालिका के प्रभाव के अधीन अरक्षित छोड़ दिया है और इस प्रकार, उनकी विधायक के रुप में मुख्य और स्वतंत्र भूमिका और निर्वाचकों का प्रतिनिधित्व, ऐसी नियुक्ति के द्वारा सीधे रुप से प्रभावित हुआ है ।

44. याची ने यह और निवेदन किया है कि प्रत्यर्थी संसदीय सचिव के पद पर नियुक्त किए गए थे और इसके द्वारा उन्हें दिल्ली विधान सभा के अन्य बाकी विधान सभा सदस्यों के ऊपर आधार प्रदान किया गया था क्योंकि प्रत्यर्थी विधान सभा सदस्यों की हकदारी साधारण विधान सभा सदस्यों की हकदारी के ऊपर और अधिक थी । प्रत्यर्थियों को उनके मेहमानों के मनोरंजन के लिए अनुज्ञात की गई सुविधाएं कार्यलय, कार, टेलीफोन, आदि लोक राजकोष की लागत पर थी । उसने यह और निवेदन किया है कि यह नियुक्तियां अप्रत्यक्ष रुप से प्रत्यर्थी विधानसभा सदस्यों को ऐसी सुविधाएं जो मंत्रियों को उपलब्ध सुविधाएं के सदृश हैं प्रदान करने के लिए युक्ति है ।

45. याची ने बिहारी लाल दोबारे बनाम रोशन लाल दोबारे (1984)1 एससीसी 551 में माननीय उच्चतम न्यायालय के विनिश्चय पर और भरोसा किया है जहां माननीय न्यायालय ने यह निर्णय दिया है कि बोर्ड के अध्यक्ष का पद नीचे दिए गए पैरा में उल्लिखित तथ्यों के आधार पर "लाभ का पद" है :

"20. हमारा यह मत है कि वर्तमान मामला इस न्यायालय के रामलाल केशव लाल सोनी मामले (1983) 2 एससीसी 33: 1983 एसीसीसी (एलएंडएस) 231 : (1983) 1 एलजेजे 284 में दिए गए निर्णय द्वारा अधिकथित सिद्धांतों से शासित होता है । बोर्ड के कर्मचारियों के कृत्य राज्य के कार्यों से संबंधित है । बोर्ड का व्यय मुख्य रुप से राज्य सरकार द्वारा उसकी निधि से दिए गए धन से पूरा होता है । शिक्षक और अन्य कर्मचारी नियमों के अनुसरण में ऐसे अधिकारियों से स्वयं सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं, द्वारा नियुक्त किए जाते हैं । कर्मचारियों के संबंध में अनुशासनात्मक कार्यवाहियां यथास्थिति, राज्य सरकार और अन्य अधिकारियों के अंतिम विनिश्चय के अध्यधीन रहते हुए होती हैं ।" (जोर दिया गया है)

46. याची ने यह और निवेदन किया है कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने जया बच्चन भारत संघ (2006) 5 एससीसी 266 के मामले में यह निर्णय दिया है कि लाभ की प्रकृति का अवधारण करते समय क्या विचार करने की आवश्यकता है यह प्ररुप के बजाए, सार का मामला है ।उक्त मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय दिया है कि महत्वपूर्ण लाभ, जैसे कि राज्य के व्यय पर किराया मुक्त आवास, चालक के साथ कार, स्पष्ट रुप से पारिश्रमिक की प्रकृति के थे और धनीय लाभ का स्रोत भी थे। तथा इस प्रकार "लाभ का पद" गठित करते है । इसके अतिरिक्त, जया बच्चन भारत संघ (ऊपर) में उपरोक्त सुविधाएं लाभ के पद के अधीन निर्हताओं को आकर्षित करने वाली निर्णीत की गई थी यहां तक कि अधिकारियों के कर्तव्य भी इस मामले में परिभाषित किए गए थे । तथापि, इसका ऊपर पहले से ही उल्लेख किया गया है । प्रत्यर्थी विधान सभा सदस्यों के कर्तव्यों उनकी नियुक्ति के समय ज्ञात नहीं थे, लेकिन उक्त तथ्यों के बावजूद उपरोक्त उल्लिखित सुविधाएं प्रदान की गई थी । उसने यह और निवेदन किया है कि जीएनसीटीडी द्वारा प्रस्तुत तारीख 13.3.2015 के नियुक्ति आदेश के अवलोकन से, यह निर्विवादित तथ्य है कि संसदीय सचिव नियुक्त किए जाने के पश्चात् 21 विधान सभा सदस्य चालक सहित कार के हदकार थे । इसके अतिरिक्त जीएनसीटीडी ने यह भी कहा है कि प्रत्यर्थियों में से एक को परिवहन व्यय के रुप में 15479 रुपये की प्रतिपूर्ति भी की गई थी । इस प्रकार, कार्यालय के स्थान और चालक के साथ कार/परिवहन स्पष्ट रुप से प्राप्त करने योग्य महत्वपूर्ण लाभ थे जिसके लिए उक्त पद पर नियुक्त किए जाने के पश्चात 21 विधान सभा सदस्य हकदार थे । इस प्रकार संसदीय सचिवों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए ऐसे आधार रहित उपबंध बिना किसी कर्तव्य के "लाभ का पद" सिद्धांत के अधीन "लाभ" के समान है ।

47. याची ने यह और निवेदन किया है कि दिल्ली विधान सभा सदस्यों को प्रदान किए जाने वाला अनुज्ञेय अधिकतम भत्ता "प्रतिकरात्मक भत्ता" है और संसदीय सचिवों को उपलब्ध कराए जाने वाले भत्तें "प्रतिकरात्मक भत्ते" की श्रेणी में नहीं आते क्योंकि दिल्ली विधान सभा सदस्य (निरहर्ताओं का हटाया जाना) अधिनियम, 1997 "प्रतिकरात्मक भत्ते" को निम्न प्रकार परिभाषित करता है :

"प्रतिकरात्मक भत्ते" से दैनिक भत्ते (ऐसा भत्ता जो दैनिक भत्ते की रकम से अधिक नहीं होगा जिसका विधान सभा सदस्य, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विधान सभा सदस्य (वेतन, भत्ते, पेंशन आदि,) अधिनियम, 1994 दिल्ली अधिनियम सं. 6 1995) के अधीन हकदार है । द्वारा किसी पद के धारक को देय रकम, परिवहन भत्ता, मकान किराया भत्ता या यात्रा भत्ता जो उसे उस पद के कृत्यों के पालन में निर्वहन किए गए किसी व्यय की पूर्ति के लिए समर्थ बनाने के प्रायोजन के लिए है, अभिप्रेत है । (जोर दिया गया है)

48. याची ने और प्रस्तुत किया है परिवाद तारीख 19.06.2015 के पश्चात् 23.06.2015 को "विधान सभा के दिल्ली सदस्य (निरर्हता का हटाना) (संशोधन) विधेयक, 2015" पुर:स्थापित किया गया था, लाभ के पद धारण के कारण निरर्हता से विधान सभा के सदस्यों को प्रत्यर्थी केवल बचाने के लिए है । जीएनसीटीडी अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा-परिकल्पित लाभ के पद धारण के लिए निरर्हता में आने से संसदीय सचिवों के रूप में इन विधान सभा के सदस्यों की नियुक्ति की कोटि में है । उक्त तथ्य उक्त अधिनियम के "उद्देश्यों और कारणों के कथन" के कोश परिशीलन से भी सुव्यक्त है, जिसमें

जीएनसीटीडी मान्यताप्राप्त है कि मंत्रियों को संसदीय सचिवों के पद लाभ के पद के कारण और क्रमश: निरर्हता हटाने के लिए चाहा गया है । उक्त के सुसंगत भाग को निम्नानुसार पढ़ा जा सकता है :

"दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र अधिनियम, 1991 की उपधारा (1) का खंड (क) यह उपबंध करता है कि कोई व्यक्ति भारत सरकार या किसी राज्य की सरकार या कोई संघ राज्यक्षेत्र संसद् द्वारा की गई विधि या किसी राज्य के विधान द्वारा या दिल्ली की विधान सभा या किसी अन्य संघ राज्यक्षेत्र, जो इसके धारक निरर्हित ना करते हुए राज्य की सरकार के अधीन लाभ का पद यदि धारण करता है, विधान सभा होते हुए चुने हेतु निरर्हित होगा ।"

"घोषणा के लिए दिल्ली विधान सभा के सदस्य (निरर्हता को हटाना) अधिनियम, 1997 का संशोधन करना आवश्यक है कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र के मुख्यमंत्री और मंत्री के लिए संसदीय सचिव का पद निरर्हित नहीं होगा और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र के विधान सभा के सदस्य चुने जाने के लिए निरर्हित के पास कभी नहीं समझा जाएगा ।" [महत्व देते हुए पूर्ति करते हुए]

49. याची ने और प्रस्तुत कया है कि व्यवहार प्रयोजनों के लिए कोई संसदीय प्रणाली, संसदीय सचिव का पद वह मंत्री के लिए समतुल्य रूप से समझा माना जाएगा, भारत में भी, लोक सभा और राज्य सभा और राज्य विधान मंडल में प्रक्रिया के नियम और कार्य संचालन इसके साथ संसदीय सचिव सम्मिलत करते हुए "मंत्री" पद को परिभाषित किया गया है । उदाहरण के लिए :

लोक सभा नियम 'मंत्री' पद इस प्रकार परिभाषित किया गया है :

"मंत्री" से अभिप्रेत है जिसमें मंत्रियों की परिषद् का कोई सदस्य अभिप्रेत है और इसमें मंत्रिमंडल का सदस्य, राज्य मंत्री, उप मंत्री या संसदीय सचिव सम्मिलित है ।

राज्य सभा नियम "मंत्री" पद को इस प्रकार परिभाषित किया गया है :

"मंत्री" से मंत्रियों की परिषद्, राज्य मंत्री, उप मंत्री या कोई संसदीय सचिव अभिप्रेत है ।

हिमाचल प्रदेश विधान सभा :

"मंत्री" से मंत्रियों की परिषद् का सदस्य, मुख्य संसदीय सचिव या संसदीय सचिव अभिप्रेत है ।

पंजाब विधान सभा :

"मंत्री" से मंत्रियों की परिषद् का सदस्य, राज्य मंत्री, उप मंत्री, कोई मुख्य संसदीय सचिव या कोई संसदीय सचिव अभिप्रेत है ।

पश्चिमी बंगाल विधान सभा :

"मंत्री" से मंत्रियों की परिषद्, राज्य मंत्री, उप मंत्री, कोई मुख्य संसदीय सचिव या कोई संसदीय सचिव अभिप्रेत है ।

50. याची ने और प्रस्तुत किया है कि उस दिन कुछ नहीं है कि जीएनसीटीडी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से यह स्पष्ट है क उक्त संसदीय सचिवों की बैठक में उपस्थित थे, जो प्रकृति में सलाहकारी नहीं थी और वस्तुत: उक्त संसदीय सचिवों ने विधि के अनुमोदन के बिना प्रक्रियाओं के निर्णय में भागीदारी थी । इसलिए यह स्पष्ट है कि उक्त संसदीय सचिवों ने प्रभावी और शक्तियों का प्रयोग और आश्रय की स्थिति है । इसके अतिरिक्त कुल मिलाकर, संसदीय सचिवों ने कैबिनेट मंत्रियों के लिए समान रूप है और सुविधाएं उपलब्ध करा रहे थे और विधि किसी अनुमोदन के बिना प्रशासन पर प्रभाव का प्रयोग कर रहे थे ।

51. याची ने और प्रस्तुत किया है कि भारत के संविधान में अभिव्यक्त कहा गया है कि यह अनुच्छेद 239कक के खण्ड (4) में उपबंध करता है कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मंत्रियों की परिषद् में "विधान सभा में कुल संख्या के दस प्रतिशत से कम से कम" मिलकर बनेगी । जैसे कि विधान सभा की संख्या 70 है, सदस्यों की संख्या, जिसमें मंत्रियों की परिषद् नियुक्त कर सकताहै, इससे नहीं । अत: सात से अनधिक, इसलिए मंत्रियों की संख्या में वृद्धि चार फोल्ड को परिमाणित मुख्य मंत्री (द्वारा फा0सं0 17/57/2012/जीएडी/संसदीय सचिव, तारीख 13.3.2015) के अनुमोदन से मुख्य सचिव (जीएडी) द्वारा जारी दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकार, मंत्रियों को संसदीय सचिवों के रूप में दिल्ली विधान सभा के 21 सदस्यों की नियुक्ति आदेश जारी किया गया । संसदीय सचिवों के 21 के रूप में नियुक्ति के साथ, 7 मंत्रियों के लिए अधिक पहले ही स्थान है, मंत्रियों की परिषद् की संख्या संवैधानिक प्रतिरोध के अतिक्रमण में कुल संख्या 28 तक पहुंच गई थी, जबकि मंत्रियों के रूप में सदस्यों की संख्या दस प्रतिशत से अधिक न हो ।

52. प्रत्यर्थी ने प्रस्तुत किया है कि चूंकि धनीय वित्तीय अभिलाभ नहीं है जो उद्भूत है, इस प्रकार संसदीय सचिव "पद का लाभ" के रूप में समझा नहीं हो सकता । इसके अतिरिक्त माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पारित तारीख 08.09.2016

की दृष्टि में एतदद्वारा माननीय न्यायालय ने अवैध और असंवैधानिक के रूप में तारीख 13.3.2015 के आदेश की नियुक्त को अपास्त किया था, संसदीय सचिव का पद नहीं है, अत: प्रत्यर्थी ने पद का लाभ कभी नहीं अभिनिर्धारित किया गया है ।

53. प्रत्यर्थी ने और प्रस्तुत किया है कि जीएनसीटीडी का उत्तर में न्याय संगत है जो प्रत्यर्थियों ने पुष्टि की है:

i. जीएडी द्वारा संसदीय सचिवों को जब कभी कर्तव्यों को समनुदेशित नहीं किया गया है ।

ii. 21 संसदीय सचिवों के कर्तव्यों को जारी आदेश किसी स्थायी आदेश में उल्लिखित विभागों ने कोई उल्लेख नहीं मिलता है ।

iii. नियुक्ति से संबंधित दस्तावेज नहीं है, यह उपबंध करता है कि कर्तव्यों/कार्य की प्रकृति के बारे में वर्णन/न्यायोचित/संदर्भ के निबंधन/आशयित परिणाम उपबंध करता है ।

iv. मुख्य सचिव को प्रधान सचिव के पत्र तारीख 20.07.2015 के अनुसार, सभी विधान सभा के सदस्यों ने उनके अपने-अपने संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र में स्थान कार्यालय में उपबंध किए गए थे । सभी 70 विधान सभा के सदस्य ध्यान किए बिना मुख्यमंत्री, मंत्री, विपक्ष के नेता, आदि उन्हीं को उपबंधित किया गया था ।

v. संसदीय सचिव ने दिल्ली विधान सभा में किसी कमरा/कार्यालय में आबंटित किए गए जब कि आदेश तारीख 23.9.2015 द्वारा आदेश के पढ़ने से स्पष्ट है, जिसे कार्यालय आबंटित का निर्णय किया गया था, जो कि प्रास्थगित किया गया था ।

vi. संसदीय सचिवों को किसी प्रकृति का समर्थनकारी कर्मचारिवृंद नहीं प्रदान किया गया ।

vii. विधान सभा के सदस्यों को कोई निवास आबंटित नहीं किया गया, जो संसदीय सचिवों के रूप में नियुक्त किया गया था ।

viii. किसी टेलीफोन कनेक्शन के लिए कोई हकदारी कोई संसदीय सचिवों को प्रदान नहीं किया गया है।

ix. किसी संसदीय सचिव द्वारा धनीय संबंधी फायदा वेतन कभी भी दिए या दावा नहीं किया गया है ।

x. संसदीय सचिव का पद विद्यमान नहीं रहता है क्योंकि तारीख 8.9.2016 आदेश द्वारा असंवैधानिक होने के लिए उच्च न्यायालय द्वारा उसी को अभिनिर्धारत किया गया है ।

54. प्रत्यर्थी ने और प्रस्तुत किया है कि जीएनसीटीडी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज अभिलेख में कोई बात नहीं की गई है जिसे यहां तक कि विविक्त होकर सुझाव किया है कि प्रत्यर्थी द्वारा अभिनिर्धारित पद का लाभ भी था ।

55. प्रत्यर्थी ने और प्रस्तुत किया किसी जीएनसीटीडी द्वारा फाइल किए गए दस्तावेजें स्थापित किया गया है जिसने संसदीय सचिवों न तो कहा न ही सरकार की प्रक्रिया के निर्णय में सक्रियता से भाग लिया था ।

56. प्रत्यर्थी ने और प्रस्तुत किया है कि आवश्यक फर्नीचर के साथ केबिन संनिर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा खर्च किए गए 3,73871 रुपए की रकम, जिसे प्रत्यर्थी द्वारा धनीय लाभ के सबूत के लिए था । 70 एमएलए और 21 संसदीय सचिवों के अलावा व्यय 11,75,828 संसदीय सचिवों पर था किन्तु सभा भवन पूर्ण के लिए कुर्सी, मेज, विजीटर कुर्सी आदि है ।

57. प्रत्यर्थी ने श्री विवेक गर्ग द्वारा फाइल किए गए उत्तर में सूचना का अधिकार में और प्रस्तुत किया गया है इस प्रकार आयोग द्वारा निर्णय व्यतीत किया गया ।

58. प्रत्यर्थी ने और प्रस्तुत किया कि हित में कोई संघर्ष नहीं है, जो कि दृश्यमान और किसी योग्यता के फायदा के हित में संघर्ष बहस है ।

विचाराधीन मुद्दे

59. निम्नलिखित मुद्दों को विश्लेषित और उत्तरित किए जाने के लिए है जो वर्तमान संदर्भ के उत्तर के आदेश है :

I. क्या प्रत्यर्थी ने विधान सभा के सदस्य ने संसदीय सचिव का पद अभिनिर्धारित किया गया था ?

II. क्या सरकार के अधीन संसदीय सचिव का पद धारण कर रहा है ?

III. क्या यह पद है जिसने सुनम्य लाभ मिला है या सारवान सुनम्य लाभ मिला है ?

IV. क्या संसदीय सचिव का पद जिसने कृत्यों की कार्यकारणी प्रकृति है ?

V. क्या संसदीय सचिव का पद जिसे लाभ का पद में जिसे छूट प्राप्त की गई है?

विधि प्रास्थिति का विश्लेषण

60. संदर्भ मामले में तथ्य कोई संदेह नहीं है कि तथ्य को ध्यान किए बिना सिद्धांत "लाभ का पद" कार्यक्षेत्र के भीतर आने वाले के लिए संसदीय सचिव का पद अपेक्षित है । इन प्रत्यर्थियों ने किसी विधि या आदेश द्वारा पद ऐसे सृजन किए बिना संसदीय सचिवों को नियुक्त किया गया है ।

61. माननीय उच्चतम न्यायालय ने 'सरकार के अधीन' पद का लाभ धृति की अवधारण को निर्धारित किया गया है, निम्नानुसार रीति में—

मौलाना अब्दुल शाकुर बना रिखब चंद [1958 सीएस और 387, एआईआर 1958 एससी 52] उच्चतम न्यायालय में निम्नानुसार अभिनिर्धारित किया गया है ।

"12. सरकार की शक्ति अवधारण में महत्वपूर्ण कारक है । सरकारी राजस्वों में से उनके विवेक और संदाय, जो पद या प्रतिसंहरण में लगातार लाभ का पद जो नियुक्त करता है । चाहे स्रोत से संदाय यद्यपि सरकार के अधीन लाभ का पद धारण कर रहा है, सरकार राजस्व सदा ही निर्णायक कारक नहीं है ।"

गुरु गोविंदा बासु बनाम शंकरी प्रसाद घोषाल [(1964) 4 एससीआर 311:एआईआर 1964] माननीय उच्चतम न्यायालय में निम्नानुसार अभिनिर्धारित किया गया है :--

"14.(...) हम यह कहने के लिए संकोच नहीं है जहां अनेक तत्व, नियुक्ति की शक्ति, पदच्युत करने, नियंत्रण की शक्ति और रीति के बारे में निदेशों देते हैं जिसे पद के कर्तव्य निष्पादित किया जाना है और दिए गए मामले में सभी पारिश्रमिक मामले में प्राधिकार के लिए सशक्त है ।"

बिहारी लाल डोबरे बनाम रोशन लाल डोबरे (1984) एसएससी 551 उच्चतम न्यायालय निम्नानुसार अभिनिर्धारित किया गया है :

"5. अनुच्छेद 191(1)(क) अधिनियमति के उद्देश्य सादा है । कोई व्यक्ति जो शासकीय दबाव के कारण अधीन बिना अपने कर्तव्यों निष्पक्ष क्रियान्वित करने के लिए विधान चुने हैं । यदि ऐसा व्यक्ति जो पद धारण कर रहा है जो पारिश्रमिक पद धारण कर रहा है । सरकार उस लगातार है, सरकार की इच्छज्ञ के लिए जीविका अनुच्छेद 191(क) कर्तव्य और हित में आशय है और विधान मंडलों में शुद्धता बनाए रखने के लिए है । संविधान के भाग 14 में बरता किया गया था आयात व्यापक पद में कहा गया है । सरकार के अधीन लाभ के पद धारण के लिए, व्यक्ति सरकार की सेवा आवश्यकता की नहीं है और मास्टर या सेवा के बीच रिश्ते की आवश्यकता नहीं है । लाभ का पद दो तत्व अंतर्वलित है अर्थात पद होना चाहिए और कुछ पारिश्रमिक होना चाहिए । कोई व्यक्ति सरकार के अधीन लाभ का पद धारण करता है, सामान्यत: परीक्षण किए गए हैं क्या पद धारण के लिए हटाए जाने या पदच्युत का अधिकार क्या सरकार पारिश्रमिक संदाय करता है ; क्या सरकार के लिए उसके द्वारा क्रियान्वयन धारक कृत्यों को निष्पादित करता है और धारक कर्तव्यों और कृत्यों का नियंत्रण करता है सरकार के अधीन लाभ के पद के लिए विशिष्टतापूर्ण है । सरकार को सभी परीक्षणों में समाधान होना चाहिए । इस न्यायालय द्वारा अनेक विषय के मामले सही प्रकृति का अवरोह है न्यायालय यद्यपि सरकार के अधीन पद का लाभ अनन्य रूप की विशिष्टियां हैं यद्यपि न्यायालय को संदेह नहीं है प्रत्येक ऐसा मामला जहां विशिष्ट रूप से पद में यह सम्मिलित था ऐसा पद या इसकी विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए है [बल आपूर्ति] प्रत्युत बोरडोलोई बनाम स्वपन राय [(2001) 2 एससीसी 19] के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने निम्नानुसार धारित किया है :

"6. "लाभ का पद" वाक्यांश को संविधान में नहीं परिभाषित किया गया है (अब्दुल शकूर बनाम रिखाब चंद [एआईआर 1958 एससी 52:1958 एससीआर 387] देखें ; एम रामप्पा बनाम संगप्पा [एआईआर 1958 एससी 397 : 1959 एससीआर 1167] ; गुरु गोविन्द बासु बनाम शंकरी प्रसाद घोषाल [एआईआर 1964 एससी 254 : (1964) 4 एससीआर 311] और शिवमूर्ति स्वामी ईनामदार बनाम अगादी संगन्ना अन्दन्प्पा [(1971) 3 एससीसी 870] के विनिश्चयों की ऋंखला द्वारा इस न्यायालय ने अधिकथित किया है कि बाहर से प्राप्त करने हेतु ऐसा परीक्षण जहां पद का प्रश्न सरकार के अधीन लाभ का पद है, ये परीक्षण हैं (1) क्या सरकार नियुक्ति करती है ; (2) क्या सरकार को धारक को हटाने अथवा पदच्युत करने का अधिकार है ; (3) क्या सरकार पारिश्रमिक का संदाय करती है ; (4) धारक के क्या कृत्य हैं ; क्या वह सरकार के लिए कार्य करते हैं ? और (5) क्या सरकार उनके कृत्यों के व्यवहार्य के ऊपर कोई नियंत्रण करती है ?

7. गुरु गोविंद बसु बनाम शंकरी प्रसाद घोषाल [एआईआर 1964 एससी 254 ; (1964) 4 एससीआर 311] में संविधान पीठ ने सरकार के अधीन लाभ के पद के धारक और सरकार के अधीन पद या सेवा के धारक के मध्य भेदभाव पर जोर दिया है और धारित किया है कि सरकार के अधीन लाभ के पद को धारण करने हेतु सरकार की सेवा में एक की आवश्यकता नहीं है और उनके बीच में मास्टर और सेवक के संबंध में कोई आवश्यकता नहीं है, प्रश्न के अवधारण में विभिन्न तथ्य निम्नलिखित हैं (i) नियुक्ति प्राधिकारी ; (ii) नियुक्ति समाप्त करने की शक्ति प्राधिकार के साथ विहित हैं ; (iii) प्राधिकारी, जिसने पारिश्रमिक अवधारित किया गया है ; (iv) ऐसे स्रोत, जिसे पारिश्रमिक संदत्त किया गया है ; (v) रीति में नियंत्रण के लिए शक्ति प्राधिकार में विहित है, जिसमें पद कर्तव्यों को निर्मुक्त कर दिया गया है । लेकिन ये कारक विद्यमान की आवश्यकता नहीं है । सरकार के अधीन लाभ के पद अवरोह परीक्षण है, नियुक्ति का परीक्षण प्रत्येक मामले के तथ्यों पर अन्य दबाव परीक्षण होंगे । स्रोत, जिसके लिए अवरोह या तात्विक स्वयं संदत्त नहीं किया गया है ।

14. जटिल समस्या का सामना –क्या कोई व्यक्ति सरकार के अधीन पद धारण करता है, प्रथम और सर्वप्रथम पूछा जाने वाला प्रश्न यह है :क्या सरकार को किसी व्यक्ति को पद परि नियुक्त करने और उससे हटाने की शक्ति प्राप्त है ? यदि उत्तर नकारात्मक है तो और जांच की आवश्यकता नहीं है क्योंकि बुनियादी अवधाराणत्मक परीक्षा असफल रहा है । यदि उत्तर सकारात्मक है तो शिवमूर्ति वाले मामले [(1971) 3 एस. सी. सी. 870] में विरचित प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करने के लिए और जांच की जाएगी और यह तलाश किया जाएगा कि गुरु गोविंद बासू वाले मामले [ए.आई.आर. 1964 एस. सी. 254(1964) 4 एस. सी. आर. 311)] में इंगित अकारणों में से कितने विद्यमान हैं ? सुसंगत अधिनियम, यदि कोई है के उपबंधों को ध्यान में रखते हुए तथ्यों और परिस्थितियों की पूर्ण रूप से समीक्षा की जाएगी जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि क्या कोई धारित पद सरकार के अधीन है । जिज्ञासु सामान्य रूपरेखा की दृष्टि से अंतिम शंका होगी: क्या सरकार ऐसा पद धारण करने के परिणामस्वरूप, विधान सभा के सदस्य के रूप में उसके काम करने की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करके उसे प्रभावित करने का स्थिति में होगी और/या उसके द्वारा दो पद धारण करने – एक सरकार के अधीन और दूसरा विधानसभा का सदस्य होने के कारण परस्पर हितों का विरोध है ? इस प्रकार से वादबिन्दु विरचित होंगे और उनका निपटारा किया जाएगा ।"

[बल दिया है]

62. ऊपर उल्लिखित पैराओं पर यह विश्लेषण करने के लिए अवलंब लिया जा सकता है कि क्या संसदीय सचिव का पद सरकार के अधीन कोई पद है या नहीं । यह एक निर्विवादित और स्पष्ट तथ्य है कि संसदीय सचिवों की नियुक्ति दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की सरकार द्वारा की गई थी और नियुक्ति आदेश को प्रतिसंहृत करके या अन्यथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की सरकार द्वारा हटाया जा सकेगा और इस पद से संबद्ध प्रत्येक व्यय सरकार के राजस्व से संदत्त किया गया था । किसी संसदीय सचिव द्वारा किया जाने वालाकार्य संबंधित मंत्री द्वारा आबंटित किया गया था और कार्य या तो प्रत्यायोजित प्राधिकार द्वारा किया जाना था या अधीक्षण प्राधिकार में मंत्री को वापस होना था और दोनों ही मामलों में इस पद को धारित करने वाले कृत्यकारी पर सरकार का प्रत्यक्ष और निरंतर नियंत्रण था । अतः तथ्य पर कोई विवाद नहीं हो सकता कि संसदीय सचिव का पद सरकार के अधीन था ।

63. इस संबंध में सिद्धांत 'लाभ का पद' की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का कथन करना भी आवश्यक है जैसाकि उपभोक्ता शिक्षा और अनुसंधान सोसायटी बनाम भारत संघ [(2009) 9 एस.सी. सी. 648] वाले मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा खोज की गई और सम्प्रेक्षित किया गया ।

'लाभ का पद' अभिव्यक्ति को संविधान में परिभाषित नहीं किया गया है और यह मत कि कतिपय पद या प्रास्थिति जो किसी विधानमंडल के सदस्य द्वारा धारित की गई हैं, या तो जनता के निर्वाचित प्रतिनिधि के रूप में उसके कर्तव्यों के साथ असंगत हैं, या उसकी स्वतंत्रता को प्रभावित करती हैं और इस प्रकार उसके निर्वाचन क्षेत्र के प्रति उसकी वफादारी को कमजोर करती है और इसीलिए उसका धारक निर्योग्य ठहराया जाना चाहिए । इसका मूल यूनाइटेड किंगडम के संसदीय इतिहास में है ("लाभ के पद पर भार्गव समिति रिपोर्ट की प्रस्तावना" तारीख 22 अक्तूबर, 1955) । न्यायालय ने यूनाइटेड किंगडम में 400 शताब्दियों पहले 'लाभ का पद' के इतिहास की खोज की और चार चरणों में इसे वर्गीकृत किया । पहला चरण "विशेषाधिकार" था (1640 से पूर्व) । दूसरा चरण "भ्रष्टाचार" था (1640 से) । तीसरा चरण "अननुसचिवीय जिम्मेदारी" था (1705 के पश्चात्) ।

पहले चरण में, इंग्लिश संसद ने अपने सदस्यों की सेवाओं पर प्राथमिकता का दावा किया और यदि उसके किसी सदस्य ने कोई अन्य पद स्वीकार किया, जिसमें समय और ध्यान की आवश्यकता होती है, तो इसे विशेषाधिकार का अपमान समझा गया । इससे यह विचारधारा विकसित हुई कि कतिपय पद धारित करना संसद के किसी सदस्य की जिम्मेदारियों के असंगत है ।

दूसरे चरण के दौरान क्राउन और हाउस आफ कॉमन के बीच दीर्घकालिक टकराव रहा । किंग के प्रति वफादारी और जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करने वाले हाउस आफ कॉमन की वफादारी अनम्य होती गई और यह सोचा गया कि यदि कोई सदस्य "लाभ का पद" क्राउन के अधीन धारण करता है तो संसद के प्रति उसकी वफादारी से समझौता करने की हर संभावना है ।

तीसरे चरण में किंग की स्थिति घटकर एक संविधानिक प्रधान की रह गई तथा क्राउन के नाम पर मंत्रिमंडल का कार्यकरण कार्यपालक सरकार का केन्द्र बन गया । प्रिवी काउंसलर जिन्हें दूसरे चरण के दौरान सामान्य रूप से किंग का अनुचर समझा जाता था और उन्हें हाउस आफ कॉमन द्वारा शंका की दृष्टि से देखा जाता था, ने मंत्रियों का स्थान प्राप्त किया जो कुछ समय तक सदन में स्थान धारण करने से निर्हित भी रहे थे । बाद में, इसे भी मान्यता दी गई कि मंत्री बनने वाले व्यक्तियों को निर्योग्यता का नियम लागू होना अधिक कड़ा है और कार्यपालिका तथा विधानमंडल के बीच में कारगर समन्वयन सुनिश्चित करने की दृष्टि से यह स्वीकार किया गया कि कार्यपालिका के सदस्यों को संसद में प्रतिनिधित्व दिया जाए । इस मान्यता के परिणामस्वरूप ब्रिटिश संसद द्वारा अनेक अधिनियमितियां पारित की गईं । मंत्रियों का पुनर्निर्वाचन अधिनियम 1919 और 1926 में ब्रिटिश संसद द्वारा अधिनियमित किया गया जिसमें यह अपेक्षा की गई थी कि किसी "राजनीतिक पद" के लिए नियुक्ति किसी सदस्य को पुनःनिर्वाचन का सामना करना होगा ।

भारत सरकार अधिनियम, 1935 की धारा 26 (1)(क) में यह उपबंधित है कि कोई व्यक्ति किसी भी चैम्बर का सदस्य चुने जाने या होने के लिए निर्हरित हो जाएगा यदि वह फेडरल विधानमंडल के अधिनियम द्वारा घोषित पद जिसमें धारक को निर्हरित नहीं किया जाता, से भिन्न भारत के क्राउन के अधीन लाभ का पदधारित करता है ।जब 26 जनवरी, 1950 को इस घोषणा के साथ भारत का संविधान प्रवृत हुआ कि लाभ का पद धारित करने वाला कोई व्यक्ति निर्हरित हो जाएगा तो अनुच्छेद 102 के स्पष्टीकरण में यह स्पष्ट किया गया कि कोई व्यक्ति जो मंत्री है (संघ या किसी राज्य का) लाभ का पद धारित करने वाला नहीं समझा जाएगा । तथापि, संघ सरकार के राज्यमंत्री और उपमंत्री जिन्हें अनुच्छेद 102 के अधीन निर्हरता से छूट नहीं दी गई थी क्योंकि "मंत्री" अभिव्यक्ति का अर्थ केवल केन्द्रीय मंत्री लगाया गया था ।

इस स्थिति पर विचार करने के लिए, संसद (निर्हरता का निवारण) अधिनियम, 1950 अधिनियमित किया गया । उक्त अधिनियम की धारा 2 में यह उपबंध है:-

"2. संसद की सदस्यता के लिए निर्हरता का निवारण .- कोई व्यक्ति संसद का सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस कारण से निर्हरित नहीं होगा कि वह भारत सरकार या किसी राज्य की सरकार के अधीन निम्नलिखित लाभ के पद धारित करता है, अर्थात् राज्यमंत्री या उपमंत्री या संसदीय सचिव या संसदीय अवर सचिव का पद ।"

इसका अनुसरण संसद (निर्हरता का निवारण) अधिनियम, 1951 द्वारा यह घोषित करते हुए कहा गया कि सरकार के अधीन कतिपय पद (उसकी धारा 2 में विनिर्दिष्ट) से निर्हरता नहीं होगी और संसद के सदस्य चुने जाने या होने के लिए उनके धारकों को कभी भी निर्हरित हुआ नहीं समझा जाएगा । यह अधिनियम 26 जनवरी, 1950 से भूतलक्षी प्रभाव से लागू हुआ ।

1954 में, संसद सदस्यों की निर्हरता से संबंधित अनेक मामलों का अध्ययन करने के लिए पंडित ठाकुर दास भार्गव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई जिससे यह सिफारिश की जा सके कि एक व्यापक विधान लाने के लिए सरकार को समर्थ बनाया जा सके । समिति ने 1955 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की ।

1959 में, संसद (निर्हरता का निवारण) 1959 अधिनियमित किया गया जिसमें यह घोषणा की गई कि सरकार के अधीन कतिपय लाभ के पद इनके धारकों को संसद का सदस्य चुने जाने या होने के लिए निर्हरित नहीं करेंगे ।

64. उपरोक्त इतिहास देखने से यह स्पष्ट है कि 'लाभ का पद' के सिद्धांत की उत्पत्ति ब्रिटेन में क्राउन और हाउस आफ कॉमन के बीच टकराव से हुई और इस सिद्धांत का उद्देश्य किसी भी संभाव्य हितों के विरोध से बचना है ।

65. यहां यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण होगा कि माननीय उड़ीसा उच्च न्यायालय ने बनोमली बहरा बनाम मरकंडा महापात्रा [ए.आई.आर. 1961 उड़ीसा 205] में यह सम्प्रेक्षित करके अभिनिर्धारित किया था;-

"16. 'लाभ का पद' अभिव्यक्ति को कहीं भी परिभाषित नहीं किया गया है यद्यपि हमारे संविधान के अनेक उपबंधों में जैसे अनुच्छेद 58(2), 59(2), 64, 66(4)(क) और 191(1)(क) में उल्लेख पाया जाता है ।संविधान के उपरोक्त उपबंधों में दिए गए निर्हरता के सिद्धांत और इस अधिनियम के धारा 10(9)(ग) में यह सिद्धांत दिया गया है कि ग्राम पंचायत या राज्य विधान सभा के सदस्य या संसद के सदस्य के कर्तव्यों के बीच कोई टकराव नहीं है इसलिए उसका वैयक्तिक हित और सरकार या स्थानीय प्राधिकरण के व्यक्ति ऐसे व्यक्ति दायित्व जनता के प्रतिनिधि के रूप में उसकी स्वतंत्रता असंगत है । प्राथमिक रूप से इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कानून में इन निर्हरताओं को रखा गया है "।

(बल दिया गया है)

66. लोकसभा के भूतपूर्व महासचिव श्री पी. डी. टी. आचार्य 'लाभ का पद' सिद्धांत के इतिहास पर तारीख 21 जून, 2016 को द हिन्दू में प्रकाशित अपने लेख शीर्षक 'It is about propriety, not constitutionality' चर्चा की है और इस लेख का सुसंगत भाग निम्नानुसार है:

> "'लाभ का पद' ऐसा पद नहीं है जिसे सहज रूप से समझा या स्पष्ट किया जा सके । इस संकल्पना की उत्पत्ति इंग्लैंड में हाउस आफ कॉमन में हुई । ब्रिटिश हाउस आफ कॉमन का इतिहास क्राउन के साथ विरोधों का इतिहास है । किंग ने हाउस आफ कॉमन्स को नीचा दिखाने के प्रयासों में अपने सदस्यों को धनीय लाभों के साथ कार्यपालक प्रकृति की स्थितियां प्रस्थापित कीं और उनकी वफादारी को खरीदा । इस व्यवहार से सदस्य अधिक समय सदन के बाहर रहते थे और इसीलिए उनके कर्तव्यों तथा वैयक्तिक हितों के बीच विरोध उत्पन्न हुआ । समय के साथ-साथ अधिकतर सदस्यों की कार्यपालक कृतियों के कारण सदन से निरंतर अनुपस्थिति से हाउस आफ कॉमन कमजोर हुआ और इसलिए उसने क्राउन से कोई भी ऐसा पद स्वीकार करने के लिए अपने सदस्यों को प्रतिसिद्ध करने की विधि पारित की जिससे उन्हें किसी भी तरह का कोई धनीय लाभ प्राप्त होता हो । यह उपबंध किया गया था कि किसी भी सदस्य द्वारा स्वीकार किए गए ऐसे पद से वह निर्हरित हो जाएगा ।
>
> आवश्यक रूप से, लाभ के पद की विधि को सदन और जनता के प्रति विधानमंडल के सदस्य के कर्तव्य और उसके वैयक्तिक हित के बीच विरोध को समाप्त करने के लिए अंतःस्थापित की गई थी"।

(बल दिया गया है)

67. माननीय उच्चतम न्यायालय ने सत्रूचरला चन्द्रशेखर राजू बनाम विरिचलरा प्रदीप कुमार देव [(1992) 4 एस.सी.सी. 404] वाले मामलों में यह अभिनिर्धारित किया है कि अनुच्छेद 102(1)(क) और 191(1)(क) अधिनियमित करने का उद्देश्य यह है कि किसी निर्वाचित सदस्य के कर्तव्यों और हितों के बीच कोई विरोध नहीं होना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कोई निर्वाचित सदस्य किसी भी तरह के सरकारी दबाव के बिना अपने कर्तव्यों का स्वतंत्र और भयरहित रूप से पालन करे और इन अनुच्छेदों का आशय कर्तव्य और हित के बीच किसी विरोध की संभाव्यता को समाप्त करना है जिससे कि विधानमंडल की ईमानदारी प्रभावित न हो । आदेश के सुसंगत पैरा निम्नानुसार है:

> "18. अनुच्छेद 102(1)(क) और 191(1)(क) को विधानमंडल के सदस्यों के बीच कर्तव्य और हित के मध्य विरोध के जोखिम को समाप्त करने या कम करने और यह सुनिश्चित करने के लिए के लिए सम्मिलित किया गया है कि विधानमंडल में ऐसे व्यक्ति न हों जो कार्यपालिका से फायदा प्राप्त करे और परिणामतः उसके प्रभाव में आ जाएं या उसके बाध्य हों । अतः इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इन अनुच्छेदों की व्याख्या की जानी चाहिए ।"

(बल दिया गया है)

न्यायालय ने बिहारी लाल डोगरे बनाम रोशन लाल डोगरे [(1984) 1 एस.सी.सी. 551] वाले मामले में नीचे उल्लिखित पैरा पर निर्भर किया है:

> "5. अनुच्छेद 191(1)(क) अधिनियमित करने का उद्देश्य स्पष्ट है । कोई व्यक्ति जो किसी विधानमंडल के लिए निर्वाचित हुआ है अपने कर्तव्य भयरहित रूप से और किसी भी प्रकार के सरकारी दबाव के बिना निर्वहन करने के लिएस्वतंत्र होना चाहिए । यदि ऐसा कोई व्यक्ति लाभ का पद धारण करता है जिससे उसे पारिश्रमिक प्राप्त हो और उस पद पर बने रहने के लिए सरकार से मंजूरी अपेक्षित हो तो ऐसी संभावना है कि वह व्यक्ति सरकार की इच्छाओं के अधीन होगा । अनुच्छेद 191(1)(क) का आशय कर्तव्य और हित के बीच विरोध की संभावना को समाप्त करना तथा विधानमंडलों की ईमानदारी को बनाए रखना है ।"

(बल दिया गया है)

न्यायालय ने अशोक कुमार भट्टाचार्य बनाम अजोय विश्वास [(1985) 1 एस.सी.सी.151] वाले निर्णय से निम्नलिखित पैरा का भी अवलंब लिया है :

> '16. अनुच्छेद 102(1)(क) में इस उपबंध के पीछे सही सिद्धांत यह है कि किसी निर्वाचित सदस्य के कर्तव्यों और हित के बीच किसी प्रकार का विरोध नहीं होना चाहिए' ।"

68. माननीय उच्चतम न्यायालय ने एम.वी.राजशेखरन बनाम वटेल नागराज[(2002) 2 एस. सी. सी. 704] वाले मामले में निम्नानुसार अभिनिर्धारित किया है:

> "2. [.....]संविधान के अनुच्छेद 191 के अधीन निर्हरता का उपबंध करने का मात्र यही उद्देश्य है कि विधान सभा या विधान परिषद में निर्वाचित सदस्य अपने कर्तव्यों का पालन भयरहित रूप से और किसी भी प्रकार के सरकारी दबाव के

बिना करने के लिए स्वतंत्र हों । अतः न्यायालय को यह पता लगाना है किकिसी अभिव्यक्ति द्वारा कर्तव्यों के पालन और सरकार के बीच कोई संबंध है विद्यमान है और अपने नियोजन के दौरान ऐसे कर्तव्यों के निष्पक्ष रूप से निर्वहन तथा निर्वाचित होने पर किसी विधानमंडल के सदस्य के रूप में उससे अपेक्षित कर्तव्यों के बीच विरोध होना आवश्यक है । उपरोक्त प्रश्न पर विचार करते समय न्यायालय को सार पर विचार करना चाहिए न कि प्रकार पर और यह भी आवश्यक है कि विभिन्न मामलों में अधिकथित तथ्यों और परीक्षणों को ध्यान में रखना चाहिए जिससे सरकार के अधीन लाभ के पद को धारित करना गठित होता हो ।"

(बल दिया गया है)

69. अतः यह पूरी तरह स्पष्ट और सुनिर्धारित है कि 'लाभ का पद' धारित करने के लिए निर्हरता विहित किए जाने का उद्देश्य विधानमंडल के किसी भी सदस्य द्वारा किसी ऐसी संभावना को समाप्त करना है जिससे जनता का प्रतिनिधि सदस्य रहते हुए समय-समय पर सरकार से लाभ का पद स्वीकार करके अपनी स्वतंत्रता को समाप्त करता है ।

70. संसदीय सचिव के पद के प्रश्न पर यह विचार करना महत्वपूर्ण है कि संविधान में संसदीय सचिव के पद का कोई उल्लेख नहीं है ।

संविधान का अनुच्छेद 163(1)निम्नानुसार उपबंध करता है;

"जिन बातों में इस संविधान द्वारा या इसके अधीन राज्यपाल से यह अपेक्षित है कि वह अपने कृत्यों या उनमें से किसी को अपने विवेकानुसार करे उन बातों को छोड़कर राज्यपाल को अपने कृत्यों का प्रयोग करने में सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद होगी जिसका प्रधान मुख्यमंत्री होगा" ।

अनुच्छेद 164(1) यह उपबंध करता है कि:

"मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल करेगा और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल, मुख्यमंत्री की सलाह पर करेगा तथा मंत्री, राज्यपाल को प्रसादपर्यंत अपने पद धारण करेंगे"।

अनुच्छेद 164(2) यह उपबंध करता है कि मंत्रिपरिषद राज्य की विधानसभा के प्रति सामुहिक रूप से उत्तरदायी होगी ।

अनुच्छेद 164(5) यह उपबंध करता है कि मंत्रियों के वेतन और भत्ते ऐसे होंगे जो उस राज्य का विधानमंडल, विधि द्वारा समय-समय पर अवधारित करे और जब तक उस राज्य का विधानमंडल इस प्रकार अवधारित नहीं करता है तब तक ऐसे होंगे जो दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट है ।

संविधान में संसदीय सचिवों और उपमंत्रियों का भी कोई उल्लेख नहीं है । संविधान के अनुच्छेद 208 में खंड (1) द्वारा निम्नानुसार उपबंधित है;

"इस संविधान के उपबंधों के अधीन रहते हुए राज्य के विधानमंडल का कोई सदन अपनी प्रतिक्रिया और अपने कार्यसंचालन के विनियमन के लिए नियम बना सकेगा"।

71. याची ने सही तौर पर इस तथ्य को इंगित किया है कि प्रत्यर्थियों को वैसी ही पद की शपथ दिलाई गई जो मंत्रियों के पद की शपथ होती है । राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 की धारा 43(1) में निम्नानुसार कथित है:

"किसी मंत्री द्वारा पदभार ग्रहण किए जाने के पूर्व उप-राज्यपाल इस प्रयोजन के लिए अनुसूची में दिए गए प्ररूप के अनुसार उसे पद और गोपनियता की शपथ दिलाएगा"।

यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि कोई भी ऐसी विधि या आदेश नहीं है जिसके द्वारा संसदीय सचिव का पद सृजित किया जाए और इसलिए विधि में ऐसा कुछ नहीं है जिससे इन संसदीय सचिवों के पद की शपथ दिलाया जाना आवश्यक हो । इस पर विचार करना भी महत्वपूर्ण है किविधानसभा के निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, विधानसभा के सदस्यों और मंत्रिपरिषद के सदस्यों के लिए शपथ राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 के अधीन ही विहित की गई है ।प्रत्यर्थी विधानसभा के सदस्यों ने विधानसभा के सदस्यों के रूप में अपनी-अपनी शपथ पहले ही ग्रहण कर ली है और यह तथ्य कि राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली सरकार ने इसे एक आवश्यकता समझा तथा इन संसदीय सचिवों को मुख्यमंत्री द्वारा शपथ दिलाई गई स्वयं इस तथ्य का सबूत है कि राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली सरकार की दृष्टि में और सभी व्यवहारिय प्रयोजनों के लिए इन संसदीय सचिवों को मंत्रियों के रूप में समझा गया तथा शपथ समारोह का आयोजन इन संसदीय सचिवों के पद को महत्व देने के लिए किया गया ।

72. लालजीभाई जोधाभाई बार बनाम विनोद चन्द्र जेठालाल पटेल (ए.आई.आर(1963) गुजरात 297) वाले मामले में माननीय गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा व्यक्त किए गए मतों की अपेक्षा करना संबद्ध है जहां माननीय उच्च न्यायालय ने पद

आदि निर्धिरितकिया कि संसदीय सचिव की स्थिति उप मंत्री के अत्यंत सदृश जैसी है । माननीय गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा व्यक्त किए गए मत का सुसंगत उद्हरण निम्न प्रकार हैः-

"12( ) जब हम इन नियमों के अंतर्विष्ट विभिन्न उपबंधों को देखते हैं तो यह पाते हैं कि मंत्री के कर्तव्यों, शक्तियों और विशेषाधिकार से संबंधित उपबंध है । नियम 2 (ङ) में दी गई परिभाषा को देखते हुए मंत्री की यह शक्तियों, कर्तव्य और कार्य संसदीय सचिव द्वारा प्रयोग किए जाने की दायी है जबतक कि संदर्भ अपेक्षित न करे । नियम 45 यह उपबंध करता है कि अध्यक्ष की अनुज्ञसा से मंत्री लोक महत्व के विषय कथन कर सकता है । ऐसे कथन पर कोई चर्चा मंजूर नहीं की जाएगी किन्तु सदस्यों को कथन के संबंध में अतिरिक्त सूचना एकत्रित करने के प्रयोजन के लिए प्रश्न पूछने की मंजूरी दी जा सकेगी । नियम 61 यह उपबंध करता है कि मुख्यमंत्री या कोई अन्य मंत्री चाहे उसने पूर्व में चर्चा में भाग लिय़ा हो या नहीं, सरकार के ओर से चर्चा के अंत में सरकार की स्थिति स्प्ष्ट करने का अधिकार होगा और अध्यक्ष इस संबंध में जांच कर सकेगा कि भाषण के लिए कितना समय अपेक्षित होगा जिससे कि समय तय कर सके और उस समय तक चर्चा साप्त हो जाय । पूछे गए प्रश्नों के उत्तरों संबंधित नियम, अनुपूरक प्रश्नों के उत्तर से संबंधित और प्रश्नों के प्रत्याहरण से संबंधित नियमों के समान अनेक अन्य नियम हैं जहां मंत्री के प्रति निर्देश दिया गया है । जब तक संदर्भ अन्यथा अपेक्षित ना करे, अभिव्यक्ति मंत्री में परिभाषा खंड को देखते हुए संसदीय सचिव सम्मिलित होगा ।

नियम 85 निम्न उपबंध करता हैः-

85(1) कोई सदस्य जिसने मंत्री पद से त्याग पत्र दिया है अध्यक्ष की सम्मिति से, अपने त्याग पत्र के स्पष्टीकरण में एक व्यक्त कथन कर सकेगा ।

(2) ऐसा कथन प्रश्न के पश्चात और दिवस के लिए कारवार की सूची ग्रहण करने के पूर्व किया जा सकेगा

(3) ऐसा कथन किए जाने पर कोई बहस मंजूर नहीं की जाएगी;

परन्तु मंत्री सदस्यों द्वारा अपना कथन किए जाने के पश्चात उसके संबंध में कथन करने को दायी होगा ।

यह नियम 2(ड) में अंतर्विष्ट उपबंधों को देखते हुए संसदीय सचिव पर भी समान रूप से लागू होगा । "मंत्रियों को लागू विभिन्न अन्य नियम है जो समान रुप से संसदीय सचिव को लागू होते है । ये नियम संसदीय सचिव के कार्यों की प्रकृति और कर्तव्यों पर भी कुछ रोशनी डालते है । नियमों के प्रयोजन के लिए सिवाय वहा जहां संदर्भ अन्यथा अपेक्षित करे, मंत्री की संसदीय सचिव से बरावरी की गई है ।"[रेखाकित पक्तियों पर बल दिया गया है]

न्यायालय ने यह मत वयक्त किया कि कुछ प्राधीकृत पाठ्यपुस्तकों को निर्दिष्ट करना सुसगंत होगा जो इंग्लेंड में संसदीय सचिव की स्थिति को वयक्त करते है क्योंकि यह पद अनेक अन्यों के समान इंग्लेंड से लिया गया प्रतीत होता है और निम्न टिप्पण केः-

"(20). आर.टी ऑनरेवल लार्ड मोरिसन ऑफ लम्बैथ की पुस्तक, "गर्वनमेंट एण्ड पार्लियामेंट"द्वतीय संसकरण, पृष्ठ 59 पर निम्न कथन किया गया हैः- प्रत्येक विभागीय मंत्री के पास प्राईक रूप से उसकी सहायता करने के लिए एक संसदीय सचिव होता है, किन्तु कुछ बडे विभागों में इस्कोटिस कार्यालय में दो, या तीन भी हो सकते हैं । अधिकतर वे हाउस ऑफ कांमन्स से सदस्य होते है, या यदि उसके नहीं तब हाउस ऑफ लार्डस के सदस्य होते है । वस्तुतः उनसे स्थाई सचिव से भ्रम नहीं किया जाना चाहिए जो विभाग में जेष्ठ सिविल सेवक होता है । आजकल वे संबंधित मंत्री से परामर्श के साथ प्रधानमंत्री द्वारा चयन किए जाते है । "

पृष्ठ 99 में पर विद्वान लेखक द्वारा संप्रेक्ष किया गया है कि सचेतक, संसदीय सचिव और संसदीय प्राईवेट सचिव, और सदन का नेता सरकारी तंत्र के भाग होते है ।

पृष्ठ 115 पर यह मत व्यक्त किया गया है कि 'सभी विभागीय मंत्रियों के पास संसदीय सचिव या सचिव' होते हैं जो सरकार के सदस्य होते है, उक्त संसदीय सचिव कार्यालय में अपने मंत्रियों और फिरन्ट बैंच पर अपने मंत्रियों की सहायता करने के लिए उपलब्ध होते है, ' उनके महत्वपूर्ण कर्तव्यों में से यह कर्तव्य सदस्यों को "की पहुच में" में होना भी है जो सदस्य 'सूचना चाहते है' या अभ्यावेदन या परिवाद करना चाहते हैं जिससे कि उनके मंत्री संसदीय आशंकाओं और रायों की जानकारी रख सकते हैं,' और अनेक ऐसे विषयों पर संसदीय सचिव द्वारा अपनी स्वंम के दायित्व पर कार्यवाही की जा सके ।

23. इन पुस्तकों के प्रति संदर्भ स्पष्ट रुप से दर्शित करता है कि ग्रेट ब्रिटेन में संसदीय सचिव सरकार का भाग माने जाते है । हमारे समक्ष प्रस्तुत की गई सामग्री के आधार पर हमारा यह मत है कि गुजरात राज्य में संसदीय सचिव भी सरकार का भाग होते है और उन्हें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123(7) के अर्थातगर्त सरकार की सेवा में होना नहीं माना जा सकता।"

73 भारत के उच्चतम न्यायालय ने जयाबचन बनाम भारत संघ [(2006) 5 एससीसी 266] वाले मामले 'लाभ का पद' की संकल्पना को स्पष्ट किया है और इस ऐतिहासिक मामले के निम्न पैरा को उतकथित किया जा सकता है:-

"6 लाभ का पद ऐसा पद है जिससे लाभ या धनिय अभिलाभ प्राप्त होता हो । केन्द्रीय या राज्य सरकार के अधीन एक पद धारण करना जिससे कुछ वेतन, परिलिभधी, प्रारिश्रमिक या गैर प्रतिकरात्मक भत्ता संलग्न है, "लाभ का पद धारण करना" होता है । यह प्रश्न की क्या कोई व्यक्ति लाभ का पद धारण करता है, इसका एक वास्तविक रीति में निर्वचन किए जाना अपेक्षित है । संदाय की प्रकृति पर सार के विषय के रुप में विचार किया जाना चाहिए बजाय रीति रूप में । नामपद्धति महत्वपूर्ण नहीं है वस्तुतः "मानदेय "शब्द का मात्र प्रयोग लाभ की परिधि से संदाय को बाहर नहीं ले जा सकता, यदि प्राप्त करता को धनीय अभिलाभ पहुंचता है । प्रतिकरात्मक भत्तों की प्रगति में दैनिक भत्तों के अतिरिक्त मानदेय का संदाय, निःशुल्क आवास और चालक सहित कार की सुविधा जो राज्य के खर्चे पर मिलते है,स्पष्ट रुप से पारेश्रमिक की प्रगति में होते है और धनीय अभिलाभ का स्रोत होते है और परिणामतः लाभ गठित करते है । इस संबंध में प्रश्न का विनिश्चय करने के लिए कि क्या कोई व्यक्ति लाभ का पद धारण किए हुए या नहीं, जो कुछ सुसंगत है वह यह है कि क्या पद, के कारण लाभ या धनीय उपलाभ प्राप्त करने को समर्थ है और ना कि क्या व्यक्ति ने वास्तविक रुप से कोई धनीय अभिलाभ प्राप्त किया है । यदि "धनीय अभिलाभ" किसी पद के संबंध में "प्राप्त होने योग्य है" तब यह लाभ का पद बन जाता है, इसका विचार किए बिना कि क्या ऐसी धनीय अभिलाभ वास्तविक रुप से प्राप्त हुआ है या नहीं । यदि पद के साथ या पदधारी अपने पास से खर्च किए गए/ वास्तविक खर्चों के प्रतिदाय से भिन्न किसी धनीय अभिलाभ के लिए हकदार बनता है तब पद अनुच्छेद 102(1) (क) के प्रयोजन के लिए लाभ का पद होगा । विधि की यह स्थिति रमना सुबन्ना बनाम जी.एस कग्गीरपा (एआईआर 1954 एससी 653), शिवामूर्ति स्वामी इनामदार बनान आगादी संगना अंडनप्पा [(1971) 3 एससीसी 870], सतरुचरला चन्द्रशेखर राजू बनाम वेरीचरला प्रदीप कुमार दैव [(1992) 4 एससीसी 404] और शीबू शौरेन बनाम दयानंद सहाय [(2001)7 एससीसी 425] के विनिश्चयों से पारंभ होते हुए आधे दशक से अधिक से स्थापित है ।"

74. जयाबच्चन बनाम भारत संघ (उपयुक्त के निर्णय से अवेक्षा किए गए उपर्युक्त पैरा का परिशीलन यह प्रकृट करता है कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने इस मुद्दे पर विधि की महत्वपूर्ण स्थिति अधिकथित की है कि यह लाभ की 'वास्तविक प्राप्ति नहीं है अपितु लाभ की "संभाव्यता" है जो कि इस प्रश्न का विनिश्चय कारी पहलू है कि क्या कोई पद, 'लाभ का पद है या नहीं' । तथापि, जबकि यह इस मुद्दे पर एक ऐतिहासिक निर्णय है, यह स्पष्ट है कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने 'लाभ का पद' की परिभाषा करने का साहस नहीं उठाया था जिसमें अन्य पहलू सम्मिलित है जो कि लाभ के घटक से अलग परिक्षण किए जाने हैं । इसलिए जया बच्चन बनाम भारत संघ वाला उपयुक्त मामले पर यह कथन करने के लिए अभिलम्ब लिया जा सकता है कि यह पद की संभाव्यता है बजाय पदधारी द्वारा वास्तविक रुप से प्राप्ति जो कि 'लाभ का पद' के प्रश्न की परीक्षा करते समय परिक्षा किया जाना है और इस परीक्षा में माननीय न्यायालयों द्वारा समय-समय पर अधिकथित सभी सुसंगत कसौटी सम्मिलित की जानी चाहिए ।

75. इस संदर्भ में यह अवेक्षा करना इससे संबंदध है कि लाभ के पद पर 16वीं लोक सभा की संयुक्त संसदीय समिति की 19वीं रिपोर्ट जो लोक सभा को तारीख 28.03.2017 को प्रस्तुत की गई थी और राज्य सभा के समक्ष 28.03.2017 को प्रस्तुत की गई थी, में निम्न अवेक्षा की गई है:-

"4. अभिव्यक्ति " सरकार के अधीन कोई लाभ का पद धारण करता है" जो अनुच्छेद 102(1) (क) और अनुच्छेद 191(1)(क) में आई है उसमें कही पर भी इसे प्रमिततः परिभाषित नहीं किया गया है । तथापि, इसका अवधारण करने के लिए कि क्या किसी व्यक्ति द्वारा धारित पद सरकार के अधीन लाभ का पद है, लाभ के पद पर संयुक्त समिति ने अपनी 10वीं रिपोर्ट (7वीं लोक सभा) जो 7 मई, 1984 को लोक सभा में प्रस्तुत की गई (उपाबंध -II) निम्नलिखि मार्गदर्शक शिधान्तों को अधिकथित किया:-

"इस प्रश्न का अवधारण करने के लिए व्यापक कसौटी कि क्या किसी व्यक्ति द्वारा धारित पद लाभ का पद है, यह न्यायिक विनिश्चयों में अधिकथित की गई है । यदि सरकार नियुक्ति पर नियंत्रण का प्रयोग करते हुए पद से पदच्युति करती है और जो कि पद के कार्यों और उनके किए जाने के आधार पर किया गया हो और यदि पारेश्रेमिक या धनीय अभिलाभ, जो प्रकृति में यथार्थ या अयार्थ हो, इस बात विचार किए बिना कि क्या पदधारी ततसमय वास्तविक रुप से ऐसा पारेश्रिमिक या अभिलाभ प्राप्त करता या नहीं से प्राप्त होता है, तब वह पद सरकार के अधीन लाभ का पद अभिनिर्धारित किया जाना चाहिए अन्यथा संविधान में परिकल्पित निरहर्ता के अधिरोपण के उद्देश्य को विफल करेगा । यह प्रथम आधारभूत सिंधान्त विधायिका सदस्य को पदों को प्रस्तावित करनेमें मार्गदर्शक पहलू होना चाहिए" ।

5. उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए लाभ के पद पर संयुक्त समिति इस प्रश्न का विनिश्चय करने के लिए कि कौन से पद किसी व्यक्ति को संसद का सदस्य चयन किए जाने के लिए और बनने के लिए निर्रहित करते है और निर्रहित नहीं करने चहिए समितियों, आयोगों, इत्यादि का परीक्षा करने के लिए नीचे अवेक्षा की गई कसौटी का अनुसरण कर रहे हैः-

(i) क्या पदधारी कोई पारेश्रैमिक जैसे बैठक भत्ता मानदेय, वेतन इत्यादि प्राप्त कर रहा है, अर्थात संसद (निरहर्ता निवारण) अधिनियम 1959 की धारा 2(क) में यथापरिभाषित "प्रतिकरात्मक भत्ता" से भिन्न कोई पारेश्रेमिक प्राप्त कर रहा है; (इस प्रकार सिधांन्त यह है कि यदि कोई सदस्य स्वंम द्वारा खर्च से से अधिक प्रतिदाय प्राप्त नहीं करता है और धनीय अभिलाभ प्राप्त नहीं करता है, तब यह निरहर्ता के रुप में कार्य नहीं करेगा।

(ii) क्या ऐसा निकाय जिसमें कोई कार्यालय स्थापित है कार्यकारी, विधायी या न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करता है या निधियों के वितरण, भूमि आंवटन, अनुज्ञप्तियों का जारी किया जाना इत्यादि की शक्तियां प्रदान करता है या नियुक्ति की शक्तियां प्रदान करता है, स्कालरसिप इत्यादि प्रदान करता है; और

(iii) क्या निकाय जिसमें कार्यालय स्थापित है पदधारी को प्रश्रय के रूप में प्रभाव डालने या शक्ति का प्रयोग करने के लिए पदधारी को समर्थ बनाता है।

यदि उपर्युक्त किसी कसौटी का उत्तर सकारात्मक है तब प्रश्नगत पद निरर्हित करेगा।

76. लाभ के पद पर संयुक्त संसदीय समिति द्वारा अंगीकृत किया गया परीक्षण माननीय उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए विभिन्न निर्णयों के अधीन उपबंधित कसौटियों को अंगीकृत करते है और इस प्रकार इस निर्देश का विनिश्चय करने में उन पर अविलंब लेना निरर्थक नहीं होगा।

77. इस संदर्भ में यह अवेक्षा की जा सकती है कि माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष विमलोंगषु राय बनाम असम राज्य स्थानानतरित मामला (सिविल) सं. 2006 की 169 [(2017) एससीसी ऑनलॉन एससी 813, निर्णय तारीख 26.07.2017] मामले में संसदीय सचिवों की नियुक्ति द्वारा अनुच्छेद 164(1क) के उल्लघंन का प्रश्न था। तथापि, माननीय उच्चतम न्यायालय ने असम राज्य की विधान सभा की ऐसी एक विधि अधिनियमित करने की सक्षमता पर प्रारंभिक विवाद्यक की विरचना की, जिसके अधीन संसदीय सचिवों के पद सृजित किए गए थे और यह अभिनिर्धारित करते हुए इसका नकारात्मक उत्तर दिया कि अनुच्छेद 194 की स्कीम अभिव्यक्त रूप से राज्य विधायिका को ऐसे पद सृजित करने के लिए जैसे कि संसदीय सचिव के पद है प्राधिकृत नहीं करती है और एक विस्तरित और विवक्षित संवैधानिक व्यवस्था विधायिका और इससे संबद्ध विभिन्न कार्यालयों और उनके अनुसंगिक विषयों के संबंध में भी विद्यमान है और इसलिए अनुच्छेद 194 (3) और सूची -2 की प्रविष्टि 39 की परिधि अर्थान्वियन करना अतार्किक होगा कि नजीर का पठन विधान सभा द्वारा विधान बनाने के माध्यम से विधायिका के नये पद सृजित करने के लिए किया जाए।

78. इस प्रकार यह अब विधि कि सुस्थापित स्थिति है कि राज्य विधान सभाओं को राज्य विधायिका के अधिकारियों के पद सृजित करने की सक्षमता नहीं है। इसके अतिरिक्त विधि कि यह सुस्थापित स्थिति है कि कार्यकारी शक्ति की व्यापकता संबंधित विधायिका की विधायी सक्षमता की सीमाओं पर भी विस्तारित होती है। इसलिए प्रत्यर्थियों की संसदीय सचिवों के पद पर नियुक्ति राज्य विधान सभा के अधिकारी के रूप में नहीं हो सकती जब ऐसी पद पूर्णतया स्तित्व में नहीं और जब स्वंम विधायिका को ऐसा एक पद सृजित करने की कोई शक्ति नहीं थी। इसके अतिरिक्त यह सुझाने के लिए कोई सामाग्री नहीं है कि संसदीय सचिव का पद राज्य विधायिका के एक अधिकारी का पद होना आशयित किया गया था। इसलिए विमलोंगषू राय बनाम असम राज्य वाले उपर्यक्त मामलें में माननीय उच्चतम न्यायालय ने उपर अवेक्षा किए गए निर्णय और विनिश्चय द्वारा इस प्रकार अलग किये जाने के आधार पर एक मात्र निष्कर्ष जो निकलता है वह है कि संसदीय सचिवों के पद पर प्रत्यर्थियों की नियुक्ति कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में थी और संसदीय सचिव का पद इसलिए कार्यपालक पद है।

79. माननीय मुम्बई उच्च न्यायालय ने ऐरिस रोड्रिगस बनाम गौवा राज्य (2009 सप्ली मुम्बई सी आर-16) वाले मामले में संसदीय सचिवों की नियुक्त के प्रश्न की जांच की थी। जबकि गौवा राज्य में इन संसदीय सचिवों के कृतव्यों और कार्यों के संबंध में कोई स्पष्ट शासकीय व्यापकता अधिकथित नहीं थी, माननीय न्यायालयों ने कनाडा जैसे अन्य अधिकारिताओं में विधि और प्रक्रिया पद की संकल्पना और प्रकृति की ऐतिहासिक उत्पत्ती की संज्ञान लिया और यह अभिनिर्धारित किया कि संसदीय सचिव, मंत्रिमंडल सदस्य के समान थे और उनकी नियुक्ति और आदेश मनमाने, अनुचित, असंवैधानिक और कोई लोकहित पूरा न होने के आधार पर अभिखंडित की गई थी।निर्णय का सुसंगत उद्हरण निम्न प्रकार हैः-

> "16. इतिहास से दर्शित होता है कि 'संसदीय सचिवों' का पद एक नई संकल्पना नहीं है। 'संसदीय सचिव' सत्तारुढ विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा संभव्यता इस विचार के अधीन नियुक्त किए गए थे कि उनके कुछ चयनित सदस्यों को उसमें नियुक्त किया जा सके। अभिलेख से यह दर्शित होता है कि पूर्वतर समयों में भी, ' संसदीय सचिव सत्तारुढ दल

द्वारा नियुक्ति किए गए थे' । कुछ राज्य सरकारों ने संसदीय सचिवों की नियुक्तिके संबंध में कानून बनाए और उनकी नियुक्ति के निबंधनों और शर्तों और उन्हे संदेय शोध्यों और भत्तों के संबंध में भी विधान बनाए । कर्नाटक राज्य ने कर्नाटक संसदीय सचिव भत्ता अधिनियम 1963 अधिनियमित किया जबकि असम सरकार ने भी असम संसदीय सचिव (नियुक्ति, वेतन, भत्ते और प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम 2004 अधिनियमित किया और निम्नलिखित विधानों के प्रति भी निर्देश किया जा सकता हैः-

"1. अरुणाचल प्रदेश संसदीय सचिव (नियुक्ति, वेतन, भत्ते और प्रकीर्ण उपबंध) अध्यादेश 2007

2. संसदीय सचिव (विशेष भत्ता संदाय और निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1971 (पुडूचेरी)।

3. पश्चिमी बंगाल विधान मंडल (निरर्हताओं को हटाया जाना) अधिनियम, 1952 ।

18. ये सभी विधियां सक्षम विधान मंडलों द्वारा अधिनियमित की गई थी जिससे कि संसदीय सचिवों की नियुक्ति की प्रक्रिया और वेतन भत्तों और परिलब्धियों को प्रदान किए जाने की व्यवस्था की जा सके । उदाहरण के लिए असम राज्य के संबंध में विधि मुख्यमंत्री से यह अपेक्षा करती है कि वह परिस्थितियों के संबंध में और स्थितियों की आवश्यकता के अनुसार अपने चित का प्रयोग करे और तब ऐसे कार्य के लिए जो ठीक और उचित संसदीय सचिवों की नियुक्ति कर सके । उनके कार्यों और कर्तव्यों को उचित रीति में विनिर्दिष्ट किए जाने की प्रत्यासा की गई थी । वस्तुतः ऐसे विधान के पीछे का उद्देश्य बहतर शासन और इसी भांती लोकहित को सुनिश्चित करना था । क्रमिक राज्यों द्वारा अधिनियमित इन विधियों में से कोई भी विधि, संवैधानिक विधि के अनुरुप होनी चाहिए और संवैधानिक आदेश के उद्देश्य को पूरा करती हूँ । वे संवैधानिक आदेश का उल्लघंन नहीं कर सकती और न ही उन्हें ऐसा करना चाहिए ।

20. रिपोर्ट [संसदीय क्रियाकलाप मंत्रालय भारत संघ द्वारा तैयार की गई "संसदीय सचिव " पर अध्ययन रिपोर्ट] विनिर्दिष्ट रुप से अवेक्षा करती है कि संसदीय सचिवों को ऐसे कार्य करने थे जो उन्हें मंत्री द्वारा सौपे जा जाए और गोपनीयता की सपथ जो उन्हें दिलाई गई यह दर्शित करती है कि उन्हे शासकीय पत्रों की भी पहुच होगी इस रिपोर्ट के अनुसार संसदीय सचिव नियुक्त करने की परिपाटी वर्ष 1967 तक मुख्य रुप से अनुसरण की गई थी । 1967 से 1984 तक कोई संसदीय सचिव नियुक्त नहीं किए गए थे । तथापि, 1984 के पश्चात यह परिपाटी पुनः बहाल हो रही है यद्दिप यदाकदा ।

21. तारीख 4 नवम्बर, 1985 को संसदीय क्रियाकलाप और पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने "संसदीय सचिवों" के संबंध में एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया था जो निम्न प्रकार हैः-

संख्या एफ.4(25)/84-डब्लूएस

भारत सरकार

संसदीय क्रियाकलाप और पर्यटन मंत्रालय

(संसदीय क्रियाकलाप विभाग)

87, संसद भवन,

नई दिल्ली

4 नवम्बर, 1985

कार्यालय ज्ञापन

विषयः- संसदीय सचिवों के कार्य

अधोहस्ताक्षरित को यह कहने के निर्देश हुआ है कि संसदीय सचिवों के मानकों का प्रश्न पिछले कुछ समय से सरकार के विचाराधीन रहा है । माननीय प्रधानमंत्री के अनुमोदन के साथ यह अब विनिश्चय किया गया है कि संसदीय सचिव के कार्य निम्न प्रकार होंगेः-

(i) वह मंत्री महोदय के शासकीय कार्य में उनकी सहायता करेंगे ।

(ii) वह विभाग/मंत्रालय के उस सदन में अभ्यावेदन करेंगे जिससे वह संबंधित है ।

(iii) वह ऐसे कार्यों का संपादन करेंगे जैसा कि उन्हें मंत्री द्वारा सौंपा गया है ।

टिप्पण : संसदीय सचिव के रूप में गोपनीयता का शपथ ग्रहण से, उनकी पहुंच शासकीय पत्र तक होगी ।

(डी.आर. तिवारी

उप सचिव, भारत सरकार

सेवा में,

1. भारत सरकार के समस्त मंत्रालय/विभाग
2. केबिनेट सचिवालय को (पांच प्रति) डी.ओ.सं. 55/1/2/84/केबिनेट के डी.ओ. सं. संदर्भ सं. के साथ ।
3. प्रधानमंत्री कार्यालय, गृह मंत्रालय (एम एंड जी खंड पांच प्रति)"

....

61. इस बात की परीक्षा किए जाने की आवश्यकता है कि किन उद्देश्यों के लिए 'संसदीय सचिवों की नियुक्ति की गई है जैसा कि प्रतीत होता है कि भारत के संविधान से व्युत्पन्न प्राधिकार या किसी कानून के अंतर्गत ऐसी कोई नियमित काडर की नामपद्धति की उत्पत्ति नहीं हुई है । दूसरे शब्दों में, ये न तो नियमित राज्य सेवा के भाग है न ही राज्य के सुशासन में शामिल निकायों के प्राधिकारिक कार्यपालिका के भाग है । केबिनेट मंत्रियों एवं राज्य मंत्रियों की संख्या धारा 164(1क) के अंतर्गत चुनाव के ठीक पश्चात् नियुक्ति करने के लिए अपेक्षित की गई है । ठीक उसी समय, संसदीय सचिवों की नियुक्ति होती है । सामान्यत: एवं जैसा कि शपथ पत्र के प्रति उत्तर में यह स्वीकार किया गया है कि उनके कार्य और कर्तव्य उन मंत्रियों की सहायता करना है जिनके साथ वे कार्य कर रहे हैं । उन्हें मंत्री के तरह सभी विशेषाधिकार एवं पर्क्स दिए गए हैं । उन्हें मंत्री के समतुल्य स्टॉफ दिए गए है । यह नहीं कहा जा सकता है कि उनकी पहुंच सरकारी अभिलेख एवं सरकारी फाइलों तक नहीं थी । उनकी मुख्य भूमिका जैसा कि यह हमारे पहले के रिकार्ड से दिखाई देता है, सरकारी कार्य में भाग लेना है, कुछ सीमाएं हो सकती है, लेकिन वे सारकार के कामकाज में, पब्लिक के साथ संबंध और उनके रिकार्ड तक बाहरी लोगों के लिए कोई रास्ता नहीं है । नाम पद्धति के साथ मुख्य रूप से उनके साथ प्राथमिक रूप से चिन्हित दोनों में अंतर है । एक को नियमित मंत्री कहा जाता है जबकि दूसरे को संसदीय सचिव । इन दोनों लोक सेवकों में मुख्य अंतर कैसे और क्या है यह प्रश्न किसी भी मामले में और किसी भी व्यक्ति के लिए कल्पना करना के छोड़ दिया गया है । जबकि रिकार्ड से कुछ भी दर्शित नहीं होता है । सरकार के सामान्य आचरण को देखने पर लगता है कि ये नियुक्तियां प्राथमिक रूप से निर्वाचित सदस्यों को उपकृत करने के उद्देश्य से किया गया था पहला यह कि जिनको नियमित कैबिनेट में शामिल नहीं किया जा सकता था या दूसरा यह और संविधान के अनुच्छेद 164(1क) में निहित परिसीमाओं के लिए किया गया था । उन्हें मंत्री का नाम नहीं दिया जबकि मंत्री की स्थिति विशेषाधिकार व कार्य दिए गए । ऐसी शक्ति के प्रयोग के इस स्थिति ने ऐसा परिणाम बनाया जो असत्य प्रतीत होता है । वास्तव में 'संसदीय सचिव' व्यक्तिगत रूप से मंत्री के नाम के सिवाय सभी प्रकार से विधित: मंत्री थे, जबकि संसदीय सचिव वस्तुत: मंत्री थे जो मंत्री के तरक सभी प्राधिकार, शक्ति, परिलब्धि, प्रास्थिति और विशेषाधिकारों का प्रयोग करते है ।

80 (.....) प्रत्यर्थी सं. 2 से 4 तक संसदीय सचिवों के रूप में नियुक्ति का कैबिनेट मंत्री के प्रास्थिति और श्रेणी देने का उद्देश्य केवल निर्वाचित सदस्यों को उपकृत कर राजनीतिक संतुलन बनाने के उद्देश्य से किया था । किसी भी तर्क के अभाव में इस तथ्य का समर्थन किया है कि राज्य में ऐसे उच्च सार्वजनिक कार्यालय में नियुक्त व्यक्तियों के कर्तव्य और कार्य के बारे में बताए जाने और उन्हें कैबिनेट मंत्रियों का दर्जा देने के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता है । यह पर्याप्त रूप से अनुचित है यह पर्याप्त रूप से उपयोगी है कि संबंधित अधिकारियों की ओर से अनुचित हेतुक के लिए वास्तविक उद्देश्यों को हटा देता हो भले ही यह माना जाता है कि नियुक्ति और शपथ दिलाने की ऐसी शक्ति जो मुख्यमंत्री में निहित है ।

.....

83. जहां तक प्रत्यर्थी सं0 2 और 4 का संबंध है, उनकी नियुक्ति सार्वजनिक कार्यालय में संसदीय सचिवों के नाम से कैबिनेट के दर्जे में की गई है और वे संबंधित मंत्रालयों में कर्तव्य व कार्य का निष्पादन कर रहे हैं । वे विधान सभा में सरकार के प्रतिनिधि है और मुख्य मंत्री को उनके समुचित आदेशों को पारित करने में सहायता देते हैं । स्पष्ट है कि वे निर्णय लेने व निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेते हैं । उक्त पद की प्रास्थिति और दर्जा के साथ कार्य, कर्तव्य, उत्तरदायित्व और विशेषाधिकार इसीलिए जोड़ा गया कि तथ्य और सार में कैबिनेट मंत्री या मंत्री की तरह नियुक्ति की गई जबकि अभिव्यक्त संसदीय सचिव के रूप में किया जा सके । हमने यह पहले ही देखा है कि संसदीय सचिव का पद किसी कानूनी शक्तियों के प्रयोग के अग्रसरण में नियमित पद नहीं बनाया गया है और गोवा राज्य में उसकी ओर से ऐसा कोई भी कानून नहीं बनाया है ।

संसदीय सचिवों की नियुक्ति मुख्य मंत्री द्वारा यह कहते हुए बनाया गया है कि वे संवैधानिक रूप से मंत्री परिषद् के रूप में आएंगे । यदि संसदीय सचिवों की ऐसी नियुक्तियां राज्य विधान सभा में नियुक्ति से संबंधित है जैसा भारत के संविधान के अनुच्छेद 187(3) के अंतर्गत विधान सभा के अध्यक्ष से परामर्श के पश्चात्, राज्य का राज्यपाल ऐसे पद पर नियुक्ति के लिए

आवश्यकताओं, सेवा की शर्तों, योग्यता के संबंध में प्रवृत्त संहिताबद्ध कानून में विनिर्दिष्ट है, ऐसी नियुक्ति कर सकता है । यह स्वीकार किया गया है कि यह ऐसा मामला नहीं है इसलिए ऐसी नियुक्तियां विधान सभा के काडर से की नहीं है और वास्तव में न ही ये राज्य का मामला है । (बल दिया गया)

80. जगमोहन सिंह भट्टी बनाम भारत संघ (2015 का सी.डब्ल्यू पी.नं0 15186 (ओ.एंड एम.)(2017 एस.सी.सी. आनलाइन पी.एंडएच. 2150) वाले मामले में माननीय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने यह संसदीय सचिवों के नियुक्ति के विवाद को परीक्षित किया और उपरोक्त नियुक्तियों को अपास्त किया । माननीय उच्च न्यायालय ने निम्नलिखित प्रेक्षण दिया :

74. मुख्य संसदीय सचिवों/संसदीय सचिवों की नियुक्ति वास्तव में राज्य के विधान सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों के बीच से की जाती है जो कनिष्ठ मंत्री होते हैं और सरकार के बदलने पर बदल जाते हैं । वे संसदीय या अपने राजनीतिक पक्ष के कार्य में मुख्य व्यक्ति को सहायता देते हैं जैसा कि विभागों के प्रशासन में होता है ।

78. मुख्य संसदीय सचिवों के समान होता है और विधान सभा के सदन में मंत्री के बराबर होता है । उनकी नियुक्तियां संविधान (इक्यानवेवां संशोधन) अधिनियम, 2003 का स्पष्ट उल्लंघन और अस्वीकृतियां है । ऐसी नियुक्तियां, विधान सभा के सदन में मंत्रियों की संख्या के परिसीमा के इस सांविधानिक आशय के विपरीत है जो यह कहता है कि उनकी संख्या 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती है । वास्तव में प्रत्यर्थी सं0 7 से 10 की नियुक्तियां संवैधानिक आदेश जैसा कि संविधान के अनुच्छेद 164(1क) के निहित है, से बचकर निकलने के लिए गोलमाल कर दिया गया है । इसलिए इसे अमान्य किया गया है ।

81. माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भी पश्चिम बंगाल विधान सभा में संसदीय सचिवों की नियुक्ति के विवाद को विशाक भट्टाचार्य बनाम पश्चिम बंगाल राज्य (ए.आई.आर. 2015 कल. 187) के मामले में परिक्षित किया और माननीय उच्च न्यायालय ने निम्न प्रेक्षण दिया :

43. इसी प्रकार अनुच्छेद 186 और अनुच्छेद 187, जैसा सभापति और उप सभापति पर निर्भर नहीं कर सकती है । इसलिए भी इन अनुच्छेदों में निर्दिष्ट अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को संसदीय सचिवों के साथ तुलना नहीं किया जा सकता है । इनमें से किसी भी व्यक्ति को अनुच्छेद 186 और 187 के अंतर्गत नहीं भेजा गया है जैसा कि संसदीय सचिव के रूप में पैरा 37 में निर्दिष्ट कर कार्यों और कर्तव्यों के निवर्हन के लिए आवश्यक है, जो मंत्रिपरिषद् के बराबर है ।

44. इस बात में कोई विवाद नहीं है कि विधि द्वारा राज्य के विधायिका को दी गई शक्ति, विशेषाधिकार और ऐसे विधायिका में सदन के रूप में या सदस्य के रूप में परिभाषित है । हम राज्य विधायिका के सदस्य के रूप में प्रत्यर्थी पक्ष की स्थिति के संबंध में विवाद को निर्णीत नहीं कर रहे हैं । हम उनके संसदीय सचिव के रूप में प्रास्थिति को परीक्षित कर रहे हैं । वे राज्य की विधायिका के सदन, उसके और सदन के समितियों के सदस्य के रूप में वर्णन के लिए ठीक नहीं है ।

49. प्रवर्तन को चुनौती दी गई है कि संसदीय सचिवों के पदों को बनाया गया था और उसे मुख्यमंत्री के विवेक पर प्रसाद पर छोड़ दिया गया है । इतिहास में संसदीय सिचव का सिद्धांत अपरिचित इतिहास नहीं है । हमने प्रवर्तनीयता को परीक्षित किया है जिससे संसदीय सचिव के पद को सृजित किया गया है । जिसमें नियुक्तियों के कार्य प्रणाली के संबंध में कार्यों के विभाजन रेखा, कर्तव्य और संसदीय सचिव के रूप में सुविधाएं प्रावधान किए गए हैं । उसी प्रकार के उद्देश्य और विषय के साथ अनुच्छेद 164 को संशोधित कर अनुच्छेद 164(1क) निगमित किया गया । संसदीय सचिवों के कार्यों को कानून में परिभाषित किया गया है जो मंत्रिपरिषद् के कर्तव्यों और कार्यों के परिधि से परे नहीं हो सकता है । उनके कर्तव्य ऐसे नहीं है जैसा कि महाधिवक्ता, सभापति और उपसभापति के हैं, जो संविधान के अन्य उपबंधों के आधार पर सृजित किए गए हैं ।

संसदीय सचिव के पद के कार्य को, मंत्रियों के कार्यों से संलग्न किया गया है । दूसरे शब्दों में, वे राज्यों के मंत्रियों के उत्तरदायित्व के अंश है । उनका विभागों के कर्तव्यों और कार्योंा में विवेचना और भागीदारी वे है, जो संलग्न किए गए हैं, जो निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रभाव डालते है । जहां तक उसका वह विभाग संबंधित है । दूसरे शब्दों में वे मंत्री कहलाए बिना भी मंत्री की तरह कार्यों को निर्वहन करते हैं । वे सचिव नहीं है जो अनुच्छेद 309 के अधीन लोक सेवक के रूप में होते है । संसदीय सचिव ठीक उसी तरह एक राजनीतिक कार्यपालक है जैसा कि अन्य राजनीतिक कार्यपालक राज्य में होते हैं ।

62. यद्यपि एक हो यह देखना है कि संसदीय सचिव की नियुक्ति मंत्री की नियुक्ति के समान है । क्या यह संविधान के आदेशों के अधीन प्रतिबंधों या परिसीमाओं को पराजित करने के लिए और दरकिनार करने के लिए प्रयोग किया गया है ? निश्चित रूप इस पद की नामप्रणाली असंगत है । किस उद्देश्य के लिए उनकी नियुक्ति की गई और यह देखना है कि उनके कार्यों का कैबिनेट के मैकेनिज्म के आधार पर मूल ढांचे पर क्या प्रभाव पड़ता है ।

63. अनुच्छेद 164(1क) के प्रावधानों के संदर्भ से मंत्री और संसदीय सचिव के बीच के अंतर को समझा जा सकता है। ऐसे संसदीय सचिव की नियुक्ति, नियुक्ति का उद्देश्य, कर्तव्य और कृत्यों और परिलब्धियों और उनको दिए गए विशेषाधिकार किसी राज्यमंत्री के समान हैं। राज्यमंत्री कुछ नहीं है लेकिन विधानसभा का एक निर्वाचित सदस्य हो जो मंत्री परिषद् का एक भाग है जो राज्यपाल को राज्य के कृत्यों के निर्वहन में सहायता करता है और सलाह देता है। चाहे वह मंत्रिमंडल या मंत्रिमंडल के भीतर राज्यमंत्रियों का एक भाग बनने वाला व्यक्ति है। उनकी संख्या स्पष्ट रूप से और अविवादास्पद रूप से अनुच्छेद 164(1क) के उपबंधों द्वारा शासित होती है। उनकी नियुक्तियों को सम्यक् रूप से अधिसूचित किया जाता है तथा राज्यपाल के माध्यम से उन्हें शपथ दिलाई जाती है। यह प्रतीत होता है कि भारत के संविधान से प्राधिकार उद्भूत करने वाला संसदीय सचिव की नाम पद्धति वाला नियमित संवर्ग नहीं है अर्थात् वे न तो नियमित राज्य सेवा के न ही राज्य के प्रशासन का शासन करने वाली राजनीतिक कार्यपालक प्राधिकारियों का एक भाग है। उनकी भूमिका सरकार के कार्यों में तथ्यात्मक रूप से कुछ निर्बन्धनों सहित भाग लेने की है किंतु निःसंदेह वे सरकार के कार्यकरण में बाहरी व्यक्ति हैं।

64. प्रस्तुत मामले में, कानूनी प्रश्न कुछ भी नहीं है लेकिन अधिनियम परिसीमा पर काबू करने के लिए और प्रतिबंधों को संविधान के अनुच्छेद 164(1क) के अधीन अधिरोपित किया गया है इसलिए यह संविधान के प्रतिकूल है और समाप्त किए जाने योग्य है।

82. कई उच्च न्यायालयों ने उपरोक्त उल्लिखित संप्रेक्षणों के परिशीलन कर बहुतायत रूप से स्पष्ट किया है कि संसदीय सचिव का पद व उनके द्वारा कार्यों के निर्वहन के प्रकाश में मंत्री के समान ही हैं और उनकी पहुंच सरकारी फाइलों तक और निर्णय लेने एवं शासन को प्रभावित करने की है। यह उल्लिखित करना सुसंगत है कि पंजाब राज्य, असम, राज्य, गुजरात, मेघालय और पश्चिम बंगाल के राज्यों में संसदीय सचिव का पद निरर्हता को हटाने के लिए उनके अपने अपने विधानों के अंतर्गत आता है।

विधिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए तथ्यों का विश्लेषण :

मुद्दा 1- क्या प्रत्यर्थी विधान सभा सदस्यों ने संसदीय सचिवों का पद धारण किया है ? उनकी लोक अभिलेख और जनता के साथ बातचीत में पहुंच है। व्यवहारतः सिवाय नामपद्धति के वे लगभग किसी राज्य के मंत्री के रूप में कार्य करते हैं। यह प्रतीत होता है कि मुख्यतः ये नियुक्तियां विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों जिसे नियमित मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया जा सका है, को इस कारण या अन्य कारणों से मुख्यतः संविधान के अनुच्छेद 164 (1क) में अंतर्विष्ट निर्बन्धनों के लेखे शामिल करने के लिए की गई है। वास्तव में 'संसदीय सचिव' को वह सब प्राप्त होता है जो किसी मंत्री को प्राप्त होता है सिवाय नाम।

83. इस मुद्दे का उत्तर वर्तमान निर्देशित मामले में इस आयोग द्वारा पारित आदेश तारीख 23-3-17 (उपाबंध 3, पृष्ठ सं. .... से पृष्ठ ....तक) द्वारा उत्तर दिया गया है जिसमें इस आयोग ने यह अभिनिर्धारित किया है कि प्रत्यर्थियों ने संसदीय सचिवों का पद तारीख 13-3-15 से 8-9-2016 तक धारण किया था।

मुद्दा 2- क्या संसदीय सचिव का पद सरकार के अधीन एक पद है ?

84. वर्तमान संदर्भित मामले में तथ्यों की विसमता ऐसी है कि प्रत्याशी तारीख 13-3-15 की नियुक्तियों के आदेश द्वारा संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किए गए थे तथापि, ऐसे किसी पद को सृजित करने तथा पद के पदधारियों पर न्यस्त कार्य तथा उत्तरदायित्वों की प्रकृति को परिभाषित करने के लिए कोई विधि या आदेश विद्यमान नहीं था। इस प्रकार इस बारे में प्रश्न हो सकता है कि क्या पद सर्वथा ही था और क्या ऐसा पद सरकार के अधीन था।

85. तथ्य यह है कि नियुक्तियों जीएनसीटीडी आदेश, तारीख 13-5-15 द्वारा की गई थीं या केवल ऐसा पद है जिसे नियुक्त किया जा सकता है। अब इसलिए इसे तथ्य के आधार पर प्रत्यर्थी संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किए गए थे। यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि संसदीय सचिवों का पद तारीख 13-3-15 के नियुक्ति आदेश द्वारा अस्तित्व में आया और इस प्रकार पद के अस्तित्व का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। इसके अतिरिक्त यह तथ्य कि प्रत्यर्थियों को पद की शपथ दिलाई गई थी इसे और अधिक स्पष्ट करता है कि इस संदर्भ के प्रयोजन के लिए पद के अस्तित्व पर कोई प्रश्न ही नहीं उठाया जा सकता है।

86. इस प्रश्न के बारे में कि क्या संसदीय सचिव का पद सरकार के अधीन एक पद था, क्या इस पद की प्रकृति को समझना महत्वपूर्ण है। "पद" अभिव्यक्ति को संविधान में परिभाषित नहीं किया गया है। महादेव बनाम शांति भाई [(1965) 2 एससीआर 422] के मामले में विचारार्थ प्रश्न यह था कि रेल प्रशासन द्वारा वकीलों के पैनल पर किसी व्यक्ति की नियुक्ति को पद के रूप में माना जा सकता है और क्या वह पद लाभ का पद है, न्यायालय ने इस मामले में मैकमिलन बनाम गेस्ट [(1942) एससी 561; (1942) एएलएलईआर 606] के मामले में हाउस आफ लार्ड्स में लार्ड राइट ने संप्रेक्षण का उल्लेख किया जिसमें राइट की यह राय है कि "पद" शब्द की विषय वस्तु अनिश्चित है इसके विभिन्न अर्थ नए अंग्रेजी शब्दकोष के चार स्तंभों के

अंतर्गत आते हैं किंतु मैं निम्नलिखित का इस मामले के प्रयोजन के लिए अति सुसंगत रूप में अपनाता हूं। ऐसा पद स्थान या स्थान जिससे कतिपय कर्तव्य जुड़े हुए हों विशेष रूप से जो कम या अधिक सार्वजनिक प्रकृति के हैं। (बल दिया गया)

87. लार्ड राइट की दी गई परिभाषा को ध्यान में रखते हुए, जैसा ऊपर कोट किया गया है, यह माना जा सकता है कि संसदीय सचिव के पद, जो एक पद है, से भी कुछ कर्तव्य जुड़े हुए होंगे क्योंकि नियुक्ति आदेश और साथ के दिल्ली विधानसभा के कारबार संचालन नियम इस मुद्दे को जानबूझ कर चुप्पी सादे हुए छोड़ दिए गए प्रतीत होते हैं। इस बारे में निश्चितता के साथ अभिनिश्चित करने के लिए कुछ भी नहीं है कि ये कर्तव्य कौन से थे या कौन से रहे होंगे। यह स्थिति हमें संसदीय सचिव के पद के इतिहास तथा अन्य राज्यों में संसदीय सचिवों की नियुक्ति के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों द्वारा दिए गए निर्णयों को अवलोकन करने के लिए तथा उन तथ्यों तथा परिस्थितियों के बोध के आधार पर पद की प्रकृति को अभिनिश्चित करने के लिए विवश करती है।

88. ऊपर पैरा 62 में विचार विमर्श तथा मौलाना अब्दुल सकूर बनाम रिखाब चंद (ऊपर), गुरु गोविन्द बसु बनाम शंकरी प्रसाद घोषाल (ऊपर), बिहारी लाल डोब्रे बनाम रोसनलाल डोब्रे (ऊपर) प्रद्युत बारदोलाई बनाम स्वप्न राय (ऊपर) में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रगणित कसौटियों को ध्यान में रखते हुए, यह ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि प्रत्यर्थी जीएनसीटीडी के आदेश द्वारा संसदीय सचिवों की नियुक्ति की गई थी, इस प्रकार उन्हें मुख्यमंत्री के प्रसादपर्यन्त इस पद पर सेवा करते रहना था जिसे किसी सूचना के बिना उनकी नियुक्ति प्रतिसंहृत करने की शक्ति प्राप्त थी।

89. चूंकि संसदीय सचिवों के कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों का कोई वर्णन नहीं है तथा केवल निदेश जिनका अस्तित्व उनसे सम्बन्धित था कि वे व्यष्टि मंत्रियों से जुड़े हुए थे। यह कि संसदीय सचिव सम्बद्ध मंत्रियों के निदेशों और निरंतर पर्यवेक्षण के अधीन कार्य कर रहे थे तथा सम्बद्ध मंत्रियों द्वारा यथा निदेशित और प्रत्यायोजित उत्तरदायित्वों को लेने की अपेक्षा की गई थी। अतः, सरकार के नियंत्रण का बड़ा विस्तार है जिससे वह रीति जिसमें पद के कर्तव्यों का निर्वहन किया गया था।

90. यह भी अविवादित तथ्य है कि संसदीय सचिवों को किया जाने वाला सदस्यों का विनिश्चय नियुक्त प्राधिकारी अर्थात् जीएनसीटीडी द्वारा लिया गया था और किए गए व्यय के संदाय और इस पद में किया या संदाय और सरकार के बजटीय स्रोतों से बाहर जा कर किया गया था।

91. इसके सिवाय, पैरा सं. 01 में विचार-विमर्श प्रचुरता से स्पष्ट है, 'सरकार के अधीन' किसी पद पर कब्जा करने का प्रश्न भी हितों के संघर्ष के प्रश्न से जुड़ा है क्योंकि "लाभ के पद के सिद्धांत के पीछे प्रधान मूलाधिकार यह है कि विधायक को बिना किसी सरकारी दबाव के किसी प्रकार के अधीन रहते हुए बेधड़क अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए अवश्य स्वतंत्र होना चाहिए।"

92. अतः, यह व्यापक अर्थ का प्रश्न है, यदि घर और लोगों की ओर से विधायक के कर्तव्य के मध्य संघर्ष की कोई संभावना विद्यमान होती हैं और पद के सम्बन्ध में अपने हित को उन्होंने कब्जा किया हुआ है। चूंकि संसदीय सचिव सम्बन्ध मंत्रियों द्वारा यथाप्रत्यायोजित और निर्देशित कर्तव्यों को वहन कर रहा था, इस तथ्य का कोई प्रश्न नहीं है कि संसदीय सचिव सरकार का कार्य करेंगे और अतः, वे सरकार के लिए कार्य करेंगे। विधायन द्वारा कार्यपालिका का पर्यवेक्षण और नियंत्रण लोकतंत्र के संसदीय प्ररूप की बुनियादी सुविधा है तथा विधानसभा का एक सदस्य, जो सरकार के लिए कार्य करता है उसके हित के संघर्ष की आवाज से स्वतंत्र होने की अपेक्षा नहीं की जा सकती। इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि व्यापक प्रभाव था कि इन संसदीय सचिवों पर सरकार द्वारा प्रयोज्य किया गया था और इस प्रकार सरकार उसके प्रभाव की स्थिति में थी और दिल्ली विधान सभा के सदस्य के रूप में उसके द्वारा स्वतंत्र कार्य किए जाने में हस्तक्षेप कर रही थी।

93. अतः, यह प्रचुरता से स्पष्ट है कि संसदीय सचिव का पद सरकार के अधीन एक पद था और ऐसे पद पर कब्जा हितों संघर्ष की आवाज से सामना कर रहा था।

मुद्दा 3 : क्या संसदीय सचिव का पद एक ऐसा पद है जिससे लाभ की प्राप्ति होती है अथवा लाभ की प्राप्ति की होने की संभावना है ?

94. इस खंड के प्रारम्भ के समय इस निर्देश मामले की विशिष्टियों में यह समझना आवश्यक है कि जो इसके समय के बाहर आने से पूर्व उठाया गया है। प्रत्यर्थियों की तारीख 13.03.2015 के जीएनसीटीडी आदेश द्वारा दिल्ली सरकार के मंत्रियों के लिए संसदीय सचिवों के रूप में नियुक्ति की गई थी। अतः, याचिकाकर्ता ने तारीख 19.06.2015 को माननीय भारत के राष्ट्रपति के समक्ष अपनी याचिका फाइल की थी। इस प्रकार जीएनसीटीडी के साथ-साथ प्रत्यर्थी विधानसभा सदस्य सावधान हो गए और ऐसी बहुत-सी प्रसुविधाएं, जो इन विधानसभा सदस्यों को प्रदान की गई थीं, दुविधा में वापस ले लिया गया था तथा संसदीय सचिवों को कार्य के आबंटन के लिए न तो कोई आदेश पारित किया गया था और न ही दिल्ली विधानसभा के कारबार के संचालन के नियम में कोई संशोधन लाया गया था। वह तथ्य, जिसमें जीएसीडीटी तथा प्रत्यर्थी सावधान हो गए

और उस तथ्य से अपने कदम को अमान्य करने के लिए सभी प्रयास किए कि जीएनसीडीटी ने तारीख 23.06.2015 को "दिल्ली विधानसभा सदस्य (निरर्हता का हटाया जाना) संशोधन विधेयक, 2015" को पुरःस्थापित किया और 24.06.2015 को इसे पारित किया जिसमें याचिकाकर्ताओं द्वारा पांच दिन के भीतर शिकायत फाइल की गई थी । इसके अतिरिक्त, विधानसभा सचिवालय ने संसदीय सचिवों के पदों के आबंटन के लिए तारीख 23.09.2015 को एक आदेश शीघ्र अगले दिन अर्थात् 24.09.2015 को वापस लिया गया था/अमान्य किया गया था, जिसमें यह और दर्शाया गया कि जीएनसीटीडी ने बहुत ही सावधानी से यह सुनिश्चित करने के लिए दिखाया कि पद की सत्य प्रकृति को प्रकट नहीं किया जाता है ।

95. याचिकाकर्ताओं ने इस सम्बन्ध में जीएनसीडीटी से प्राप्त बड़े उत्तर से कतिपय तथ्यों की तरफ ध्यान दिलाया है और ये तथ्य कथन करते हैं कि संसदीय सचिवों और प्रत्यर्थियों से प्राप्त लाभों की प्रकृति उन पर केवल कुटिल उत्तर देने के लिए है ।

96. तारीख 13.03.2015 के नियुक्ति आदेश में संसदीय सचिव अर्थात् शासकीय उद्देश्यों के लिए परिवहन और मंत्रियों के कार्यालय की जगह के दो हकदारी को स्पष्टतः अनुबद्ध किया गया है । जीएनसीडीटी ने प्रस्तुत किया है कि इन लाभों को केवल संसदीय सचिवों को न कि विधानसभा सदस्यों को प्रदान किया गया है । इसके अतिरिक्त, जीएनसीडीटी ने यह भी प्रस्तुत किया है कि संसदीय सचिवों और मंत्रियों पर होने वाले व्यय के वियोजन के लिए कोई उपबंध नहीं किया गया था ।

97. जीएनसीडीटी ने निम्नलिखित के अनुसार 20.09.2016 को कथन किया है कि:

"क. विधि विभाग ने कथन किया है कि संसदीय सचिव का पद जीएनसीडीटी अधिनियम, 1991 और जीएनसीडीटी के कारबार संव्यवहार नियम के अधीन न तो परिभाषित किया गया है न ही इसके लिए कोई उपबंध किया गया है ।

ग. स्टाफ कार नियम में, नीचे नियम 44 में निम्नानुसार कथन किया गया है:

"मंत्रियों की सभी पंक्ति, उप-मंत्री और संसदीय सचिव सहित इन नियमों में प्रयुक्त "मंत्री" पद । यदि इन नियमों का कोई उपबंध, जहां तक वे मंत्रियों और उप-मंत्रियों से सम्बन्धित है, मंत्री (भत्ते, चिकित्सा उपचार और अन्य विशेषाधिकार) नियम, 1957 के किन्हीं तत्स्थानी उपबंध प्रतिकूल हैं, बाद में आने वाले उपबंध लागू होंगे जैसा कि मार्च, 2015 के स्टाफ कार्य नियम के स्वामी कंपाइलेशन के रूप में उद्धरित किया गया है।" इसके अतिरिक्त प्रत्यर्थियों को तारीख 13.03.2015 के नियुक्ति आदेश द्वारा संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था और तब इस नियुक्ति आदेश में उनकी भूमिकाओं, उत्तरदायित्वों अथवा कर्तव्यों, आदि की कोई परिभाषा नहीं दी गई है और सभी के द्वारा यह कथन किया है कि वे व्यष्टिक मंत्रियों के साथ जुड़े होंगे, उनको कोई वेतन नहीं दिया जाता और वे सम्बद्ध मंत्रियों के कार्यालय के स्थान में कार्य करने और उनकी कार्यालय की कार के सम्बन्ध के लिए हकदार होंगे । याचिकाकर्ता ने अपने तथ्य के संदर्भ में यह ध्यान दिलाया है कि नियुक्ति आदेश में इन संसदीय सचिवों के लिए विहित किए गए किसी एकल कर्तव्य के बिना कार्यालय की कार का उपबंध किया गया है और जब कार्यालय की कार से वास्तव में लाभ है, इसके उपबंध बिना किसी कार्य के सौंपे गए अलाभ प्रकृति का होता है तथा यह और संसदीय सचिवों के लाभ की सहमति के लिए आशय की स्थापना की जाती है । भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने जया बच्चन बनाम भारत बनाम (सुप्रा) के मामले में विचार किया था कि अपेक्षित निरर्हता को प्रभावित करने के क्रम में लाभ के पद के बनाने की एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में 'चौफर ड्राइवेन कार ऐट स्टेट एक्सपेंशेस' की प्रसुविधा का उपबंध किया गया है और अतः, यह नोट करने के लिए सही है कि कार्यालय की जगह और चौफर ड्राइवेन कार/परिवहन की अभिलाभ सामग्री प्राप्त की गई थी जिससे प्रत्यर्थी विधानसभा सदस्य संसदीय सचिव का पद नियुक्ति के पश्चात् के लिए हकदार था ।

98. जीएनसीडीटी ने तारीख 23.09.2015 के आदेश सं. 16(50)/2014-15/एलएएस/सीटी/5437-5443 द्वारा यह कथन किया है कि विधानसभा सचिवालय ने पत्र सं. 16(87/2016/एलएएस/सीटी/7285), तारीख 12.09.2016 द्वारा माननीय सभापति को श्री अजय रावल, सचिव द्वारा हस्ताक्षरित तारीख 24.09.2015 के टिप्पण की प्रति प्रदान की है जिसमें यह कथन किया गया है कि माननीय सभापति ने निदेश दिया है कि मंत्रियों के संसदीय सचिवों के लिए कमरों के आबंटन सम्बन्धी तारीख 23.09.2015 के आदेश को अगले आदेश तक दुविधा में रखा था ।

99. जीएनसीडीटी ने इस सम्बन्ध में निम्नलिखित ब्यौरों का भी उपबंध किया है:

(क) "मंत्री (परिवहन विकास, जीएडी नियोजन और श्रम) के लिए सचिव से तारीख 26.03.2015 की अपेक्षाओं के सम्बन्ध में यह कथन किया गया है कि माननीय मंत्री से उनके कार्य की प्रसुविधा के लिए 'ए' विंग का हॉल, 7वां स्तर में मंत्री (परिवहन विकास, जीएडी नियोजन और श्रम) के लिए निम्नलिखित संसदीय सचिवों के लिए कार्यालय की जगह (केबिन) को बनाये जाने की वांछा की गई हैं ।'

1. श्री संजीव झा, संसदीय सचिव (परिवहन)
2. सुश्री सरिता सिंह, संसदीय सचिव (नियोजन)

3. श्री नरेश यादव, संसदीय सचिव (श्रम)

4. श्री जरनैल सिंह, संसदीय सचिव (विकास)

(ख) तारीख 13.04.2015 की अपेक्षा, जिसमें यह कथन किया गया है कि परिवहन विकास, जीएडी नियोजन और श्रम के मंत्री के पद में मंत्री (परिवहन और जीएडी) के लिए ओएसडी के आदेश के परिणामस्वरूप शीघ्रता से 'ए' विंग का हॉल, 7वां स्तर पर हॉल परिसर के केबिन में कुर्सी केटीसी, इंटरकॉम, कम्प्यूटर सिस्टम, इंटरनेट और बैठक-कुर्सी के साथ अधिकारियों की एक मेज की व्यवस्था की जाए ।

(ग) तारीख 20.04.2015 की अध्यपेक्षा, जिसमें कथन किया गया है कि तारीख 26.03.2015 के पूर्व के अनुरोध की निरंतरता में शीघ्रतापूर्वक 'ए' विंग का हॉल, 7वां स्तर में मंत्री (जीएडी, विकास, नियोजन और श्रम, आदि) के लिए दो अधिक केबिन बनायी जाएं ।

(घ) तारीख 28.04.2015 की अध्यपेक्षा, जिसमें कथन किया गया है कि परिवहन, जीएडी, विकास, श्रम और नियोजन के मंत्रियों के पद में कार्यालय प्रयोग के लिए 7वां स्तर, 'ए' विंग पर हॉल परिसर में तीसरे केबिन में सेंटर टेबल, ऑफिसर टेबल, ऑफिसर चेयर, बैठक कुर्सी, कम्प्यूटर, इंटरनेट प्रसुविधा, इंटरकॉम और वर्टिकल लाइन के साथ एक सोफा सेट प्रदान करने के लिए है । कृप्या इसे अतिशीघ्र के रूप में समझा जाएगा ।

(ङ) तारीख 29.04.2015 अध्यपेक्षा, जिसमें कथन किया गया है कि परिवहन, जीएडी, विकास, श्रम और नियोजन के मंत्रियों के पद में कार्यालय प्रयोग के लिए 7वां स्तर, 'ए' विंग हॉल परिसर में केबिन के लिए कुर्सी के साथ चार सामान्य आकार के ऑफिस टेबल कृप्या शीघ्रता से प्रदान करें ।

(च) उपरोक्त सभी अपेक्षाओं को अगली आवश्यकता के लिए दिल्ली सचिवालय भवन में सिविल कार्य को देखने के पश्चात् एई(सिविल), पीडब्ल्यू के द्वारा अग्रेषित किया गया था ।

(छ) इसके अतिरिक्त डीडब्ल्यूडी से प्राप्त जानकारी को भी दर्शित करती है कि उपरोक्त उप-पैरा (क) से (ङ) में यथा कथन के अनुसार चार अपेक्षा (तारीख 26.03.2015, 13.04.2015, 29.04.2015 और 28.04.2015) 7वां तल, दिल्ली सचिवालय भवन पर 40वर्गमीटर के कार्यालय स्थान के सृजन के सम्बन्ध में प्राप्त हुई थी । डीडब्ल्यूडी ने तारीख 12.09.2016 के पत्र द्वारा सूचित किया है कि कार्यालय केबिन तारीख 20.05.2015 को सृजित किए गए थे तथा 20.05.2015 को कब्जे के लिए फिट पाये गए थे । पीडब्ल्यूडी द्वारा यह भी कथन किया गया है कि इन केबिन/कार्यालय के स्थान को देने की वास्तविक तारीख 25.05.2015 की और बजटीय मुख्य शीर्ष एमएच 4059 के अधीन इन कार्यालय केबिन पर पीडब्ल्यूडी द्वारा 3,73,871/- रुपये की कुल रकम उपगत की गई थी जिसमें सिविल और इलेक्ट्रॉनिक वर्क पर 2,22,500/- रुपये और फर्नीचर पर 1,51,373/- रुपये समावेश किए गए थे (बल आपूर्ति) ।

100. जीएनसीडीटी ने यह और प्रस्तुत किया है कि लोक निर्माण विभाग ने तारीख 14.09.2016 के अपने उत्तर में यह सूचित किया है कि उप-सचिव सीटी दिल्ली विधानसभा सचिवालय से अपेक्षा पत्र सं. 16(26)/2015-16/एलएएस/सीटी/865, तारीख 15.05.2015 का पत्र प्राप्त हुआ था जिसमें 21 संसदीय सचिवों के लिए 21 एक्जिक्यूटिव टेबल, 21 एक्जिक्यूटिव चेयर, 136 विजिटर चेयर, जिसके लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा 11,75,828/- रुपय खर्च किए गए थे । इस सम्बन्ध में पीडब्ल्यूडी ने यह और सूचित किया है कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने तारीख 16.06.2015 के अपने पत्र द्वारा यह बताया था कि इस उद्देश्य के लिए 13,26,300/- रुपये की मंजूरी की गई थी ।

101. इस अवसर पर यह भी पुनः बताया जाना उचित है कि प्रत्यर्थियों के नियुक्ति के आदेश में स्पष्ट टिप्पण किया गया था कि संसदीय सचिव मंत्रियों के कार्यालय के जगह का प्रयोग करने के लिए हकदार होंगे जिनके साथ वे जुड़े हुए हैं । तथापि, निर्वाचन क्षेत्र के कार्यालय के अतिरिक्त पृथक कार्यालय की जगह, नियुक्ति आदेश में नियत की गई इस स्थिति के बदले प्रत्यर्थी विधानसभा सदस्य को भी प्रदान की गई थी और कई अवसरों पर संसदीय सचिवों को एक से अधिक कार्यालय की जगह दी गई थी और उनके पुनर्निर्माण के लिए उदार अनुदान दिया गया था । यह 'लाभ' की परिभाषा के अधीन स्पष्ट रूप से दिया गया है ।

102. संसदीय सचिवों को उनके निर्वाचन क्षेत्र (जीएनसीडीटी द्वारा तैयार की गई जानकारी के अनुसार) के कार्यालय के अतिरिक्त आबंटित किए गए कार्यालयों के बारे में ब्यौरे निम्नानुसार हैं:-

क्र.सं.	विधानसभा सदस्य का नाम	आबंटित किया गया कार्यालय	ब्यौरे के आदेश
1.	श्री आदर्श शास्त्री	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
2.	सुश्री अल्का लांबा	ओल्ड सीपीओ भवन, कश्मीरी गेट, दिल्ली में दो कार्यालय का कमरा ।	कला, संस्कृति और भाषा विभाग के अधीन सिंधी अकादमी द्वारा प्रदान किया गया कार्यालय । पीडब्ल्यूडी द्वारा पुनःनिर्माण कार्य किया गया । सचिव सिंधी अकादमी के तारीख 13.09.2016 का पत्र संख्या 2(39)5ए/16/8470 ।
3.	श्री अनिल कुमार वाजपेयी	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
4.	श्री अवतार सिंह	कार्यपालक इंजीनियर, के कार्यालय दक्षिण पूर्व (भवन), लोक निर्माण विभाग हौज खास, नई दिल्ली में कार्यालय स्थान ।	लोक निर्माण विभाग के पत्र संख्या तारीख 17.06.2016 द्वारा ।
		भू-तल, श्रम कल्याण केन्द्र, गिरी नगर, कालकाजी, नई दिल्ली में कार्यालय स्थान ।	श्रम विभाग के पत्र संख्या तारीख 14.09.2016 द्वारा ।
5.	श्री जरनैल सिंह (तिलक नगर)	'ए' विंग, 7वां स्तर, दिल्ली सचिवालय का हॉल	मंत्री (परिवहन, विकास, नियोजन और श्रम), तारीख 26.03.2015 के लिए सचिव से अपेक्षा ।
		प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केन्द्र, अशोक नगर	समाज कल्याण विभाग ।
6.	श्री कैलाश गहलोत	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
7.	श्री मदन लाल	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
8.	श्री मनोज कुमार	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
9.	श्री नरेश यादव	'ए' विंग, 7वां स्तर, दिल्ली सचिवालय का हॉल	मंत्री (परिवहन, विकास, नियोजन और श्रम), तारीख 26.03.2015 के लिए सचिव से अपेक्षा ।
10.	श्री नितिन त्यागी	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
11.	श्री प्रवीण कुमार	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
12.	श्री राजेश गुप्ता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
13.	श्री राजेश ऋषि	सी2, जल बोर्ड ऑफिस जनकपुरी, सी2 फायर स्टेशन, जनकपुरी, डावरी फ्लाई ओवर के नीचे ।	दिल्ली जलबोर्ड, तारीख 15.01.2016 और 14.09.2015 पत्र संख्या 56/84 द्वारा ।
		फिश मार्केट, उत्तम नगर, मेट्रो स्टेशन के नजदीक, दिल्ली पर जेई (जल/सीवर) स्टोर पर कक्ष सं. 1 और 2 ।	दिल्ली जलबोर्ड, तारीख 10.05.2016 पत्र सं. 466 द्वारा ।
14.	श्री संजीव झा	'ए' विंग, 7वां स्तर, दिल्ली सचिवालय का हॉल	मंत्री (परिवहन, विकास, नियोजन और श्रम), तारीख 26.03.2015 के लिए सचिव से अपेक्षा ।
15.	सुश्री सरिता सिंह	'ए' विंग, 7वां स्तर, दिल्ली सचिवालय का हॉल	मंत्री (परिवहन, विकास, नियोजन और श्रम), तारीख 26.03.2015 के लिए सचिव से अपेक्षा ।

16.	श्री शरद कुमार चौहान	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
17.	श्री शिवचरण गोयल	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
18.	श्री सोम दत्त	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
19.	श्री सुखवीर सिंह दलाल	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
20.	श्री विजेन्द्र गर्ग विजय	इन्द्रपुरी स्थित पीडब्ल्यूडी ऑफिस रोड सब-डिवीजन पर कार्यालय की जगह ।	पीडब्ल्यूडी, तारीख 21.07.2015 के पत्र द्वारा ।

103. उपरोक्त प्रस्तुत किए गए विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि संसदीय सचिव के कार्यालय में लाभ को प्रस्तुत किया गया था जिसे 'लाभ' के पूर्वाविलोकन से बाहर नहीं किया जा सकता और अतः, यह निष्कर्ष किया जा सकता है कि संसद सचिव का कार्यालय लाभ के पद की प्राप्ति है और उस कार्यालय के पदग्राही के लिए लाभ की प्राप्ति की संभावना की गई थी ।

विवाद्यक 4 : क्या संसदीय सचिव के पद की प्रकृति या कृत्य कार्यपालिक है ?

104. इस विवाद्यक उपरोक्त पैरा सं. 77-78 में निकाले गए निष्कर्ष से भागत: उत्तर दिया गया है कि संसदीय सचिवों का कार्यपालिक पद है और हित के प्रतिकूल की संभावना का विश्लेषण पैरा 92 में विवाद्यक 2 के अधीन ऊपर दिया गया है ।

105. संसदीय सचिव के पद को ठीक ही कई माननीय उच्च न्यायालयों द्वारा पद के इतिहास के आलोक में कनिष्ठ मंत्री के पद के समान बताया है (पैरा 78-81 देखें) और यह तथ्य कि वे शासकीय फाइलें देख सकते हैं और उनकी मंत्रियों की पंक्ति और प्रास्थिति है और वे मंत्री के कृत्य करते हैं ।

106. जी. एन. सी. टी. डी. से प्राप्त उत्तर में यह उल्लेख किया गया है कि संसदीय सचिव संबद्ध मंत्रियों ने यथासमनुदेशित कर्तव्यों का पालन किया और उन मंत्रियों के कार्यालयों की बैठकों में भाग लिया जिनके साथ वे सहबद्ध थे । यह नहीं कहा जा सकता कि ये बैठकें केवल सलाहकारी क्षमता हुई जब बैठकों की अध्यक्षता इन संसदीय सचिवों द्वारा की गई और उनमें महत्वपूर्ण कार्यपालिक विनिश्चय किए गए । जी. एन. सी. टी. डी. से प्राप्त उत्तर के परिशीलन से यह प्रतीत होता है कि याची ने उचित ही यह इंगित किया कि संसदीय सचिवों ने ऐसी बैठकों में भाग लिया और उनकी अध्यक्षता की जिनमें नीतिगत विरचना या कार्यपालिक विनिश्चय किए गए और कई मामलों में संसदीय सचिवों द्वारा अध्यक्षता की गई समिति बैठकों में 'विनिश्चय किया गया' और न केवल विचाराधीन विषय पर मात्र सिफारिश की गई । संसदीय सचिवों ने निरीक्षण किए और ऐसे निरीक्षणों के दौरान मौखिक निर्देश दिए जिनका उल्लेख निरीक्षण रिर्पोटों में किया गया । फिर भी, बैठकों की फाइलें कभी-कभी सूचना और आवश्यक कार्रवाई के लिए मंत्रियों के संसदीय सचिवों को भेजी गई ।

107. संसदीय सचिवों द्वारा अध्यक्षता की गई/भाग ली गई बैठकों और किए गए निरीक्षणों और जन सुनवाई (जी. एन. सी. टी. डी; द्वारा दी गई सूचना के अनुसार) का संक्षिप्तांश इस प्रकार है :

क्र.सं.	**विधायक का नाम**	**की गई बैठकों के ब्यौरे**
1.	श्री आदर्श शास्त्री	सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री के संसदीय सचिव की हैसियत में अंकीय भारत से सशक्तीकरण के सम्मेलन सत्र में भाग लिया और प्रतिपूर्ति के रूप में 15,479/- रु. संदत्त किया गया ।
		नि:शुल्क वाई-फाई प्रोजेक्ट के बारे में माननीय मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री के स्तर पर हुई पुनरीक्षण बैठक में भाग लिया ।
		मंत्रि परिषद ने कैबिनेट विनिश्चय सं. 2208 तारीख 15 सितम्बर, 2015 द्वारा अपने सूचीबद्ध अभिकरणों के द्वारा एन. आई. सी. एस. आई; से परामर्श लगाने का अनुमोदन दिया और इन प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए समिति गठित की गई और उप-मुखमंत्री ने विशेष अतिथि के रूप में श्री आदर्श शास्त्री के भाग लेने का अनुमोदन किया ।

2.	सुश्री अलका लाम्बा	उपलब्ध नहीं ।
3.	श्री अनिल कुमार बाजपेयी	डी. जी. ई. एच. एस. अधिकारी और दिल्ली सरकार सेवानिवृत्त पेंशनधारी/अधिकारी/कर्मचारी एसोसिएशन के साथ 28 मई, 2015 को हुई बैठक की अध्यक्षता की जिसमें कार्यपालिक विनिश्चय किए गए और संसदीय सचिव ने प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के लिए स्पष्टीकरण दिया ।
4.	श्री अवतार सिंह	उपलब्ध नहीं ।
5.	श्री जरनैल सिंह (राजौरी गार्डन)*	तारीख 24 सितंबर, 2015 को दिल्ली विद्युत कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता की जिसमें संविदागत कर्मचारियों के गैर-विनियमितीकरण पर चिंता व्यक्त की और बैठक के टिप्पण को मंत्री के ओ.एस.डी. द्वारा निदेशक (एच.आर.), आई.पी.जी.सी.एल. को मामले पर विचार करने और संसदीय सचिव को की गई कार्रवाई की सूचना देने के लिए भेजा गया ।
		6 अगस्त, 2015 को डी.ई.एस.यू. सब-स्टेशन स्टाफ के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता की । बैठक दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड के विभिन्न सब-स्टेशनों में कार्यरत प्रचालक/शिफ्ट कर्मचारियों के शिकायतों के बारे में थी ।
6.	श्री जरनैली सिंह (तिलक नगर)	माननीय मंत्री की छुट्टी अवधि के दौरान 27 मई, 2016 को ए.पी.एम.सी. की पुनर्विलोकन बैठक की अध्यक्षता की ।
		तिगरी खानपुर की मंडी की बाबत गठित समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया ।
		परिवहन और विकास मंत्री के कार्यालय में 9 सितंबर, 2015 को हुई बैठक की अध्यक्षता की जहां तिगरी खानपुर की नई आधुनिक मंडी के विकास को गति प्रदान करने, विद्यमान अनुज्ञप्तिधारियों को समायोजित करने के लिए प्लेटफार्म बनाकर मंगोलपुरी मंडी को पुन: आरंभ करने और नये अनुज्ञप्तिधारियों के आवंटन के लिए मापदंड विरचित करने आदि से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्यपालिक विनिश्चय किए गए ।
		4 नवंबर, 2015 को परिवण और विकास मंत्री के कार्यालय में बैठक की गई जिसमें 200-250/- करोड़ रुपए की अनुमानित परियोजना लागत की तिगरी खानपुर में मंडी के विकास के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु परिवहन और विकास मंत्री के संसदीय सचिव की अध्यक्षता वाली परियोजना समिति गठित करने का विनिश्चय किया गया ।
		मंत्री की अनुपस्थिति में, 16 दिसंबर, 2015 को परिवहन और विकास मंत्री के कार्यालय में हुई पुनर्विलोकन समिति की अध्यक्षता की जिसमें कई महत्वपूर्ण कार्यपालिक विनिश्चय किए गए ।
		18 मार्च, 2016 को परिवहन और विकास मंत्री के कार्यालय में बैठक हुई जिसमें महत्वपूर्ण कार्यपालिक विनिश्चय किए गए । इस बैठक में यह भी विनिश्चय किया गया कि संसदी सचिव गाजीपुर मंडी में अंडा व्यापार के नियंत्रण की संभावना पर माननीय मंत्री को एक प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे । उक्त बैठक में यह भी विनिश्चय किया गया कि संसदीय सचिव के साथ बी.सी., डी.ए.एम.बी. द्वारा गाजीपुर फल और सब्जी मंडी के संयुक्त निरीक्षण की रिपोर्ट अनधिकृत अधिभोगियों को हटाने के सुझाव के साथ प्रस्तुत की जाए ।
		27 मई, 2016 को परिवहन और विकास मंत्री के संसदीय सचिव द्वारा ए.पी.एम.सी. की बैठक आयोजित करने के लिए एक बैठक सूचना जारी की गई ।

		8 जून, 2016 को परिवहन और विकास मंत्री के कार्यालय में बैठक हुई जिसमें पुन: मंडी में स्थान के आबंटन, बाढ़ तैयारी, अधिकारियों की प्रोन्नति आदि पर कई महत्वपूर्ण कार्यपालिक विनिश्चय किए गए ।
		8 दिसंबर, 2016 को हुई पुनर्विलोकन बैठक में यह विनिश्चय किया गया कि श्री जरनैल सिंह, संसदीय सचिव (विकास) और अन्य सदस्यों की समिति पशुपालन विकास द्वारा चलाई जा रही सभी गौशालाओं का दौरा करेगी और उनके रखरखाव तथा अन्य मुद्दों से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी ।
		श्री जनरैल सिंह, संसदीय सचिव (विकास) ने विशेष अतिथि के रूप में कृषि विपणन बोर्ड की बैठकों में भाग लिया ।
		श्री जनरैल सिंह, संसदीय सचिव (विकास) ने ए.पी.एम.सी., नरेला में 10 जून, 2015 को हुई जनसुनवाई की अध्यक्षता की । दूसरी जनसुनवाई 11 मार्च, 2015 को आजादपुर में माननीय मंत्री (विकास) द्वारा की गई जिसमें श्री जनरैल सिंह, संसदीय सचिव (विकास) ने भी भाग लिया । उन्होंने 19 दिसंबर, 2015 को भी मत्स्य और मत्स्य पालन के पणधारियों के साथ मुद्दों पर चर्चा के लिए बैठक की ।
7.	श्री कैलाश गहलोत	उपलब्ध नहीं ।
8.	श्री मदनलाल	उपलब्ध नहीं ।
9.	श्री मनोज कुमार	की गई बैठकों का उल्लेख मंत्रालय द्वारा सलाहकार प्रकृति का किया गया । कोई ब्यौरा उपलब्ध नहीं कराया गया ।
10.	श्री नरेश यादव	प्रतिभा एकेडमी की स्थापना का सुझाव देने के लिए गठित समिति का सदस्य और इसकी अवसंरचना, प्ररुपिता, समयबद्धता, रूपरेखा आदि के लिए गठित समिति की अध्यक्षता ।
		घरेलू कर्मकांडों के लिए विभिन्न कल्याण उपायों का सुझाव देने के लिए माननीय मंत्री (श्रम) द्वारा गठित समिति का सदस्य ।
11.	श्री नितिन त्यागी	11 फरवरी, 2016 को महिला और बाल विकास मंत्रालय की बैठक में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया ।
12.	श्री प्रवीण कुमार	शिक्षा विभाग की योजना स्कीम की सतत मानीटरिंग के लिए उप-मुख्यमंत्री स्तर पर हुई पुनर्विलोकन बैठक में भाग लिया ।
13.	श्री राजेश गुप्ता	गृह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, ऊर्जा, पी.डब्ल्यू.डी. और उद्योग मंत्री ने 29 दिसंबर, 2015 को एक बैठक की जहां उनके और दो अन्य संसदीय सचिवों के सदस्य के रूप में दिल्ली में सड़क की बत्तियों पर पुनरीक्षित नीति विरचित करने के लिए एक सशक्त समिति गठित करने का विनिश्चय किया तथापि, सड़क की बत्तियों के विषय को बाद में लोक कल्याण विभाग को अंतरित कर दिया गया इसलिए इस सशक्त समिति की कोई बैठक नहीं हुई ।
		स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में स्वाथ्य विभाग के कार्यकरण का पुनर्विलोकन करने के लिए 4 मार्च, 2015 और 11 मार्च, 2015 को हुई साप्ताहिक पुनर्विलोकन बैठक में भाग लिया जहां नवजात मृत्यु दर को कम करने, सब के लिए इलेक्ट्रानिक स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने, पी.एच.सी. के कंप्यूटरीकरण आदि की कार्य योजना जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण कार्यपालिक विनिश्चय किए गए ।
14.	श्री राजेश ऋषि	उपलब्ध नहीं ।

15.	श्री संजीव झा	परिवहन मंत्री के सम्मेलन कक्ष में 5 जुलाई, 2015 को हुई बैठक की अध्यक्षता की जहां डी.टी.सी. के कर्मचारी पेंशन स्कीम के क्रियान्वयन के बारे में कई विनिश्चय किए गए ।
		ऑर्ड-इवेन स्कीम अर्थात् 1 जनवरी, 2016 से 15 जनवरी, 2016 के दौरान लगाए गए संविदा वहन बस आपरेटरों को संदत्त किए जाने के लिए विभिन्न बस मॉडलों के लिए भाड़ा प्रभार विनिश्चित करने हेतु 10 दिसंबर, 2015 और 11 दिसंबर, 2015 को हुई परिवहन/डी.टी.सी. विभाग द्वारा गठित डी.टी.सी. अधिकारियों की समिति की अध्यक्षता की ।
		ऑटोरिक्शा के लिए 10,000 आशय पत्र के जारी करने में अभिकथित अनियमितता से संबंधित मामले में, ऑटोरिक्शा यूनिट, बुराड़ी का निरीक्षण परिवहन मंत्री के ओ.एस.डी. द्वारा उनके साथ किया गया और उनके आदेश पर कार्यालय कक्ष पर ताले लगाए गए और सीलबंद किए गए ।
16.	सुश्री सरिता सिंह	उपलब्ध नहीं ।
17.	श्री शरद कुमार चौहान	उपलब्ध नहीं ।
18.	श्री शिवचरण गोयल	आयुक्त (व्यापार और कर) कार्यालय द्वारा आयोजित बिल बनाओ ईनाम पाओ स्कीम के अधीन कुछ पुरस्कार वितरण समारोह में वित्त मंत्री के संसदीय सचिव ने भाग लिया ।
19.	श्री सोमदत्त	गृह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, ऊर्जा, पी.डब्ल्यू.डी. और उद्योग मंत्री ने 29 दिसंबर, 2015 को एक बैठक की जहां उनके और दो अन्य संसदीय सचिवों के सदस्य के रूप में दिल्ली में सड़क की बत्तियों पर पुनरीक्षित नीति विरचित करने के लिए एक सशक्त समिति गठित करने का विनिश्चय किया तथापि, सड़क की बत्तियों के विषय को बाद में लोक कल्याण विभाग को अंतरित कर दिया गया इसलिए इस सशक्त समिति की कोई बैठक नहीं हुई ।
		टी.पी.डी.डी.एल. और एम.सी.डी. के साथ 5.34 करोड़ रुपए के आरंभिक अनुमानित बजट के साथ दिल्ली में लाईटें फिर से लगवाने के लिए बैठक की गई ।
		दिल्ली राज्य उद्योग और अवसंरचना विकास निगम की ओर से 2 मई, 2015 को एस.एम.ए. और एस.एस.आई. औद्योगिक क्षेत्र के साथ बवाना औद्योगिक क्षेत्र, बजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र और राजस्थानी औद्योगिक नगर का दौरा किया ।
		28 मई, 2015 को क्षेत्र के विधायक के साथ मायापुरी औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया । 10 जून, 2015 को क्षेत्र के विधायक के साथ नरेला औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया । दिल्ली राज्य उद्योग और अवसंरचना विकास निगम की ओर से 17 जून, 2015 को झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र के फ्लैट युक्त कारखाना काम्प्लेक्स का दौरा किया ।
		1 जुलाई, 2015 को नरायणा औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया । 8 जुलाई, 2015 को बादली औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया । 15 जुलाई, 2015 को पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया । 22 जुलाई, 2015 को तिलक नगर औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया । दिल्ली राज्य उद्योग और अवसंरचना विकास निगम की ओर से 29 जुलाई, 2015 को मंगोलपुरी फेज-I औद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया ।
		दिल्ली राज्य उद्योग और अवसंरचना विकास निगम की ओर से 12 अक्तूबर, 2015 को डी.एल.एफ. मोती नगर औद्योगिक क्षेत्र और 14 अक्तूबर, 2015 को कीर्ति नगर औद्योगिक क्षेत्र का स्थल निरीक्षण ।

		15 मार्च, 2016 को आनंद पर्वत औद्योगिक क्षेत्र के संदर्भ में दिल्ली राज्य उद्योग और अवसंरचना विकास निगम की बैठक में भाग लिया। *संसदीय सचिव की क्षमता में इन निरीक्षणों के दौरान उनके द्वारा कतिपय मौखिक निर्देश दिए गए और कुछ का उल्लेख निरीक्षण रिपोर्टों में किया गया।*
20.	श्री सुखवीर सिंह दलाल	गृह, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, ऊर्जा, पी.डब्ल्यू.डी. और उद्योग मंत्री ने 29 दिसंबर, 2015 को एक बैठक की जहां उनके और दो अन्य संसदीय सचिवों के सदस्य के रूप में दिल्ली में सड़क की बत्तियों पर पुनरीक्षित नीति विरचित करने के लिए एक सशक्त समिति गठित करने का विनिश्चय किया तथापि, सड़क की बत्तियों के विषय को बाद में लोक कल्याण विभाग को अंतरित कर दिया गया इसलिए इस सशक्त समिति की कोई बैठक नहीं हुई।
21.	श्री विजेन्द्र गर्ग विजय	सार्वजनिक कार्य विभाग मंत्री ने मशीनीकृत पार्किंग (स्वचालित मल्टीलेवल कार पार्किंग प्रणाली) पर एक प्रस्तुतीकरण लिया और यह मत व्यक्त किया कि पी.डब्ल्यू.डी. को स्वचालित मल्टीलेवल कार पार्किंग प्रणाली के निर्माण के लिए कुछ नमूना कार्य करना चाहिए और इस बैठक की कार्य-सूची श्री विजेन्द्र गर्ग, संसदीय सचिव को जानकारी और आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई।
राजौरी गार्डन के विधान सभा क्षेत्र के विधायक श्री जरनैल सिंह ने 17 जनवरी, 2017 को पद त्याग दिया था और अप्रैल, 2017 में इस रिक्ति को भरने के लिए उप-चुनाव किए गए थे। अत: उनकी निरर्हता के बारे में कोई प्रश्न नहीं उठता।		

108. इस प्रकार विमर्शित तथ्यों और परिस्थितियों से यह काफी स्पष्ट होता है कि संसदीय सचिव के पद के कृत्य न केवल कार्यपालिक प्रकृति के हैं बल्कि स्वत: कार्यपालिका के भाग थे।

विवाद्यक 5 : क्या "संसदीय सचिव" के पद को गैर छूट "लाभ के पद" कहा जा सकता है ?

109. इस विवाद्यक का उत्तर उपरोक्त चार विवाद्यकों के लिए दिए गए विश्लेषण के समग्र समझ पर निर्भर है।

110. लाभ के पद के प्रश्न को मामले के संपूर्ण तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जांच किए जाने की अपेक्षा है और "लाभ के पद" पद का तकनीकी निर्वचन नहीं किया जा सकता। इस संदर्भ में यह ध्यान में रखना आवश्यक है कि लाभ के पद को धारण करने का निर्वाचन पश्चात् वर्जन के पीछे विचार और जारी निरर्हता तथा लाभ के पद धारण करने के लिए अरर्हता की निर्वाचन पूर्व खामी यह है कि सरकार के अधीन लाभ का पदधारक जिसकी संवीक्षा सदन में की जाएगी, जनता और सदन के प्रति अपने कर्तव्यपालन की अपनी योग्यता से समझौता करता है और जोखिम में डालता है। अत: लाभ के पद के प्रश्न का निर्वचन और परीक्षा करते समय इस उद्देश्य को ध्यान में रखना आवश्यक है।

111. 1997 में दिल्ली की विधान सभा ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र के विधान सभा के सदस्य को चुने जाने या सदस्य होने पर निरर्हता से कतिपय पदों को छूट प्रदान करने के लिए दिल्ली विधानसभा सदस्य (निरर्हता का निराकरण) अधिनियम, 1997 (1997 का दिल्ली अधिनियम, 6) नामक विधि अधिनियमित की। लाभ का पद धारित करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री के संसदीय सचिव के पद को लागू निरर्हता को दिल्ली विधानसभा सदस्य (निरर्हता का निराकरण) अधिनियम, 1997 से उपाबद्ध अनुसूची में इसे जोड़कर हटाया गया था। यह उल्लेख करना गलत नहीं हो सकता है कि विधानसभा में अपनी विवेक से इस पद को लाभ का पद माना और इस प्रकार इसे छूट प्रापत प्रवर्ग में रखा।

इस अधिनियम की अनुसूची में मूल रूप से केवल वे दो पद सम्मिलित हैं अर्थात्:-

i. दिल्ली खादी और ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पद; और

ii. दिल्ली महिला आयोग के अध्यक्ष का पद। इस अनुसूची को वर्ष 2002 में निम्नलिखित को जोड़े जाने के लिए संशोधन किया गया था;

iii. राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में विरोधी दल के नेता का पद;

iv. राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली की विधानसभा में मुख्य सचेतक का पद;

इसअधिनियमकी अनुसूची को वर्ष 2006 में निम्नलिखित को जोड़े जाने के लिए संशोधन किया गया था;

v. यमुना पार क्षेत्र विकास, बोर्ड दिल्ली के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद;

vi. दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड,दिल्ली ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का पद;

vii. जी.एन.सी.टी.डी. के मुख्यमंत्री के संसदीय सचिव का पद;

viii. जी.एन.सी.टी.डी. द्वारा गठित नौ जिला विकास समितियों के अध्यक्ष के पद;

ix. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कलायाण बोर्ड दिल्ली के अध्यक्ष का पद;

x. अग्निशमन सलाहकार समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य के पद;

xi. चिकित्सा सलाहकार समिति, दिल्ली के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य के पद;

xii. अध्यक्ष दिल्ली सरकार द्वारा प्रायोजित महाविद्यालय के शासी बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य के पद;

xiii. दिल्ली सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2003 के अधीन रजिस्ट्रीकृत सहकारी संस्था या संगठन के अध्यक्ष और सदस्य का पद; और

xiv. जी.एन.सी.टी.डी. द्वारा गठित कानूनी या गैर कानूनी निकाय या समिति या निगम या सोसाइटी के अध्यक्ष, निदेशकट और सदस्य ।

112. इसलिए उक्त तारीख को 14 पदों को छूट प्रदान कर दी गई थी तथापि मुख्यमंत्री से भिन्न अनुसूची में नहीं जोडा गया था । अन्य मंत्रिमंडल सदस्य के संसदीय सचिव के पद को जी.एन.सी.टी.डी.द्वारा छूट प्राप्त प्रवर्ग के अधीन रखने का प्रयास किया गया था जिसने इस प्रयोजन के लिए तारीख 23 जून, 2015 को अर्थात् भारत के माननीय राष्ट्रपति के समक्ष यह याचिका प्रस्तुत करने के पांच दिन के भीतर दिल्ली विधानसभा सदस्य (निरर्हता का हटाया जाना) (संशोधन) विधेयक, 2015 पुरस्थापित किया और इस विधेयक को अगले ही दिन अर्थात् 24 जून, 2015 को पारित कर दिया गया था । यह प्रतिरक्षा की गई कि वे विधेयक को अत्याधिक सावधानी बरतने के सिद्धांत के अधीन पुरस्थापित किया गया था जो मान्य नहीं है क्योंकि पद की प्रकृति प्रशासनिक थी और विधानसभा सदस्यों को लाभ का पद धारण करने से निरर्हित किए जाने से बचाने के लिए इस पद को छूट देना आवश्यक था । इसके अतिरिक्त अत्याधिक सावधानी बरतने के सिद्धांत का उद्देश्य और कारण का कथन विधेयक, 2015 में कोई उल्लेख नहीं किया गया है । अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उसके प्रज्ञान में, दिल्ली विधानसभा को लाभ के पद के रूप में संसदीय सचिव का पद माना जाएगा । चूंकि भारत के राष्ट्रपति ने इस विधेयक पर अपनी अनुमति देने से इंकार कर दिया है, इसलिए लाभ का पद धारण करने के लिए प्रत्यर्थी विधानसभा सदस्यों पर लागू निरर्हता को हटाया नहीं जा सकता है और बनी रहेगी ।

113. इस प्रक्रम पर यह अवेक्षा करना भी समीचीन होगा कि दिल्ली विधान के मंत्रियों के संसदीय सचिव के रूप में 21 विधानसभा सदस्यों की नियुक्ति की गई थी और दिल्ली विधानसभा के 28 विधानसभा सदस्य थे या दूसरे शब्दों में विधानसभा के लगभग चालीस सदस्य सरकार के लिए कार्य कर रहे थे जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 239कक के खंड 4 का घोर उल्लंघन है जो अधिकतम दस विद्यमान विधान सभा सदस्यों को मंत्रियों के रूबप में नियुक्त किए जाने के लिए अनुज्ञात करता है ।दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस आधार पर नियुक्ति आदेशऱ को अपास्त कर दिया कि उक्त आदेश को दिल्ली के उपराज्यपाल के पास नहीं भेजा गया था और इसलिए यह अनुच्छेद 239कक के आदेश के उल्लंघन में था । इस प्रक्रम पर यह अवेक्षा करना भी समीचीन होगा कि जा.एन.सी.टी.डी ने ऐसा आदेश पारित करने में, अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक उपबंधों की अनदेखी करने का प्रयास किया है, जिसके द्वारा प्रत्यर्थियों को न संसदीय सचिव नियुक्त किया गया था जो ऐसा पद थे किसी विधित द्वारा या जी.एन. सी.टी.डी. के आदेश द्वारा कभी भी सृजित नहीं किया गया था और पदधारकों की भूमिका और दायित्व को किसी भी रीति में कभी भी दर्शित नहीं किया गया था । इन परिस्थितियों की संपूर्णता स्पष्ट रूप से यह दर्शित करती है कि इसकी मुख्य बातें जिसके अधीन प्रत्यर्थियों को संसदीय सचिवों के रूप में नियुक्त किया गया था, नियमों और विनियमों के बाहर हैं और कार्यकारी पद की मांग को पूरा करने के लिए और उन्हें उक्त पद पर अनुगृहीत करने के लिए संवैधानिक उपबंध का भी उल्लंघन है । ऐसी परिस्थितियों में इस तथ्य के संबंध में कोई संदेह नहीं है कि बड़े पैमाने पर संसदीय सचिवों की नियुक्ति इन प्रत्येक विधानसभा सदस्यों के कार्यकरण के लिए ही संकटपूर्ण नहीं है अपितु सम्पूर्ण दिल्ली विधान सभा के लिए भी संकटपूर्ण है और वर्तमान निर्देश का विनिश्चय करते समय इस तथ्य और स्थिति को भी ध्यान और स्थिति को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा ।

निष्कर्ष

114. प्रत्यर्थियों की दिल्ली सरकार के मंत्रियों के संसदीय सचिवों के रूप में नियुक्ति जी.एन.सी.टी.डी.आदेश तारीख 13 मार्च, 2015 द्वारा की गई थी। याची ने तारीख 22 जून, 2015 को भारत के माननीय राष्ट्रपति के समक्ष तारीख 19 जून, 2015 को याचिका फाइल की । इसके परिणामस्वरूप जी.एन.सी.टी.डी. ने "दिल्ली विधानसभा सदस्य (निरर्हता का हटाया जाना) (संशोधन) विधेयक, 2015" तारीख 15 जून, 2015 को पुरस्थापित किया। दिल्ली विधानसभा द्वारा तारीख 24 जून, 2015 को उक्त विधेयक पारित कर दिया गया था। तथापि इस विधेयक को भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा अनुमति प्राप्त नहीं हुई। उक्त विधेयक ने उद्देश्यों और कारणों के कथन के परिशीलन से यह प्रकट होता है कि जा.एन.सी.टी.डी. ने यह मान्यता प्रदान की है कि मंत्रियों के संस्दीय सचिवों का पद लाभ का पद धारण करने के कारण निरर्हता है और भूतलक्षी रूप से ऐसी निरर्हता को हटाए जाने की ईप्सला की है।

115. कानूनी निर्वचन के सिद्धांतों का यह स्वर्णिम नियम है कि किसी उपबंध को ऐसा अर्थ दिया जाना चाहिए जिससे कि विधायिका का आशय को अधिकतम प्रभावी रुप दिया जा सके और उपबंध कार्य योग्य हो। यह माननीय न्यायालयों के अनेक विनिश्चियों से अत्यंत स्पष्ट होता है, जिनमें से कुछ नीचे उद्घत किए जा रहे है।

116. माननीय न्यायमूर्ति रोबिंटन नारीमन द्वारा शेलेष धैर्यवान बनाम मोहन बालकृष्ण लुल्ला [(2016) 3 एससीसी 619] वाले मामलें में किए गए ' प्रयोगकारी निर्वचन का सिद्धांत' के संबंध में व्यक्त किए गए मत और संक्षिप्तीकरण निम्न प्रकार हैः-

" 31. [ ]"प्रयोजनकारी निर्वचन" का सिद्धांत या "प्रयोजनकारी अर्थानव्यन" सिद्धांत इस बौध पर आधारित है कि न्यायालय से उपबंध को वह अर्थ देने की प्रत्याशा की जाती है जो ऐसे उपबंध के पीछे के "प्रयोजन" को पूरा करे। आधारभूत दृष्टिकोण यह अभिनिश्चित करना है कि इससे क्या कार्य पूरा किया जाना आशयित है ? इसको दूसरे रुप में कहते हुए, निर्वचन कार्य प्रक्रिया द्वारा न्यायालय से उस उद्देश्य को प्राप्त करने की आशा की जाती है जिसके लिए विधिक पाठ, इसको प्राप्त करने के लिए बनाया गया है। अहरान बराक के शब्दों मेः

" प्रयोजनकारी निर्वचन तीन घटको पर आधारित है; भाषा, प्रयोजन, और विवेकाधिकार । भाषा, द्भाषिया जो कि एक भाषाविद के रुप में कार्यकर्ता है कि शब्दार्थविज्ञान संभावनाओं को आकार देती है। एक बार द्भाषिया सीमा परिभाषित कर देता है, तब वह शब्दार्थविज्ञान संभाव्यताओं (अभिव्यक्त या विवक्षित) के बीच से पाठ के विधि अर्थ को चयनित करता है। इस प्रकार शब्दार्थविज्ञान घटक द्भाषीय को पाठ जो अपनी भाषा (सार्वजनिक या प्राइवेट) की परिधि में विधिक अर्थ पर निरबंधित करते हुए निर्वचन की सीमाओं को नियत करता है"। [अहरोन बराक का परपजिव इन्टरप्रीटेशन इन लॉ (प्रिंसटन यूनीवर्सटी प्रेस, 2005)]

32. उपर्युक्त तीन घटकों अर्थात भाषा, प्रयोजन और न्यायालय का विवेकाधिकार में से जहां तक प्रयोजनकारी घटक का संबंध है यहरेश्योज्यूरिस है, जो कि पाठ के आधार पर प्रयोजन है। यह प्रयोजन, महत्व, लक्ष्य हित, नितियां और उद्देश्य है जो कि पाठ प्राप्त करने के लिए अभिप्रेत करता है। यह वह कार्य है जो पाठ, पूर्ण करने के लिए अभिप्रेत करता है।

33. हम इस पर भी जोर दे सकते है कि इसी उपबंध का कानूनी निर्वचन कभी भी शब्दार्थ नहीं होता अपितु यह सदैव क्रियात्मक है। यदिप कुछ समय पूर्व तक लिटरल रुल ऑफ इन्टरपरिटेशन, स्वर्णिम नियम के रुप में माना जाता था, यह अब प्रयोजनकारी निर्वचन का सिद्धांत है जो महत्वपूर्ण है विशेष रुप से ऐसे मामलों में जहां शाब्दिक निर्वचन कोई प्रयोजन पूरा नहीं करते या अर्थहीनता परिणाम करेंगे। यदि यह समाप्ति करता है जो कानून के प्रयोजन से भिन्न है तब उसे मंजूर नहीं किया जा सकता। न केवल विधिक प्रक्रिया के विचारक जैसे हार्ट और शैक्स ने कानूनी निर्वचन के लिए विस्तृत रणनीति के रुप में आशयवादीता को नाकार और इसके स्थान पर उन्होने प्रयोजनकारी सिद्धांत प्रस्तावित किया, इस सिद्धांत को न केवल इस देश में अपितु अनेक अन्य विधिक प्रणालियों में विस्तृत रुप से लागू किया जा रहा है"। [रेखाकित पक्तियों पर बल दिया गया है]

117. माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विशाक भट्टाचार्य बनाम पश्चिम बंगाल राज्य (ऊपर) के मामले में ठीक नोट किया गया है जो निम्नलिखित हैः-

"50. कई मामलों में न्यायालय उद्देश्य के अनुकूल दृष्टिकोण अपनाता है, जब वे संविधान के प्रावधानों का निर्वचन करता है, तो उसे वाद-विवाद सभा को निर्दिष्ट किया जाए ताकि उचित अर्थान्वयन करके दिशानिर्देश के रूप में हो। संविधान पवित्र या औपचारिक दस्तावेज मात्र नहीं हैं। यह लोगों की सरकार के लिए एक जीवित विरचना के रूप में माना जाता है और इसका संपूर्ण सफलतापूर्वक कार्यकरण लोकतंत्र की आत्मा पर निर्भर करता है, जिसका शब्द और आत्मा के रूप में सम्मान किया जाना चाहिए। "

(जोर दिया गया है)

118. सुरजीत सिंह कारला बनाम भारत संघ (1993) के मामले में न्यायमूर्ति के. जगन्नाथ शेट्टी ने, जैसा कि उन्होंने अवलोकन किया और निम्न निर्णय दिया :-

"19. यह सत्य है कि संविधि में शब्दों, जो वहां नहीं हैं, को पढ़ना अनुज्ञेय नहीं है लेकिन विकल्प या तो विवक्षा शब्दों की पूर्ति करने के मद्दे निर्भर करता है जो प्रकट होने से दुर्घटनावश लोपित हो गए हैं या ऐसी संरचना को अंगीकृत करना जो सभी अर्थों के कतिपय विद्यमान शब्दों को वंचित करती है, शब्दों की पूर्ति करना अनुज्ञेय होगा।"

(क्राइस संविधि विधि, सातवां संस्करण, पी 109)

समान प्रेषण हमेदिया हार्डवेयर स्टोर बनाम बी. मोहनलाल सोकार (1988) 2 एससीसी 513, 524-25) में है, जहां यह अवलोकन किया गया था कि उपबंध की संरचना करने वाले न्यायालय को ऐसे शब्दों को आसानी से नहीं पढ़ना चाहिए जो स्पष्ट रूप से अधिनियमित नहीं किए गए हैं लेकिन संदर्भ जिसमें उपबंध आए हैं, से संबंध रखता है और संविधि का उद्देश्य जिसमें उक्त अधिनियमित किए गए हैं न्यायालय को उसे अर्थपूर्ण बनाने के लिए सामंजस्यपूर्ण सन्निर्मित करना चाहिए। सुसंगत उपबंधों का मिलान करने के लिए हमेशा प्रयास किया जाना चाहिए ताकि संविधि द्वारा आशयित उपचार को उन्नत किया जा सके। (देखें सिराजुलहक खान बनाम सुन्नी सेंट्रल बोर्ड आफ वक्फ (1959) एससीआर 1287, 1299-एआईआर 1959 एससी 198)" (जोर दिया गया है)।

119. माननीय उच्चतम न्यायालय ने विजय कुमार मिश्रा बनाम पटना उच्च न्यायालय [(2016) 9 एससीसी 313] जो कि निम्न प्रकार है--

''25. निर्वचन का यह सुस्थापित सिद्धांत है कि जो विषय एवं वस्तु से संबंधित है वह अधिनियम अधिनियमित है। कानून को युक्तियुक्त ढंग से निर्वचित करने के लिए न्यायालय अपने आपको विधायक अथवा लेखक की भांति मानता है। इस प्रकार से उद्देश्यपूर्ण अर्थान्वयन से अधिनियम का उद्देश्य पूर्ण हो जाता है। इस प्रकार से यह कानून के निर्वचन का मान्यताप्राप्त नियम है कि पद जो कि सामान्यतया समझा जाता है। वह अधिनियम के उद्देश्य से सामंजस्य बनाता है और विधायिका के उद्देश्य को प्रभावित करता है। (देखें कानून का निर्वचन, 12वां संस्करण, पृष्ठ 119 और 127 जीपी सिंह)'' [जोर दिया गया है]

120. ऐसा बिल्कुल नहीं है कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 102 और 191 में दांडिक प्रावधान नहीं है। ये उपचारात्मक प्रकृति का और इसका उद्देश्य प्रभावपूर्ण विधायन से है जो कि सामूहिक रूप से कार्यपालक उत्तरदायित्व, लोगों के प्रतिनिधियों को नियमित रूप से दर्शाता है। इस प्रकार से मस्तिष्क के उद्देश्य को दिमाग में रखते हुए, एक वृहत निर्वचन प्रभावपूर्ण उद्देश्य को इन उपबंधों से अधिनियमित करना है। यह लिखना प्रासंगिक है कि इस अवसर पर माननीय उच्चतम न्यायालय का प्रेक्षण वाद [क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त बनाम हुगली मिल कारपोरेशन लिमिटेड (2012) 2 एससीसी 484] में किया गया है।

सहविधि के द्वारा (सिराज हक खान यू सुन्नी सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ वक्फ [1959 एस.सी.आर.1287, 1299, ए.आई.आर 1959 एस.सी 198]" [जोर दिया गया है]

119 माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विजय कुमार मिश्र पटना उच्च न्यायालय [(2016) 9 एस सीसी 313)] जो कि निम्न प्रकार हैः-

" 25. निर्वचन का यह सुस्थापित सिद्धांत है कि जो विषय एवं वस्तु से संबंधित है वह अधिनियम अधिनियमित है। सविधि को युक्तियुक्त ढंग से निर्वचित करने के लिए न्यायालय अपने आपको विधायक अथवा लेखक की भांति मानता है। इस प्रकार से उद्देश्यपूर्ण अर्थान्वयन से अधिनियम का उद्देश्य पूर्ण हो जाता है। इस प्रकार से यह संविधि के निर्वचन का मान्यताप्राप्त नियम है कि पद जो कि सामान्यतया प्रयुक्त समझा जाता है वह अधिनियम के उद्देश्य से समंजस्य बनाता और विधायिका के उद्देश्य को प्रभावित करता है। (देखे संविधि का निर्वचन, 12वां संस्करण पेज 119 और 127 जी.पी.सिंह) [जोर दिया गया है।]

121. के प्रभाकरण बनाम जयराजन [(2005) एस.सी.सी. 754] के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के संप्रेक्षण पर ध्यान देना भी अत्याधिक सुसंगत है, जो निम्नानुसार है :--

"59. शिबु सोरेन बनाम दयानंद सहाय [(2001) 7 एस.सी.सी. 425] के मामले में इस न्यायालय की तीन सदस्यीय न्यायपीठ का ध्यान उस समय लाभ का पद धारण करने वाले व्यक्ति के कारण निरर्हता की समीक्षा के प्रश्न की ओर आकृष्ट किया गया था। न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि ऐसे उपबंध की प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों तथा सुसंगत कानूनी उपबंधों को ध्यान में रखते हुए वास्तविक रीति में व्याख्या की जानी अपेक्षित है। जबकि "कोई कठोर तथा संकुचित अर्थान्वयन" को न ही अपनाया जा सकता है जिसका "निर्वाचन लड़ने वाले विशिष्ट तथा अन्य पात्र व्यक्तियों को बंद करने" पर प्रभाव पड़ सकेगा, किंतु इसी के साथ-साथ,

"ऐसे कानूनी उपबंध के संबंध में कार्रवाई करने में, जो किसी नागरिक पर निरर्हता अधिरोपित करता है, भाग व्यापक तथा सामान्य दिष्टकोण अपनाना अनुचित होगा और आवश्यक प्रश्नों पर ध्यान न दें।" (एस.सी.सी. पृष्ठ 447 पैरा 36)

दाव पर क्या लगा है वह है निर्वाचन लड़ने तथा पद धारण करने का अधिकार । "व्यावहारिक दृष्टिकोण, जो कसौटियों का पंडिताऊ पिटारा नहीं है" इसलिए न्यायालय समुचित निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए मार्गदर्शन अवश्य करें । निरर्हता में प्राप्त किए जाने वांछित उद्देश्य के साथ सारभूत और युक्तियुक्त संबंध अवश्य होना चाहिए और अधिनियमिति के लिए उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यर्थाथता के भाव के साथ व्याख्या की जानी चाहिए"। [बल दिया गया]

122. सरकार के अधीन लाभ का पद धारण करने के लिए निरर्हता को समाविष्ट करने के पीछे लोगों के प्रतिनिधियों को उनके निजी उद्यमों द्वारा लाभ अर्जित करने से रोकना नहीं है बल्कि विधानमंडल के सदस्यों के रूप में उनके हित के ..... को रोकना है और इसलिए लाभ के साक्ष्य पर अनुचित महत्व तथा धनीय फायदों की वास्तविक संभावता इन संविधानिक उपबंधों को शक्तिहीन बना सकती है । इन उपबंधों द्वारा प्राप्त किए जाने के लिए ईप्सित उद्देश्य एक विधान मंडल है, जिसके सदस्य हित तथा निरर्हता उपबंध के द्वंद्व की बुराई से मुक्त है और उनके कार्यान्वयन के लिए अपेक्षाएं ऐसी रीति में पढ़ी जानी चाहिए और उनकी व्याख्या की जानी चाहिए जिससे इस उद्देश्य को पूरा किया जा सके । उन मामलों में जहां पद स्पष्टतया कार्यपालक प्रकृति का है और कार्यपालक कृत्य पर प्राधिकार का समादेश देता है वे अत्यंत सामाजिक संस्थान और गरिमा का है – वहां हित के द्वंद्व का मामला स्पष्ट मामला होता है और यदि ऐसा पद लाभ के पद के रूप में धारित नहीं किया जाता है तो ऐसा निर्वचन विधि में बेतुकापन उत्पन्न कर रहा है, जो न केवल संवैधानिक उपबंधों को निरर्थक बना रहा है, बल्कि हमारे विधियों के निकाय में गहराई से सन्निविष्ठ संवैधानिक वाद के विजन को भी नकारात्मक बना रहा है ।

123. परिस्थितियों की विचित्रता के कारण ऊपर पैरा 112, 113 व 120 में किए संप्रेक्षणों को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि अभिलेख पर तथ्यों को पद की प्रकृति तथा आगामी उत्तरदायित्वों, जो इस पद के पदधारियों पर सामान्य अनुक्रम में न्यस्त किए गए थे, न्यस्त किए जाएंगे, को ध्यान में रखते हुए पढ़ा जाता है और यह ऐसे बोध को ध्यान में रखते हुए ही है कि इस निर्देश में किसी सही राय पर पहुंचा जा सकता है ।

124. यह प्रश्न कि क्या संसदीय सचिव का पद लाभ का पद था या नहीं, ऐसा प्रश्न है जो साधारण रूप से और केवल लाभ के पद की संभाव्यता से संबद्ध है, क्योंकि ऐसा कोई पद, जिसका प्रभाव ऐसा है जो किसी विधान सभा सदस्य की स्वतंत्रता को प्रभावित करता है और जो जनता या सदन या दोनों के प्रति उसके कर्तव्यों के निष्पादन के सामर्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, ऐसे किसी पद को लाभ का पद कहा जाएगा । वर्तमान पद एक कार्यपालक पद की प्रकृति का है और जिनके अधिभोग के कारण ये विधान सभा सदस्य कार्यपालिका का भाग बन गए थे । प्रत्यर्थी विधान सभा सदस्यों की जीएनसीटीडी द्वारा संसदीय सचिवों के रूप में नियुक्ति, जीएनसीटीडी अधिनियम, 1991 की धारा 15(1)(क) द्वारा प्राप्त किए जाने वाले उद्देश्यों को पछाड़ी है और उन्हें विफल करती है और साथ ही वह सरकार के विधायी निरीक्षण के सिद्धांत के विरुद्ध है, जो कि संसदीय लोकतंत्र का एक आधारिक सिद्धांत है ।

125. इस प्रक्रम पर, लाभ के पद संबंधी संयुक्त संसदीय समिति (16वीं लोक सभा) द्वारा अपनाए गए उस मानदंड पर विचार करते हैं, जिसे यह परीक्षण करने के लिए अपनाया गया था कि क्या कोई पद लाभ का पद है अथवा नहीं, जिसे पैरा सं. 76 में उल्लिखित किया गया था, जो निम्नानुसार है :

"(i) क्या धारक कोई पारिश्रमिक, जैसे कि आसीन होने की फीस, मानदेय, वेतन आदि का आहरण करता है अर्थात् संसद् (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 की धारा 2(क) में यथापरिभाषित 'प्रतिकारात्मक भत्ते' से भिन्न कोई अन्य पारिश्रमिक प्राप्त करता है ; (इस प्रकार सिद्धांत यह है कि यदि कोई सदस्य उससे अधिक का आहरण नहीं करता है, जो वास्तव में अपने जेब से खर्च किए जाने वाले संदायों की प्रतिपूर्ति के लिए अपेक्षित है और जो उसे कोई धनीय लाभ प्रदान नहीं करता है, तो वह निरर्हता के रूप में कार्य नहीं करेगा)

(ii) क्या वह निकाय, जिसमें कोई पद धारण किया जाता है, कार्यपालक, विधायी या न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करता है या निधियों के संवितरण, भूमियों के आबंटन, अनुज्ञप्तियों के जारी करने आदि की शक्तियां प्रदत्त करता है या नियुक्ति, छात्रवृत्तियां मंजूर करने आदि की शक्तियां प्रदान करता है ; और

(iii) क्या वह निकाय, जिसमें कोई पद धारण किया जाता है, धारक को संरक्षण के माध्यम से कोई प्रभाव या शक्ति का नियंत्रण करने में समर्थ बनाता है ।

यदि उपरोक्त मानदंडों में से किसी का उत्तर हां में है तो प्रश्नगत पद निरर्हता उपगत करेगा" । [बल दिया गया]

126. संयुक्त संसदीय समिति द्वारा उल्लिखित और सहारा लिए गए धनीय लाभ के प्रथम परीक्षण और पद की कार्यपालक प्रकृति के दूसरे परीक्षण का क्रमश: मुद्दा 3 और मुद्दा 4 के अधीन विश्लेषण किया गया है । यह उल्लेख करना अनिवार्य है कि परीक्षण ऊपर उल्लिखित मानदंड, जिसका संयुक्त संसदीय समिति द्वारा सहारा लिया गया है, एकल रूप से कार्य करता है और यदि उनमें से एक का भी समाधान हो जाता है तो वह ऐसे किसी पद को लाभ के पद के रूप में अभिनिर्धारित करने के लिए पर्याप्त है ।

127. ऊपर उल्लिखित मानदंड का तीसरा परीक्षण वर्तमान मामले में अत्यधिक महत्वपूर्ण है । संसदीय सचिव के पद ने, उसके पदधारियों को सरकार की उच्चस्तरीय बैठकों में भाग लेने और यहां तक कि उनकी अध्यक्षता करने के लिए भी अनुज्ञात किया था । संसदीय सचिवों को विधान सभा सचिवालय में कार्यालय का स्थान आबंटित किया गया था और अनेक मामलों में अन्यत्र भी कार्यालय स्थान आबंटित किया गया था तथा शासकीय वाहन भी आबंटित किए गए थे । इन संसदीय सचिवों को संबद्ध मंत्री की, उसके कृत्यों के निर्वहन में सहायता करनी थी और कार्य या प्राधिकार का वास्तविक प्रत्यायोजन मंत्री के विवेकाधिकार पर छोड़ा गया था । इन संसदीय सचिवों के पास मंत्रियों और मंत्रालयीय फाइलों और टिप्पणियों तक पूर्णकालिक पहुंच थी और इस पहुंच ने उन्हें संरक्षण के माध्यम से प्रभाव और शक्ति का नियंत्रण करने में समर्थ बनाया था ।

128. जहां तक प्रत्यर्थियों की इस दलील का संबंध है कि संसदीय सचिव का पद अब विद्यमान नहीं है क्योंकि उनकी नियुक्ति के आदेश को माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा, उसके तारीख 8.9.2016 के आदेश द्वारा रद्द कर दिया गया था और वे अब आसीन संसदीय सचिव नहीं है और इसलिए, उन्हें निरर्हित करने का कोई प्रश्न विधि की त्रुटिपूर्ण समझ पर आधारित है और उसका उत्तर दिया जाना चाहिए और उसे हमारे तारीख 23.06.2017 के आदेश द्वारा स्पष्ट किया गया है तथा उसका उत्तर दिया गया है (उपाबंध 3, अंग्रेजी पृष्ठ 121 से 143)

129. इस संदर्भ में, अनुसरित परिपाटी और नामांकन पत्र संबंधी विधि को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण होगा। नामांकन पत्र फाइल करने के प्रक्रम पर, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 36(2)(क) के अनुसार नामांकन पत्रों की संवीक्षा की तारीख को सुसंगत तारीख कहा गया है और यदि कोई व्यक्ति उस तारीख को लाभ का पद धारण किए हुए है तब उसका नमांकान पत्र खारिज किए जाने योग्य होगा । यदि किसी व्यक्ति ने पहले ही त्यागपत्र दे दिया है किन्तु वह स्वीकार नहीं किया गया है, तब भी वह पद पर माना जाएगा और चुनाव लड़ने के लिए अर्हित नहीं है और इसलिए उसका नामांकन पत्र खारिज किए जाने योग्य है। ऐसे मामले में भी जिसमें त्यागपत्र स्वीकार किए जाने कि अधिसूचना जारी की जानी है और अधिसूचना से यह पता चलता है कि त्यागपत्र संवीक्षा की तारीख से अगले दिन स्वीकार कर लिया गया है। तब भी नामांकन पत्र खारिज किए जाने योग्य है। इसी प्रकार विधान सभा का आसीन सदस्य इस तारीख को निरर्हित किए जाने योग्य होगा जिस तारीख को वह लाभ का पद ग्रहण करता है और इस प्रकार की गई निरर्हता केवल विधान मंडल द्वारा ही समाप्त की जा सकती है और न तो त्यागपत्र से और न ही न्यायालय के आदेश द्वारा पद से हटाए जाने से ऐसी निर्रहता समाप्त हो सकती है जो लाभ का पद धारण करने से सृजित होती है।

130. इस समागम पर यह उल्लेखनीय है कि क्या वैयक्तिक संसदीय सचिव को वास्तव में फायदे व्युतपन्न होते हैं या नहीं या सरकार के कार्यपालिका संबंधी कार्यों में भाग लिया है या नहीं, किसी भी प्रकार से सुसंगत नहीं है क्योंकि जब एक बार यह सिद्ध हो गया है कि संसदीय सचिव के पद में ऐसी सुसंगतियां आ जाती हैं जिनसे लाभ का पद ग्रहण करने के लिए निरर्हता बन जाती है, इसलिए जया बच्चन (उपरोक्त) वाले मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सुस्थापित सारभूत सिद्धांत के अनुसार, ऐसे पद पर नियुक्त किए गए सभी व्यक्ति निरर्हित जाएंगे।

131. भारत के संविधान में अंतर्विष्ट विधि के आलोक में तथ्यों और परिस्थितियों की संपूर्णता पर विचार करने पर, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 और ऊपर उद्धत न्यायिक नज़ीरों से यह निष्कर्ष निकलता है कि संसदीय सचिव का पद जिस पर तारीख 13 मार्च, 2015 के शासन आदेश द्वारा निम्न बीस विधायकों नियुक्त किया गया था सरकार के अधीन ग्रहण किया गया लाभ का पद है, अत: इस आयोग का यह मत है कि निम्न विधायक दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम की धारा 15(1)(क) के अधीन निरर्हित किए जान योग्य है:--

क्रम सं.	विधानसभा सदस्य का नाम	क्रम सं.	
1.	श्री आदर्श शास्त्री (ए.सी.-33 द्वारका)	2.	*सुश्री अल्का लांबा* *(ए.सी.-20 चांदनी चौक)*
3.	श्री अनिल कुमार बाजपेई (ए.सी.-61 गांधी नगर)	4.	*श्री अवतार सिंह* *(ए.सी.-51 कालकाजी)*

5.	श्री जरनैल सिंह (ए.सी.-29 तिलक नगर)	6.	*श्री कैलाश गहलौत* *(ए.सी.-35 नजफगढ़)*
7.	श्री मदन लाल (ए.सी.-42 कस्तूरवा नगर)	8.	*श्री मनोज कुमार* *(ए.सी.-56 कोंडली)*
9.	श्री नरेश यादव (ए.सी.-45 महरौली)	10.	*श्री नितिन त्यागी* *(ए.सी.-58 लक्ष्मी नगर)*
11.	*श्री प्रवीन कुमार* *(ए.सी.-41 जंगपुरा)*	*12.*	*श्री राजेश गुप्ता* *(ए.सी.-17 वजीरपुर)*
13.	श्री राजेश ऋषि (ए.सी.-30 जनकपुरी)	14.	श्री संजीव झा (ए.सी.-2 बुराड़ी)
15.	सुश्री सरिता सिंह (ए.सी.-64 रोहतास नगर)	16.	श्री शरद कुमार चौहान (ए.सी.-1 नरेला)
17.	श्री शिव चरण गोयल (ए.सी.-25 मोती नगर)	18.	श्री सोम दत्त (ए.सी.-19 सदर बाजार)
19.	श्री सुखवीर सिंह दलाल (ए.सी.-8 मुंडका)	20.	श्री विजेन्दर गर्ग विजय (ए.सी.-39 राजेन्द्र नगर)

132. श्री जरनैल सिंह, पूर्व विधायक, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र-27, राजौरी गार्डन को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन के तारीख 13 मार्च, 2015 के आदेश द्वारा संसदीय सचिव के रूप में भी नियुक्त किया गया था, यह उल्लेखनीय है कि उन्होंने तारीख 17 जनवरी, 2017 को राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की विधानसभा की सीट से त्यागपत्र दे दिया था और अप्रैल, 2017 में इस रिक्ति को भरने के लिए उपचुनाव किए गए, अतःउनकी निरर्हता पर कोई भी प्रश्न शेष नहीं रहता है। इस प्रकार, इस संदर्भ में निर्देश दिए जाने की आवश्यकता नहीं है।

ओ. पी. रावत (निर्वाचन आयुक्त) ए.के. जोती (मुख्य निर्वाचन आयुक्त) सुनील अरोड़ा (निर्वाचन आयुक्त)

स्थान : नई दिल्ली

तारीख : 19 जनवरी, 2018

उपाबंध-1

भारत का निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन,

अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

2015 का निर्देश मामला सं. 5

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991.

विषय: श्री प्रशांत पटेल, अधिवक्ता की ओर से फाइल की गई याचिका जिसमें श्री प्रवीण कुमार, सदस्य दिल्ली विधान सभा और उसके 20 अन्य सदस्यों की निरर्हता का अभिकथन।

प्रशांत पटेल ..... याची

बनाम

श्री प्रवीण कुमार और 20 अन्य ..... प्रत्यर्थी

आदेश

वर्तमान कार्यवाहियों में पक्षकार बनाने के लिए फाइल किए गए निम्न आवेदनों का परिशीलन किया या है:-

(क) श्री अजय माकन, अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से फाइल किया गया तारीख 9 जून, 2016 का आवेदन ।

(ख) दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार की ओर से फाइल किया गया तारीख 16 जून, 2016 का आवेदन ।

(ग) श्री विवेक गर्ग की ओर से फाइल किया गया तारीख 28 जून, 2016 का आवेदन ।

(घ) श्री सतीश उपाध्याय, भारतीय जनता पार्टी की ओर से फाइल किया गया तारीख 14 जुलाई, 2016 का आवेदन।

(ङ) श्री एस.एन.शुक्ला की ओर से फाइल किया गया तारीख 15 जुलाई, 2016 का आवेदन ।

2. आयोग द्वारा प्राप्त किए गए उपरोक्त आवेदनों के निम्न पक्षकारों/व्यक्तियों द्वारा फाइल किए गए उत्तरों का भी परिशीलन किया गया है:-

(i) तारीख 20 जून, 2016 को फाइल किया गया श्री प्रशांत पटेल, अर्जीदार का पत्र/ अर्जी ।

(ii) तारीख 6 जुलाई, 2016 को सभी प्रत्यर्थी विधायकों की ओर से फाइल किया गया पत्र/अर्जी ।

(iii) तारीख 18 जुलाई, 2016 को श्री प्रशांत पटेल, अर्जीदार का पत्र/अर्जी ।

3. आरंभ में ही प्रत्यर्थी 5 के विद्वान काउंसिल श्री बिश्वजीत भट्टाचार्य ने वर्तमान कार्यवाहियों की पोषणीयता पर प्राथमिक आक्षेप, विशेषकर अर्जीदार द्वारा आयोग के समक्ष सीधे ही तारीख 28 दिसंबर, 2015 को फाइल की गई शिकायत के आधार पर, किए हैं । उन्होंने यह दलील दी है कि अर्जीदार ने सबसे पहले दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 15(3) के निबंधनं में अध्यक्ष के समक्ष तारीख 19 जून, 2014/15 को दो पृष्ठ वाली शिकायत फाइल की जिसमें यह अभिकथन किया कि दिल्ली विधानसभा के 21 सदस्य निरर्हित हो गए हैं जो अतब सदस्य बने नहीं रह सकते क्योंकि वे दिल्ली सरकार के अधीन लाभ का पद ग्रहण किए हुए थे । इसके पश्चात् तारीख 28 दिसंबर, 2015 को अर्जीदार ने अभिकथित रूप से सीधे आयोग के समक्ष एक दूसरी शिकायत प्रस्तुत गी । विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल के अनुसार आयोग को तारीख 28 दिसंबर, 2015 की अर्जीदार की शिकायत का संज्ञान नहीं लेना चाहिए था क्योंकि आयोग को विधानसभा के सदस्य की निरर्हता से संबंधित किसी भी शिकायत की सीधे सुनवाई करने की कोई भी अधिकारिता नहीं है । काउंसिल ने यह प्रतिवाद किया है कि तारीख 28 दिसंबर, 2015 की दूसरी शइकायत अर्जीदार द्वारा अध्यक्ष के समक्ष की जानी चाहिए थी न कि सीधे आयोग के समक्ष । काउंसिल ने दृढ़तापूर्वक यह दलील दी है कि तारीख 28 दिसंबर, 2015 को फाइल की गई शिकायत पर अधइकारिता के बिना आयोग द्वारा सुनवाई किया जाना वर्तमान कार्यवाही के आरंभ और उसकी पोषणीयता को प्रभावित करता है । उन्होंने यह दलील दी है कि वर्तमान कार्यवाहियां बंद की जानी चाहिए और अध्यक्ष को इस पर विचार करना चाहिए ।

4. विद्वान ज्येष्ठ काउंसेल के उपरोक्त प्राथमिक आक्षेपों के उत्तर में अर्जीदार ने कोई भी प्रत्युत्तर नहीं दिया है । तथापि, उन्होंने यह दलील दी है कि उसने अपने उत्तर की तारीख 28 दिसंबर, 2015 की एक प्रति (तथाकथित द्वितीय शिकायत) अध्यक्ष के सचिवालय में फाइल की थी और सचिवालय से इस संबंध में उसके द्वारा प्राप्त की गई रसीद भी दर्शाई ।

5. तथापि, आयोग ने सम्यक् रूप से प्रत्यर्थी सं. 5 के विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल की ओर से किए गए उपरोक्त प्राथमिक आक्षेपों पर विचार किया है । उपरोक्त आक्षेप से यह स्पष्ट हो गया है कि विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल ने उपरोक्त प्राथमिक आक्षेप करते समय तारीख 4 दिसंबर, 2015 के आयोग के नोटिस पर विचार नहीं किया है जो अर्जीदार को इस संबंध में जारी किया गया था कि वह तारीख 28 दिसंबर, 2015 तक अपना हस्ताक्षरित उत्तर फाइल करे और उसके समर्थन में सम्यक् रूप से शपथपत्र भी प्रस्तुत करे । निर्वाचन आयोग के इस औपचारिक इस नोटिस के उत्तर में कि अर्जीदार ने तारीख 28 दिसंबर, 2015 का सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित उत्तर सभी सुसंगत दस्तावेजों जिनका उसने अवलंब लेने का प्रस्ताव रखा है, फाइल किया है और उसके समर्थन में सम्यक् रूप से शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है । यहां यह इंगित करना महत्वपूर्ण है कि जब तारीख 16 मार्च, 2016 का निर्वाचन आयोग का ऐसा ही नोटिस प्रत्यर्थियों को जारी किया गया था, तब सभी 21 प्रत्यर्थियों ने अपने उत्तर उस नोटिस के जवाब में सीधे आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए थे न कि भारत के राष्ट्रपति के समक्ष । प्रत्यर्थियों के इन उत्तरों को वर्तमान कार्यवाहियों में आयोग द्वारा अभिलेख पर सम्यक् रूप से रखा गया है ।

6. यह भी उल्लेखनीय है कि जब एक बार राष्ट्रपति द्वारा कोई प्रश्न निर्वाचन आयोग को उसकी राय लेने के लिए संविधान के अनुच्छेद 103(2) या संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 या दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 15(4) के अधीन भेजा जाता है, तब आयोग द्वारा उसके नोटिस आदि के माध्यम से अर्जीदार और प्रत्यर्थियों को सभी पत्राचार सीधे ही भेजे गए थे और इसी प्रकार उनके अभिवाक भी लिखित कथन, प्रत्युत्तर और शपथपत्र आदि के रूप में पक्षकारों द्वारा सीधे ही आयोग के समक्ष फाइल किए गए हैं और उन्हें राष्ट्रपति के सचिवालय के माध्यम से भेजने की आवश्यकता नहीं है । यह ऐसे निर्देश के मामलों में आयोग की यह सामान्य परिपाटी और प्रक्रिया है । ऐसी ही कार्रवाई का अनुसरण उस समय किया जाता है जब आयोग को संविधान के अनुच्छेद 192 के अधीन राज्यों के राज्यपाल से ऐसे ही निर्देश राज्य के विधान मंडल के आसीन सदस्यों की निरर्हता के प्रश्न के संबंध में प्राप्त होते हैं। आयोग लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 146ख के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग करने में इस प्रक्रिया का अनुसरण करता है और इस अधिनियम के अधीन आयोग को ऐसी कार्रवाइयों के मामले में अपनी प्रक्रिया का विनियमन करने के लिए सशक्त किया गया है।

7. अतः, प्रत्यर्थी सं. 5 के विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल द्वारा किया गया यह आक्षेप कि तारीख 28 दिसंबर, 2015 का अर्जीदार के उत्तर पर, जो तथाकथित द्वितीय शिकायत है, आयोग द्वारा विचार नहीं किया जा सकता क्योंकि इसके लिए कोई भी विधिक आधार नहीं है और इस प्रकार गुणता न होने के कारण यह कायम रखे जाने योग्य नहीं है ।

8. अर्जी में पक्षकार बनने या कार्यवाहियों में हस्तक्षेप करने के लिए आवेदकों की ओर से विद्वान काउंसिलों की भी सुनवाई की गई है । कुछ प्रत्यर्थियों के विद्वान काउंसिलों ने इन आवेदनों का विरोध इन आवेदनों के संबंध में उनके द्वारा फाइल किए गए उत्तरों का अवलंब लेते हुए किया है, अन्य प्रत्यर्थियों के विद्वान काउंसिलों ने यह दलील दी है कि आवेदकों ने विस्तृत सामग्री उन आवेदनों के साथ फाइल की है जिन पर विस्तार से विचार करने की आवश्यकता है और इसके उत्तर फाइल करने के लिए पर्याप्त समय लेने की प्रार्थना की है । आयोग ने विद्वान काउंसिलों को यह स्पष्ट किया है कि इस समय आयोग आवेदकों को पक्षकार बनाने/हस्तक्षेप करने की प्रार्थना का संज्ञान लेने के प्रश्न पर विचार करेगा और आयोग को आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजी साक्ष्य की विधिमान्यता पर विचार नहीं करना है ।

9. आवेदकों, भारतीय जनता पार्टी और इंडियन नेशनल कांग्रेस के विद्वान काउंसिलों ने यह निवेदन किया है कि वर्तमान कार्यवाहियों से विधि और तथ्य तथा उनके हित के महत्वपूर्ण प्रश्न उद्भूत होते हैं क्योंकि ये राष्ट्रीय पार्टियां हैं, आयोग के समक्ष सभी सुसंगत निर्णय विधि और सूचना प्रस्तुत करके उसकी सहायता करनी चाहिए ताकि वह उचित निर्णय ले सके । इंडिय नेशनल कांग्रेस की ओर से यह भी दलील दी गई है कि उन्हें इस मामले में कोई भी प्रतिकूल भूमिका अदा करने की ईप्सा नहीं करनी है । दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार के विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल ने यह दलील दी है कि आवेदक – सरकार एक आवश्यक और उचित पक्षकार है क्योंकि विधान सभा के 21 सदस्यों की निरर्हता का प्रश्न वर्तमान कार्यवाही में उठाया गया है और कोई भी प्रतिकूल विनिश्चय उक्त सदस्यों के विरुद्ध लेने से सरकारी क्रियाकलाप पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा । एक अन्य विद्वान काउंसिल ने यह अभिकथन किया है कि कुछ पक्षकार सुसंगत और महत्वपूर्ण सूचना प्रस्तुत नहीं करते हैं या उसे दबाते हैं और वह (काउंसिल) ऐसी सामग्री आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने में सहायता करेगा ।

10. आयोग ने विधि के सुसंगत उपबंधों पर विचार किया है और विद्वान ज्येष्ठ काउंसिलों द्वारा दी गई दलीलों पर सावधानी पूर्वक उपरोक्त आवेदनों को लेकर विचार किया है । यह विवादित नहीं है कि वर्तमान जांच कार्यवाही दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 15(4) के अधीन भारत के राष्ट्रपति से प्राप्त निर्देश के आधार पर निर्वाचन आयोग द्वारा संस्थित की गई है जिसमें आयोग की राय दिल्ली विधानसभा के 21 आसीन उन सदस्यों की अभिकथित निरर्हता के प्रश्न पर राय लेने की ईप्सा की गई है जो इस मामले में प्रत्यर्थी हैं । यह प्रश्न तारीख 19 जून, 2014/15 के अभ्यावेदन में अर्जीदार द्वारा भारत के राष्ट्रपति के समक्ष उठाया गया है और राष्ट्रपति ने इस प्रश्न को उसकी राय जानने के लिए आयोग को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 15(4) के अधीन भेजा है । इस प्रकार, वर्तमान कार्यवाहियों के पक्षकार तारीख 10 नवंबर, 2015 के राष्ट्रपति के उक्त निर्देश, जो आयोग को भेजा गया था, द्वारा तय किए गए हैं जिनमें श्री प्रशांत पटेल, अधिवक्ता अर्जीदार हैं और साथ ही दिल्ली विधानसभा के 21 विधायकों का नाम भी तारीख 19 जून, 2014/15 के उक्त अभ्यावेदन, जो श्री प्रशांत पटेल (प्रत्यर्थी) द्वारा दिया गया था, में दिए गए हैं । अतः दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार सहित ऊपर कथित आवेदकों के उपरोक्त आवेदन जो उन्होंने वर्तमान कार्यवाहियों में पक्षकार बनने के लिए फाइल किए हैं, आयोग के समक्ष चलने योग्य नहीं हैं ।

11. जहां तक आयोग के समक्ष हस्तक्षेपी के रूप में प्रस्तुत होने के लिए की गई प्रार्थना का संबंध है, जैसा कि ऊपर पहले ही उल्लेख किया गया है, आयोग को अपनी प्रक्रिया विनियमित करने की शक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा

146ख के अधीन प्राप्त है । अतः आयोग आवेदकों को वर्तमान कार्यवाहियों में पक्षकार बनने के लिए अनुज्ञात नहीं कर सकता, आयोग उनके द्वारा दी गई सहायता की, जब कभी अपेक्षित हो, और वांछनीय तथा समीचीन हो, ईप्सा कर सकता है ।

12. प्रत्यर्थियों में से एक प्रत्यर्थी ने आयोग के समक्ष वर्तमान कार्यवाहियों से संबंधित सुसंगत फाइल का निरीक्षण करने की अनुमति लेने की प्रार्थना की है । अर्जीदार तथा 21 प्रत्यर्थियों को, यदि वे इसकी ईप्सा करें, किसी भी कार्य दिवस पर आयोग के आर.सी.सी. खंड के सचिव की पूर्वानुमति के अनुसार एतद् द्वारा उक्त फाइल का निरीक्षण करने के लिए अनुज्ञात किया जाता है ।

13. अब यह मामला 10 अगस्त, 2016 (बुधवार) को 3 बजे अपराह्न में सुना जाएगा ।

ओ. पी. रावत डा. नसीम जैदी ए.के. जोती

निर्वाचन आयुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त निर्वाचन आयुक्त

नई दिल्ली, 26 जुलाई, 2016

फा. सं. 113/5/2015-आर.सी.सी.

उपाबंध 2

भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन,

अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

2015 का निर्देश मामला सं. 5

(दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की

धारा 15(4) के अधीन भारत के राष्ट्रपति की ओर से निर्देश)

विषय- श्री प्रशांत पटेल, अधिवक्ता, ईस्ट आफ कैलाश, नई दिल्ली की ओर से दिल्ली विधानसभा के 21 विधायकों की विधानसभा की सदस्यता से अभिकथित निरर्हता के लिए अर्जी ।

आदेश

यह दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 (जिसे इसमें इसके पश्चात् 1991-अधिनियम कहा गया है) की धारा 15(4) के अधीन भारत के राष्ट्रपति से तारीख 10 नवंबर, 2015 का निर्देश है जिसमें श्री प्रवीन कुमार सहित दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की विधानसभा के अन्य 20 सदस्यों की, दिल्ली सरकार के अधीन लाभ का पद संसदीय सचिव के रूप में धारण करने के आधार पर निरर्हता के प्रश्न पर निर्वाचन आयोग की राय लेने की ईप्सा की गई है जिसके साथ तारीख 19 जून, 2015 (जिसे श्री प्रशांत पटेल, अधिवक्ता द्वारा गलती से 19 जून, 2014 लिखा गया है) का पत्र भी संलग्न है ।

2. राष्ट्रपति के सचिवालय द्वारा अग्रप्रेषित तारीख 19 जून, 2015 के पत्र का परिशीलन करने पर यह दर्शित होता है कि उक्त पत्र अर्जीदार द्वारा हस्ताक्षरित नहीं है न ही इसके साथ कोई शपथपत्र लगाया गया है ताकि अर्जीदार की इस दलील को सारभूत किया जा सके कि दिल्ली सरकार के मंत्रालय में संसदीय सचिव का पद एक लाभ का पद है । अतः, निर्देश के ऐसे मामलों में आयोग द्वारा अपनाई जाने वाली सामान्य परिपाटी और प्रक्रिया के अनुसार एक नोटिस तारीख 4 दिसंबर, 2015 को अर्जीदार को इस संबंध में जारी किया गया था कि वह सभी सुसंगत दस्तावेजों के साथ अर्जीदार द्वारा सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित एक अर्जी 28 दिसंबर, 2015 तक फाइल करे जिस पर उन्हें अवलंब लेना है और इसके समर्थन में शपथपत्र भी फाइल करें । अर्जीदार ने आयोग के तारीख 4 दिसंबर, 2015 के नोटिस का उत्तर तारीख 28 दिसंबर, 2015 को यह कथन करते हुए दिया कि वह नए सिरे से सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित, सभी सुसंगत दस्तावेजों के साथ अर्जी फाइल करेगा जिसका उसे अवलंब लेना है और उसके समर्थन में सम्यक् रूप से शपथपत्र भी फाइल करेगा । यहां यह इंगित करना महत्वपूर्ण है कि यद्यपि अर्जीदार ने तारीख 28 दिसंबर, 2015 के अपने उपरोक्त उत्तर में यह कथन किया है कि उसने अपने उत्तर के साथ सम्यक् रूप से शपथपत्र प्रस्तुत किया था किंतु बाद में यह पता चला कि उक्त उत्तर के साथ कोई भी ऐसा शपथपत्र संलग्न नहीं था और मात्र 10 रुपए वाला ई-स्टांप पेपर उत्तर के साथ उपाबद्ध पाया गया । उपरोक्त उत्तर के साथ 15 अन्य दस्तावेज भी अर्जी के साथ लगाए गए थे जिन्हें उपाबंधों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है ।

3. याची के उपरोक्त उत्तर को प्राप्त करने के पश्चात् तारीख 16 मार्च, 2016 को तारीख 19 जून, 2015 की याचिका में नामित सभी 21 विधानसभा सदस्यों को नोटिस भेजे गए थे । नोटिस याचियों के पत्र तारीख 19 जून, 2015 तथा तारीख 28 दिसंबर, 2015 के उनके उत्तर सहित नोटिस भेजे गए थे और सभी अन्य दस्तावेजों को तारीख 28 दिसंबर, 2015 के उत्तर के साथ उपाबद्ध किया गया था । इस नोटिस द्वारा प्रत्यर्थियों को यह निदेश दिया गया था कि वे तारीख 11 अप्रैल, 2016 को या उससे पूर्व अपने उत्तर फाइल करें । प्रत्यर्थियों ने आयोग से समय विस्तार चाहने के पश्चात् तारीख 9 मई, 2016 को अपने-अपने लिखित कथन फाइल किए थे, देखिए उनके आवेदन तारीख 8 अप्रैल, 2016 । सभी उक्त 21 विधानसभा सदस्य (इसमें प्रत्यर्थी) ने अधिकांश समरूप लिखित कथन प्रस्तुत किए थे कि वे दिल्ली सरकार के अधीन कोई लाभ का पद धारित नहीं कर रहे हैं जिनका कारण उनका संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया जाना है । उन लिखित कथनों में उन्होंने यह मुद्दा भी उठाया है कि आयोग द्वारा याची के तारीख 28 दिसंबर, 2015 के उत्तर को ग्रहण नहीं किया जा सकता । जिस पर याची ने 'नए सिरे से याचिका' को वर्णित किया था जिसमें यह दलील दी गई कि उक्त याचिका भारत के राष्ट्रपति के माध्यम से प्रकट नहीं हुई थी । और राष्ट्रपति के पास उक्त याचिका पर अपने विवेक का प्रयोग करने का कोई अवसर नहीं था जिससे कुछ नए आधार उद्भूत हुए हैं जिन्हें याची के तारीख 19 जून, 2015 की मूल याचिका में सन्निहित नहीं किया गया था । याची ने तारीख 8 जून, 2016 को अपना प्रत्युत्तर फाइल करके प्रत्यर्थियों की दलीलों का विरोध किया ।

4. उसी बीच में मामले में हस्तक्षेप चाहने के लिए कुछ तीसरे पक्षकारों द्वारा कतिपय आवेदन फाइल किए गए थे । जब इन आवेदनों पर विचार करने के लिए तारीख 21 जुलाई, 2016 को उन्हें ग्रहण किया गया, प्रत्यर्थी संख्या 5 की ओर से विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल श्री विश्वजीत भट्टाचार्य ने याची के तारीख 28 दिसंबर, 2015 के उत्तर को बनाए रखने पर प्रारंभिक आक्षेप उठाए जो उनके द्वारा याची के 'द्वितीय याचिका' के रूप में वर्णित किया गया । आयोग ने अपने तारीख 26 जुलाई, 2016 के आदेश द्वारा इस आधार पर प्रत्यर्थी के उपर उल्लिखित उपरोक्त प्रारंभिक आक्षेपों को अस्वीकार कर दिया कि आक्षेपित याचिका तारीख 28 दिसंबर, 2015 को फाइल की गई थी, जो वास्तव में आयोग के तारीख 4 दिसंबर, 2015 के नोटिस पर याची का उत्तर था और जिसे राष्ट्रपति के माध्यम से अपेक्षित नहीं था ।

5. जब आयोग द्वारा तारीख 10 अगस्त, 2016 को मामले पर आगे सुनवाई की गई थी, सभी शेष प्रत्यर्थियों ने वैसे ही प्रारंभिक आक्षेप उठाए थे और यह कहा था कि उन्हें उसी मुद्दे पर भी सुना जाना चाहिए था क्योंकि उनके पास कतिपय अतिरिक्त तथ्य और विधिक निवेदन थे और प्रत्यर्थी संख्या 5 की ओर से श्री भट्टाचार्य ने केवल बहस की और उन्हें सभी प्रत्यर्थियों का प्रतिनिधित्व किया जाना नहीं समझा जा सकता क्योंकि वे उन सबके लिए प्राधिकृत नहीं हैं । उन आक्षेपों पर विचार करते हुए आयोग ने तथा याची के तथाकथित द्वितीय याचिका तारीख 28 दिसंबर, 2015 को ग्रहण करने के बारे में उपरोक्त प्रारंभिक आक्षेप पर सभी अन्य प्रत्यर्थियों को अवसर दिए जाने था उनके निवेदन करने का विनिश्चय किया ।

6. तदनुसार तारीख 19 अगस्त, 2016 और 29 अगस्त, 2016 को सभी शेष 20 प्रत्यर्थियों के विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल/विद्वान काउंसिल द्वारा निवेदन किया गया । याची की ओर से हाजिर होने वाले विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल ने विस्तार से दलीलें दी कि तथाकथित द्वितीय याचिका तारीख 28 दिसंबर, 2015 भी चलने योग्य थी और आयोग द्वारा और 21 विधायकों की अनर्हता के प्रश्न पर अपनी राय देने के लिए आयोग द्वारा संज्ञान लिया जाना चाहिए, जैसा कि 1991 के अधिनियम की धारा 15(4) के अधीन राष्ट्रपति द्वारा आयोग को अपनी राय देने के लिए कहा गया है ।

7. प्रत्यर्थी संख्या 1, 16, 17 और 20 की ओर से विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल श्री मनीष वशिष्ठ और श्री समीर वशिष्ठ ने याची द्वारा आयोग के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से फाइल किए गए अधिकथित द्वितीय याचिका तारीख 28 दिसंबर, 2015 के चलने योग्य के बारे में प्रारंभिक आक्षेप उठाए और यह कथन किया कि याची ने सर्वप्रथम यह अभिकथन करते हुए 1991 अधिनियम की धारा 15(3) के निबंधनों में राष्ट्रपति को तारीख 19 जून, 2014/15 को दो पृष्ठ की शिकायत की थी कि उपरोक्त मामले में प्रत्यर्थी विधान सभा में बने रहने की सदस्यता से अनर्हित हो गए हैं क्योंकि वे संसदीय सचिवों के रूप में दिल्ली सरकार के अधीन लाभ का पद धारण कर रहे थे । इसके पश्चात् तारीख 28 दिसंबर, 2015 को याची के बारे में आयोग को द्वितीय शिकायत किया जाना अभिकथित है । विद्वान काउंसिलों के अनुसार आयोग द्वारा याची के 28 दिसंबर, 2015 की शिकायत पर संज्ञान नहीं लेना चाहिए था क्योंकि माननीय राष्ट्रपति द्वारा उस मामले को निर्दिष्ट नहीं किया गया था । यह भी दलील दी गई थी कि तारीख 28 दिसंबर, 2015 का द्वितीय शिकायत राष्ट्रपति के पास प्रस्तुत की जाने चाहिए थी न कि प्रत्यक्ष रूप से आयोग के पास ।

8. विद्वान काउंसिल ने आगे यह भी दलील दी कि उक्त द्वितीय शिकायत में जो आयोग के सचिव को संबोधित की गई थी, याची ने भिन्न अभिकथन किए थे जो तारीख 19 जून, 2015 की शिकायत के मूल भाग रूप में नहीं थी । उन्होंने सुधार किए गए द्वितीय शिकायत को प्रश्नगत किया और यह दलील दी कि द्वितीय याचिका नए आधार सृजित करने का स्पष्ट प्रयास

था जो प्रथम याचिका में पहले नहीं दिए गए थे । विद्वान काउंसिल की यह राय थी कि याची ने सम्यक रूप से प्रक्रिया का पालन किए बिना साक्ष्य देने की ओर अग्रसर हुए ।

9. विद्वान काउंसिल ने साक्ष्य की विश्वसनीयता और विधि के उपबंधों पर भी दलील दी जिससे अंतर्गत ऐसे साक्ष्य पर विचार नहीं किया जा सकता । यह भी कथन किया गया था कि यदि कतिपय दस्तावेजों का संज्ञान लिया जाना अपेक्षित है, तो उन्हें मूल दस्तावेज होना चाहिए न कि फोटोप्रति ।

10. उन्होंने 1991 के अधिनियम की धारा 15(3) की ओर भी ध्यान दिलाया जिसमें 'अनर्हता के प्रश्न' के बारे में बताया गया है और इसलिए प्रश्न, शब्द पर जोर दिया गया और वर्तमान मामले में तारीख 19 जून, 2015 की प्रथम शिकायत द्वारा ऐसा प्रश्न उठाया गया था । इस बारे में 'क्या उक्त 21 विधायकों ने लाभ का पद धारित किया था या नहीं । इसलिए उक्त प्रश्न के बारे में आयोग की राय मात्र प्रथम शिकायत पर सीमित होगी । उन्होंने अपने पूर्वोक्त निवेदनों के समर्थन में उच्चतम न्यायालय के विनिश्चयों का अवलंब लिया जो इस प्रकार है- पी के श्री खेतान बनाम पी श्री कुमारन नायर (2006)13 एसएससी 574, टाटा आयरन और स्टील कंस्टिट्वैंसीज लिमिटेड बनाम झारखंड राज्य और अन्य (2014) 1 एससीसी 536, और एन ज्योति बनान भारत का निर्वाचन आयोग और एक अन्य (2007 की रिट याचिका सं. 17601) वाले मामले में मद्रास उच्च न्यायालय का विनिश्चय ।

11. विद्वान काउंसिल ने यह दलील दी कि वे तारीख 19 जून, 2015 की प्रथम शिकायत को ग्रहण करने के बारे में आयोग की शक्ति और अधिकारिता को चुनौती नहीं दे रहे हैं, परंतु तारीख 28 दिसंबर, 2015 की द्वितीय शिकायत के चलने की योग्यता को प्रश्नगत कर रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह निवेदन किया कि आयोग निरंतर जांच कर सकता है परंतु केवल प्रथम शिकायत के आधार पर और कुछ भी प्रकट परवर्ती प्रथम निर्देश पर विचार नहीं किया जाना चाहिए ।

12. इसके अतिरिक्त विद्वान काउंसिल श्री समीर वशिष्ट ने यह निवेदन किया है कि शपथ पत्र जो आदेश 19 नियम 3, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के और उच्चतम न्यायालय आदेश 9, नियम 13 के अनुरूप नहीं है, खारिज किया जाना चाहिए । उन्होंने यह कथन किया कि वर्तमान मामले में याची ने विहित प्ररूप में शपथपत्र फाइल नहीं किया है । विद्वान काउंसिल ने यह दलील दी है कि याची ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (जिसे इसमें इसके पश्चात् 1951 का अधिनियम कहा गया है) की धारा 146(3) और (4) दांडिक परिस्थितियों के अपवंचन के लिए शपथपत्र फाइल नहीं किया, जिन बातों को याची जानता था कि उसके द्वारा किए गए अभिकथन झूठे और कपटपूर्ण हैं और शपथपत्र में उन्हें फाइल न करके वह दंड सहिता, 1860 के अधीन दायित्व से बच जाएगा ।

13. प्रत्यर्थी सं. 2 और 5 की ओर से हाजिर होने वाले विद्वान काउंसिल श्री कमल मेहता ने उपरोक्त विद्वान काउंसिलों द्वारा रखी गई दलीलों का प्रतिरोध करते हुए यह इंगित किया है कि शपथपत्र फाइल करने का प्रयोजन यह सुनिश्चित करना है कि मिथ्या निवेदन नहीं किए गए थे और यदि याची द्वारा इस रीति में शपथपत्र फाइल किया गया है तो इसे स्वीकार किया जाना चाहिए.....

14. प्रत्यर्थी सं. 4 की ओर से विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल सुधीर नंदराजोग और प्रत्यर्थी सं. 9 की और से विद्वान काउंसिल श्री सुभांशु पधी ने यह जोर दिया है कि वर्तमान मामले में तारीख 28 दिसंबर, 2015 की द्वितीय शिकायत पर विचार नहीं किया जा सकता क्योंकि इसे कभी भी राष्ट्रपति को प्रस्तुत नहीं किया गया; कि आयोग अर्ध न्यायिक निकाय के रूप में है, उसके पास केवल सीमित शक्ति हैं और जांच की इसकी अधिकारिता और शक्ति राष्ट्रपति के निदेश से ही प्रारंभ होती है जो द्वितीय शिकायत तारीख 28 दिसंबर, 2015 के निर्देश में नहीं किया गया था । अतः एन. ज्योति उपरोक्त वाले मामले में मद्रास उच्च न्यायालय के विनिश्चय का प्रबल रूप से अवलंब लिया गया, उन्होंने यह दलील दी कि आयोग जांच के क्षेत्र को विस्तार नहीं दे सकता । विद्वान काउंसिल ने यह भी दलील दी कि तारीख 4 दिसंबर, 2015 का नोटिस कमीशन द्वारा भेजा गया था जिसमें केवल याची के हस्ताक्षर और शपथपत्र चाहा गया था । इसलिए याची द्वारा उक्त नोटिस में कोई अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका ।

15. प्रत्यर्थी सं. 8 और 3 की ओर से विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल श्री अमिताब चतुर्वेदी ने यह निवेदन किया है कि अनर्हता जो 1991 के अधीनियम की धारा 15(1) और (क) के अधीन अधिकथित है जिसमें फायदे के पद के बारे में बताया गया है, और शिकायत अधिनियम की धारा 15(3) के अधीन की गई है । मूल दस्तावेज में दिए गए शिकायतों और दस्तावेजों के आधार पर, राष्ट्रपति मामले को निर्वाचन आयोग के पास भेजेंगे । राष्ट्रपति के तारीख 10 नवंबर, 2015 का निर्देश विशेष रूप से जो तारीख 19 जून, 2015 पर उल्लिखित है और इसलिए उक्त निर्देश 28 दिसंबर, 2015 के द्वितीय शिकायत का आधार नहीं हो सकता । द्वितीय शिकायत पर केवल तभी विचार किया जा सकता है यदि प्रथम शिकायत का अगला भाग जो इसमें नहीं है । विद्वान काउंसिल ने यह भी दलील दी कि इस प्रयोजन के लिए भी 1991 के अधिनियम की धारा 146 का आश्रय भी नहीं

लिया जा सकता । उन्होंने यह दलील दी कि धारा 146 जब 1951 का अधिनियम अधिनियमित किया गया, तब 1991 के अधिनियम में सम्मिलित नहीं किया गया और यह सचेत लोप संसद् की ओर से हुई थी कि उन्होंने स्वप्रयोजन 1951 के अधिनियम की परिधि से 1991 के अधिनियम की धारा 15 का लोप किया, यद्यपि संसद् ने 1965 में 1991 के अधिनियम की संशोधित धारा 146 द्वारा संज्ञेय संघ राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 की धारा 14(4) के निर्देश को सम्मिलित किया गया । उपरोक्त प्रतिपादना के संबंध में उन्होंने आय-कर आयुक्त, केरल बनाम तारा एजेंसीज (2007)6 एससीसी 429, कंपटीशन कमीशन आफ इंडिया बनाम स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (2010) एससीसी 744 और पी.की. श्रीकांत बनाम पी. श्रीकुमारन नायर (2006)13 एसएससी 574 वाले मामलों में उच्चतम न्यायालय के विनिश्चय और राय प्रमाथा नाथ मुलिक बहादुर बनाम सेक्रेटरी आफ स्टेट फार इंडिया इन काउंसिल एआईआर 1930 प्रिवी काउंसिल 64 वाले मामले में प्रिवि काउंसिल का विनिश्चय का अवलंब लिया ।

16. विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल ने यह भी अभिकथन किया कि यह उपधारणा की गई कि वर्तमान मामले में 1951 के अधिनियम की धारा 146 के अधीन आयोग के पास दस्तावेजों को मंगाने की शक्ति है । उक्त शक्ति का केवल तब प्रयोग किया जा सकता है जब आयोग सभी तात्विक सामग्रियों की परीक्षा कर ले और उसका यह समाधान हो गया था कि ऐसी राय बनाना अपर्याप्त था । यह भी दलील दी गई कि आयोग पक्षकारों की सहमति से पेश किए गए साक्ष्य के आधार पर प्रथमतः जांच करनी चाहिए । आयोग का नोटिस के माध्यम से याची को साक्ष्य के लिए बुलाया जाना चाहिए और इसलिए आयोग के समक्ष साक्ष्य पेश किया जाएगा.....

17. विद्वान ज्येष्ठ काउंसिल ने आयोग के तारीख 26 जुलाई, 2016 के आदेश के पैरा 6 में 'अग्रिम पत्राचार' शब्द उल्लेख करते हुए यह दलील दी है कि आयोग द्वारा किया गया अवलोकन यहां पर लागू नहीं हो सकता क्योंकि ऐसी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था । उन्होंने यह निवेदन किया कि 1951 के अधिनियम की धारा 146ख, अधिनियम की धारा 146 के अधीन अध्यपेक्षाओं को अवहेलना के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जा सकता, यह दलील दी गई कि यदि किसी विशिष्ट प्रयोजन के लिए प्रक्रिया विहित की गई है तो यह बात केवल इस बात के अनुसरण में होनी चाहिए कि इस समय कोई दूसरी रीति नहीं है । उसने यह भी दलील दी थी कि 1991 के अधिनियम की धारा 40 के फलस्वरूप, आयोग निर्वाचन के संबंध में उसमें उल्लिखित मामलों के बारे में ही शक्ति का प्रयोग करेगा । इसलिए यह सचेत लोप था कि जब 1991 के अधिनियम की धारा 15 का 1991 के अधिनियम 146 में विनिर्दिष्टतः उल्लेख नहीं किया गया है तो आयोग के पास वर्तमान मामले में ऐसी कोई शक्ति नहीं है ।

18. (i) प्रत्यर्थी सं. 10 की और से विद्वान् काउंसिल श्री रजत नावेद ने यह निवेदन किया है कि यदि विधानमंडल ने जानबूझकर इस उपबंध को सम्मिलित नहीं किया है तो निर्वाचन आयोग इसे अंतर्विष्ट नहीं कर सकता है और यह संविदियों के पार्ट से बाहर होगा । मूल शिकायत में तीन महत्वपूर्ण बातों की परीक्षा की जानी चाहिए । मुख्यमंत्री द्वारा तारीख 13 मार्च, 2015 को आदेश जारी करके विधायकों को संसदीय सचिव के पद दिए गए थे । (ii) उन्हें सरकारी वाहन भी दिए गए थे । (iii) संसदीय सचिव के रूप में मंत्रियों के कार्यालय की जगह थे । मूल शिकायत में तीन महत्वपूर्ण बातों की परीक्षा की जानी है ; इसलिए निर्देश का संपूर्ण क्षेत्र पूर्वोक्त तीन बातों तक सीमित हैं और दूसरी शिकायत में शेष सभी अभिकथन राष्ट्रपति के निर्देश से परे हैं ।

19. विद्वान् काउंसिल श्री जिवेश नगरात प्रत्यर्थी सं. 18 और 15 की और से हाजिर हुए, उन्होंने विद्वान् काउंसिल द्वारा किए गए पूर्ववर्ती निबंधनों को दोहराया और यह निवेदन किया कि दूसरी शिकायत अधारहीन और असंगत अभिकथन किए गए हैं जहां याची ने सरकार द्वारा विधायकों की अरर्हता को दूर करने के संबंध में विधि में ईप्सित संशोधनों को चुनौती दी है और इस प्रयोजन के लिए भूतलक्षी प्रकृति का बिल पेश किया गया । काउंसिल ने इन दावों को प्रश्नगत किया और यह कहा कि यह इन मुद्दों को उठाने के लिए समुचित न्यायालयी नहीं है । **अरिकाला नारसा रेड्डी** बनाम **वेंकटाराम रेड्डियागरी और एक अन्य**, ए.आई.आर. 2014 एस.सी. 1290 वाले मामले में उच्चतम न्यायालय की मताभिव्यक्तियों का अवलंब लिया । उन्होंने यह भी निवेदन किया कि आयोग याची के मूल अभिवचनों के परे साक्ष्य पर विचार नहीं कर सकता ।

20. प्रत्यर्थी सं. 19 की ओर से हाजिर होने वाले विद्वान् काउंसिल श्री सुशील कुमार शर्मा ने याची द्वारा फाइल किए गए शपथपत्र की विधिमान्यता को प्रश्नगत किया है और, **अमर सिंह** बनाम **भारत संघ और अन्य,** (2011) 7 एस.सी.सी. 69 वाले मामले में उच्चतम न्यायालय के विनिश्चय का अवलंब लिया और यह कथन किया कि खाली कागजातों पर लिखित वचन देना शपथपत्र के रूप में विचार नहीं किया जा सकता । उन्होंने यह निवेदन किया कि साक्ष्य का तब तक अवलंब नहीं लिया जा सकता जब तक कि उसके बारे में यह नहीं कहा जाए कि उन्हें मूल प्रतियों को प्रस्तुत किया बिना कैसे उपगत किया गया ।

21. शेष परिस्थितियों के सभी विद्वान् काउंसिलों ने उपरोक्त विद्वान् काउंसिल द्वारा दिए गए दलीलों को अंगीकार किया है ।

22. याची प्रशांत पटेल की ओर से हाजिर होने वाले विद्वान् ज्येष्ठ काउंसिल श्री अतुल नड्डा ने अपने प्रति निवेदनों में यह दलील दी है कि आयोग के समक्ष वर्तमान मामला छानबीन करने वालों अधिकारिता की प्रकृति का है न कि विरोधात्मक अधिकारिता वाला । इसलिए वर्तमान जांच शिकायत के तथ्यों पर आधारित नहीं हैं बल्कि इस प्रश्न को राष्ट्रपति द्वारा आयोग को निर्दिष्ट किया जाना चाहिए ।

23. विद्वान् ज्येष्ठ काउंसिल ने यह भी कथन किया है कि अधिनियम 1991 की धारा 15 के अधीन आयोग को क्या इसे निर्दिष्ट किया गया था, परिवाद में कतिपय तथ्यों का उल्लेख नहीं किया गया था । परंतु यह प्रश्न है कि क्या किसी व्यक्ति ने "लाभ का पद" धारित किया है जिसके लिए जांच की जानी चाहिए । काउंसिल ने यह भी कथन किया है कि 1991 के अधिनियम की धारा 15 भारत के संविधान के अनुच्छेद 192 के समविषयक है । आयोग की अधिकारिता जांच करते समय अभियोक्ता के अभिवचनों द्वारा और न अभियुक्त द्वारा बाध्य है । इसलिए याची द्वारा फाइल किया गया दस्तावेजों में कोई प्रतिकूलता नहीं हो सकती । यद्यपि शिकायत तुच्छ है या वापस ली गई हो तो इस बारे में आयोग को जांच कराने में कोई कठिनाई नहीं होगी और अपने विचार प्रकट करते हुए भारत के राष्ट्रपति को अपनी जांच प्रस्तुत की जानी चाहिए ।

24. विद्वान् ज्येष्ठ काउंसिल ने अपनी दलील देते हुए वृंदाबेन नायक (ए.आई.आर. 1965 एस.सी. 1892) और एन. जी. रंगा (ए.आई.आर. 1978 एस.सी. 1609) वाले मामलों में उच्चतम न्यायालय के विनिश्चयों का अवलंब लेते हुए यह दलील दी की याची को नोटिस भेजने में कुछ भी गलती नहीं है और किसी भी मामले में यह दलील नहीं दी जा सकती कि आयोग द्वारा जांच करने में बाधा प्रकट होती । जब एक बार अनरर्हता का 'प्रश्न' उद्भूत होता है तो इस बारे में तथ्य को देखना अतात्विक है कि किसके द्वारा इस बात को उठाया गया था और किन परिस्थितियों के अंतर्गत इस पर बात की गई थी । उन्होंने यह भी कथन किया कि शपथपत्र फाइल नहीं किया गया या उसे नोटरी से प्राधिकृत नहीं कराया गया, यह प्रक्रियात्मक गलती है जिसे कार्रवाई के किसी प्रक्रम पर सही कराया जा सकता हो । इसलिए निर्देश को बनाए रखना शिकायतकर्ता पर निर्भर नहीं करता है जब शिकायतकर्ता ने कई दस्तावेज फाइल किए हैं ।

25. विद्वान् ज्येष्ठ काउंसिल ने यह भी दलील दी कि यदि शिकायत में कोई अभिकथन किया गया है जो गलत है, याची उन परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार है और तब तक कोई प्रक्रियात्मक अनियमितता न्याय को त्यागने के रास्ते में खड़ी न हो जाए ।

26. श्री मनीष वशिष्ट विद्वान् काउंसिल ने याची के निमित दी गई दलीलों के अपने प्रतिउत्तर में कथन किया कि जब भी किसी मामले में जिसका विचारण किसी अधिकरण/आयोग/न्यायालय द्वारा किया जाता है के सिविल परिणाम होते हैं, ऐसी कार्यवाहियों की प्रकृति प्रतिकूल होगी । उन्होंने यह अभिकथन किया कि हमारा संविधान जो सामान्य विधि का अनुसरण करता है और आयोग एक संवैधानिक निकाय है जो सामान्य विधि का अनुसरण करता है । विद्वान् काउंसिल ने आगे यह कथन किया है कि याची द्वारा उस दिन फाइल किए गए नये सिर शपथपत्र के पैरा 2 का परिशीलन करने पर (सभी दस्तावेज ..... मेरे द्वारा रचित हैं) और कि याची ने इस प्रकार यह स्वीकार किया है कि उसके द्वारा फाइल किए गए सभी दस्तावेज पड़े हुए हैं । उसने यह भी कथन किया कि 1951 के अधिनियम की धारा 146 समाधान शब्द को आयोग द्वारा तब तक नहीं लिया जा सकता जब तक कि दोनों पक्षकारों को सुनवाई का व्यापक अवसर न दे दिया जाए । काउंसिल ने यह अभिवाक् किया कि आयोग को नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों का सहारा लेना चाहिए ।

27. विद्वान् काउंसिल श्री सचिन कुमार ने अपने उत्तर में यह दलील दी कि न तो प्रत्यर्थी और न काउंसिल याची द्वारा फाइल किए गए नये शपथपत्र का पता था और यह कहा गया कि क्या आयोग ने अपने अभिलेख में इसे स्वीकार किया है या नहीं । काउंसिल ने यह कथन किया कि याची ने पिछले साल शिकायत प्रस्तुत की थी और उसने आज यह कहते हुए शपथपत्र फाइल किया है कि जब कभी उसने अपनी जानकारी और विश्वास के साथ सत्य शपथपत्र फाइल किया है, उसे स्वीकार नहीं किया जा सका । काउंसिल ने इस नये सुधारों के आधार पर अपना लिखित निवेदन फाइल करने के लिए कुछ समय की ईप्सा की है ।

28. आयोग ने प्रत्यर्थियों और याची के विद्वान् ज्येष्ठ काउंसिल/काउंसिल द्वारा किए गए निवेदनों और प्रतिनिवेदनों पर सावधानीपूर्वक विचार किया । इसमें मौजूद पक्षकारों द्वारा दी गई दलीलों और प्रति दलीलों की गुणता पर विचार करने से पूर्व यह भी सलाह योग्य है कि वर्तमान कार्यवाहियों से संबंधित 1951 के अधिनियम की धारा 146 को लागू करने के मुद्दे का निपटारा किया जाए । जैसाकि कई विद्वान् काउंसिल द्वारा बात उठायी गई है । विद्वान् काउंसिल श्री अमिताभ चतुर्वेदी द्वारा मुख्यत: यह दलील दी गई कि 1991 की अधिनियम की धारा 15(4) का निर्देश संसद् द्वारा जानबूझकर नहीं किया गया था जब 1991 का अधिनियम अधिनियमित किया गया था, जबकि संघीय राज्य क्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 की धारा 14 की उपधारा (4) का निर्देश 1965 के संशोधित 1951 की अधिनियम की धारा 146 में निर्दिष्ट रूप से किया गया था । यह प्रकट हुआ है कि विद्वान् काउंसिल इस तथ्य का उल्लेख करने में विफल हुए हैं कि 1951 का अधिनियम की धारा 146 वर्तमान

स्वरूप में 1965 में प्रथम बार 1951 के अधिनियम में प्रोस्थापित किया गया था और यह ऐसा संशोधन नहीं था कि धारा जो 1965 में बनाई गई थी जैसाकि उनके द्वारा दलील दी गई । 1951 की अधिनियम की धारा 146 जिसे 1951 में मूलत: अधिनियमित किया गया था । स्थानीय प्राधिकरण, लोक न्यास में पदधारण करने पर दोषसिद्धि आदि के आधारों पर अनहरर्ता के पूर्णतया भिन्न-भिन्न विषयों पर विचार किया गया है । यह धारा 146 जिसे मूलत: अधिनियमित किया गया था, उसे निर्वाचन सुधारों पर भार्गव समिति की सिफारिशों पर लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) अधिनियम, 1956 द्वारा 1956 में 1951 के अधिनियम से विलुप्त कर दिया गया था । वास्तव में वर्तमान धारा 146 भाग VIII का संपूर्ण अध्याय IV जिसमें धारा 146, 146क, 146ख, 146ग सम्मिलित हैं उन्हें 1965 में प्रथम बार 1951 के अधिनियम में अंतर्विष्ट किया गया था । उक्त अध्याय का अंतर्वेषण संसद् द्वारा **ब्रुन्दाबंद नायक** बनाम **भारत का निर्वाचन आयोग** (ए.आई.आर. 1965 एस.सी. 1895) वाले मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा कुछ मताभिव्यक्तियों के आधार पर संसद् द्वारा उक्त अध्याय को बनाया गया था जिसका का प्रभाव यह था कि निर्वाचन आयोग को उसके द्वारा संसद् और राज्य विधानमंडल में बैठने वाले सदस्यों की अनहरर्ता के प्रश्न पर अपनी राय देने के लिए राष्ट्रपति और गर्वनर से प्राप्त किए गए निर्देशों पर आयोग द्वारा साक्षियों को समन जारी करने के मामले में अभिलेख तलब करने आदि और जांच बैठाने के संबंध में सिविल न्यायालय की शक्तियां विहित होंगी । विधि के अधीन यह भी सुसंगत है जैसाकि 1965 में समझा गया है कि आयोग संविधान के अनुच्छेद 103(2) और संघीय राज्य क्षेत्र शासन अधिनियम, 1963 और संविधान के अनुच्छेद 192(2) के राज्यपालों से निर्देश प्राप्त कर सकता है । तथा तदनुसार संविधान के अंतर्गत सभी सुसंगत उपबंध और अधिनियमित विधियां जैसाकि उस समय उन्हें समझा गया है, उनका 1991 के अधिनियम की धारा 146 में उल्लेख किया गया था। इस प्रकार यह नहीं कहा जा सकता है कि 1951 के अधिनियम की धारा 146 में 1991 के अधिनियम की धारा 15(4) के निर्देश का जानबूझकर लोप किया गया था ; ऐसा केवल 1991 के अधिनियम को अधिनियमित करते समय 1991 में अवधानतावश ही लोप हुआ था । 1951 के अधिनियम में ऐसे ही अन्य अवधानतावश कई लोप हुए थे । उदाहरणार्थ, धारा 29ख, जिसका कंपनी अधिनियम, 1956 और विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम, 1976 में अंतर्विष्ट हुआ जिनका अब निरसन कर दिया गया है और उन्हें 2013 और 2010 के नये अधिनियमों द्वारा प्रतिस्थापित किया गया ।

29. परंतु ऐसा अवधानतावश लोप आयोग की शक्तियों में किसी प्रकार का प्रभाव नहीं डालता है जिससे कि राष्ट्रपति द्वारा 1991 के अधिनियम की धारा 15(4) के अधीन अपनी राय देने के लिए आयोग को निर्दिष्ट प्रश्नों का उत्तर देने के लिए अपनी राय देने के प्रयोजन से जांच करें । उच्चतम न्यायालय की संविधान न्याय पीठ ने **भारत के निर्वाचन आयोग** बनाम **एम. जे. रंगा** (ए.आई.आर. 1978 एस. सी. 1609) में स्पष्ट रूप से यह अभिनिर्धारित किया है कि निर्वाचन आयोग के पास राष्ट्रपति या राज्यपाल से प्राप्त किए एक निर्देशों के मामले में जांच करने की नि:संदेह शक्ति है जिसमें संसद् या विधानमंडल में बैठे हुए सदस्यों की निरर्हता के प्रश्न पर इसकी राय की ईप्सा की जाती है । इस प्रकार यह आवश्यक है कि आयोग प्रक्रिया के बारे में दिशा-निर्देश देने के लिए 1951 की अधिनियम की धारा 146 के उपबंधों पर हमेशा विचार कर सकते हैं कि आयोग द्वारा राष्ट्रपति से जांच के संबंध में निर्देश के मामले में प्रक्रिया का अंगीकार या उसका अनुसरण किया जा सकता है । 1965 में, 1951 के अधिनियम में धारा 146 को अंतर्विष्ट किए जाने से पूर्व आयोग वास्तव में संविधान के अनुच्छेद 103(2) और 192 (2) के अधीन राष्ट्रपति और राज्यपाल से प्राप्त किए गए निर्देशों में कई जांच की थी । उच्चतम न्यायालय ने महिन्दर सिंह गिल बनाम मुख्य निर्वाचन आयुक्त ए.आई.आर. 1978 एस.सी. 851 में यह अभिनिर्धारित किया है कि जहां किसी प्राधिकारी को कोई कर्तव्य या कृत्य का पालन करना सौंपा गया है वहां उस कर्तव्य या कृत्य के पालन को प्रभावी बनाने के लिए सभी आवश्यक और आनुषंगिक शक्तियां विविक्षित रूप से ऐसे प्राधिकारी में न्यस्त होती हैं । इसलिए 1951 में के अधिनियम की धारा 15(4) के प्रति प्रत्यक्ष निर्देश के अभाव में भी 1991 की अधिनियम की धारा 146 में आयोग संसद और राज्य विधानमंडल के पीठासीन सदस्यों के निरर्हता के मामले में संविधान या किसी वैधानिक विधि के अधीन राष्ट्रपति/राज्यपालों को दी जाने वाली अपने राय बनाने के प्रयोजनों के लिए कोई भी जांच करते समय धारा 146 में संसद द्वारा दिए गए सिद्धांतों और मार्गदर्शन का सदैव सहारा ले सकता है । तदनुसार इस मामले में आयोग 1951 की अधिनियम की धारा 146ख में यथा परिकल्पित दिल्ली विधानसभा के 21 सदस्यों की निरर्हता के मामले में जांच करने के लिए अपनी स्वयं की प्रक्रिया अपना सकता है ।

30. इस संदर्भ में, राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली शासन अधिनियम, 1991 (1991 का अधिनियम) की स्कीम पर ध्यान देना भी सुसंगत है । इसे राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली के विधानसभा और मंत्री परिषद् से संबंधित संविधान के उपबंधों को पूरक करने और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए अधिनियमित किया गया था । 1991 के अधिनियम की धारा 15 दिल्ली विधानसभा के सदस्यों की निरर्हता से संबंधित है । दिल्ली विधान सभा के पीठासीन सदस्यों के मामले में ऐसे निरर्हता के प्रश्न को केवल उक्त उपबंध की उपधारा (3) के अधीन और उक्त उपबंध की उपधारा (4) के आधार पर यथाविनिर्दिष्ट राष्ट्रपति द्वारा विनिश्चित किया जा सकता है । ऐसे विनिश्चय पर पहुंचने से पहले राष्ट्रपति निर्वाचन आयोग की राय लेगा और ऐसी राय के अनुसार कार्य करेगा ।

31. 1991 के अधिनियम की धारा 15(4) के साथ-साथ 1951 के अधिनियम की धारा 146 के उपबंधों का निर्वचन करते समय आयोग को, भारतीय रिजर्व बैंक बनाम पीयरलेस जेनरल फाइनेंस एंड इनवेंस्टमेंट कांस्टीट्यूनसीज लिमिटेड, 1987 एस.सी.आर. (2) 1 में उच्चतम न्यायालय की निम्नलिखित मताभिव्यक्तियों द्वारा मार्गदर्शित होना है ।

निर्वचन को मूल पाठ और संदर्भ पर निर्भर होना चाहिए । ये निर्वचन के आधार हैं । मूल पाठ बनावट है और संदर्भ उसमें रंग भरता है । इनमें से किसी को भी नजअंदाज नहीं किया जा सकता । किसी कानून का सर्वोत्तम निर्वचन तब होता है जब हम ये जानते हों कि इसे क्यों अधिनियमित किया गया था । इस जानकारी के साथ कानून को पहले पूर्णरूप से और फिर धारा दर धारा खंड दर खंड वाक्यांश दर वाक्यांश और शब्द दर शब्द पढ़ा जाना चाहिए । यदि किसी कानून को उसके अधिनियमन के संदर्भ में कानून बनाने वाले की नजरों से देखा जाता है बशर्ते ऐसे संदर्भ से उसकी स्कीम धाराएं, खंड, वाक्यांश और शब्द भिन्न अर्थ बताते हैं या भिन्न प्रतीत होते हैं तब कानून को संदर्भ द्वारा उपबंधित नजरिये के बिना देखा जाता है । इस नजरिये से हमें अधिनियम को समग्र रूप से देखना चाहिए और यह पता लगाना चाहिए कि प्रत्येक धारा, प्रत्येक खंड, प्रत्येक वाक्यांश और प्रत्येक शब्द का क्या आशय है और उसे किस लिए डिजाइन किया गया है जिससे उसे संपूर्ण अधिनियम की स्कीम के अनुरूप हों । किसी कानून के किसी भाग का और किसी कानून के किसी शब्द का अर्थान्वयन एकाकी रूप से नहीं किया जा सकता । कानूनों का अर्थान्वयन ऐसे किया जाना है जिससे प्रत्येक शब्द का अपना महत्व हो और हर बात अपने स्थान पर हो ।

32. वाणिज्यकर अधिकारी, राजस्थान बनाम मैसर्स बिनानी सीमेटलिमिटेड और अन्य (2014)3 एस. सी. आर. 482 में,उच्चतम न्यायालय ने कोर्पस जुरिस सेकण्डम, 82 की.जे.एस. परिनियम को निर्दिष्ट करते हुए हुए कथित किया है कि जब उसी विषय से युक्त किसी साधारणऔर किसी विशिष्ट परिनियम काअर्थ लगाना इस कारण से संगत रूप में परिनियमि को निर्दिष्ट करते हुएकथितकिया है कि जब उसी विषय सेयुक्त किसी साधारण और किसी विशिष्ट परिनियम का अर्थ लगाना हैइस कारणसे हरेक से संगत रूप से परिनियमोंपर विचार करना आवश्यक है और ऐसे परिनियम सामंजस्यपूर्ण होना चाहिए, संगतविधायी नीति को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यदि संभव हो ।

33. पूर्वोक्त सूचना से यह निष्कर्ष निकलता है कि यह कानूनी निर्माण का नियम है जोसाधारण संचालन को विनिर्दिष्ट करता है न कि आत्यंतिक नियम को, किंतु यह केवल कानूनी अर्थ को गलत उपदर्शन करता है चूंकि यह पाठ्य उपदर्शनों द्वारा जो अन्य दिशा में प्रश्न अधिभूत हो ।

34. अतः आयोग का यह मत है कि 1991 के अधिनियम की धारा 146 के उपबंध, वर्तमान जांच के संसाधन के मार्गदर्शन के तत्कालीन मामला का निपटारा करना उचित होगा ।

35. तदनुसार, प्रत्यर्थी के लिए विद्वान ज्येष्ठ काउंसेल द्वारा उठायी गई आपत्ति कि आयोग के 1951 के अधिनियम की धारा 146 के अधीन मार्गदर्शन प्राप्त करने की कोई शक्ति नहीं है, का कोई विधिक आधार नहीं है और गुणरहित होनेके कारण चलने योग्य नहीं है ।

36. इस प्रकार प्रक्रिया विनिश्चित करने के बाद जिसका अनुसरण आयोग द्वारा वर्तमान मामले में किया जा सके, विनिश्चित किए जाने वाला अगला प्रश्न, जांच की प्रकृति और कार्यवाहियों कार्यक्रम है जिसे आयोग द्वारा अंगीकृत किया जा सकेगा । आयोग की राय में, राष्ट्रपति या राज्यपालों से ऐसे निर्देश मामलों में कार्यवाहियां प्रतिकूल नहीं कही जा सकती जैसाकि सामान्य से मामले में, जहां एक पक्षकार के अपने अधिकार वाद के दूसरे पक्षकार के अधिकार के साथ आयोग द्वारा आधारित किए जाने होते हैं । वर्तमानप्रकृति के मामले में आयोग को अपनी राय राष्ट्रपति को या यथास्थिति संबंधित राज्य के राज्यपाल को इस प्रश्न पर देरी होती है कि क्या संसद या राज्य विधानमंडल का कोई आसीन सदस्य, जिसका मामला आयोग को निर्दिष्ट किया गया है संसद या राज्य विधानसभा का ऐसा सदस्य बने रहने के लिए, शिकायत के अधिकारों पर कोई न्यायनिर्णयन किए बिना, निर्हरता के अधीन आ गया है । इस प्रकार के मामले में, आयोग को इसे निर्दिष्ट किए गए प्रश्न पर अपनी राय निर्मित करने और प्रस्तुत करनी है, भले ही मूल शिकायतकर्ता इसकी जांच में आयोग को कोई सहायता देने में असफल रहे या इनकार करे । पूर्व में, समान प्रकृति का एक मामला सिक्किम के राज्यपाल द्वारा आयोग को इसकी राय के लिए निर्दिष्ट किया गया था और शिकायतकर्ता/याची ने आयोग के समक्ष शिकायत को वापस लेना चाहा था । आयोग ने उस शिकायतकर्ता/याचीकी प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया था और मामले में सम्यकजांच के पश्चात् सिक्किम के राज्यपाल को अपनी राय प्रस्तुत की थी ।अतः, ऐसे मामलों में केवल शिकायतकर्ता की शिकायत में किए गए कथनों या अभिकथनों द्वारा की आयोग की शक्तियां परिसीमित नहीं होती हैं । यह सभी आवश्यक सूचना और सामग्री इसे निर्दिष्ट किए गए प्रश्नों पर अपनी राय देने के परियोजना के लिए सुसंगत स्रोतों से एकत्रित करता है और अपनी राय निर्दिष्ट करने वाले प्राधिकारियों को प्रस्तुत करता है ।

37. उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए आयोग को 4.12.2015 को नोटिस में कोई दोष या अनियमितता प्रतीत नहीं होती जब याची से वर्तमान मामले में एक सम्यक रूप से हस्ताक्षरित याचिका (क्योंकि मूल याची का उसके द्वारा हस्ताक्षरित नहीं थी) 28.12.2015 तक फाइल करने के लिए और ऐसी सभी दस्तावेज प्रस्तुतकरने के लिए कहा गया था जिन पर वह अपनी 19.6.2015 की मूल शिकायत में किए गए अभिकथनों के समर्थन में अवलंब लेना चाहता था । अधिकथित दूसरी याचिका तारीख 28.12.2015 आयोग द्वारा तारीख 4.12.2015 के उत्तर में याचीद्वारा फाइल की गई । यह सही है कि याची ने आयोग के 4.12.2015 के उक्त नोटिस के उत्तर में अपने तारीख 15.12.2015 के जबाव में कथन किया था कि वह एक नई याचिका फाइल कर रहा है ।किंतु आयोग को याची द्वारा प्रस्तुत नई याचिका के रूप में उल्लिखित उक्त उत्तर के सार पर विचार चल रहा है न कि उसके मात्र प्रकार पर ।आयोग का सुविचारित मत है कि याची का उक्त उत्तर राष्ट्रपति सचिवालय के माध्यम से भेजा जाना आवश्यक नहीं था । जब राष्ट्रपति ने आयोग को इसकी राय के लिए एक बार निर्देश दे दिया हो तो आगे का आयोग द्वारा संबंधित पक्षकारों से सभी पत्राचार या विपर्यन प्रत्यक्ष रूप से किया जाता है न कि राष्ट्रपति सचिवालय के माध्यम से । यहां यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है किप्रत्यर्थियों द्वारा तारीख 16.3.2016 के आयोग के नोटिस के उत्तर में फाइल किए गए लिखित कथन तारीख 9.5.2016 उनके द्वारा आयोग को प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत किए गए थे न कि राष्ट्रपति सचिवालय के माध्यम से । यदि प्रत्यर्थियों द्वारा आयोग को प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत लिखित कथन अभिलेख पर लिए जा सकते हैं तो कोई कारण नहीं है कि अधिकथित तारीख 28.12.2015 की याचिका जैसाकि प्रत्यर्थियों द्वारा दावा किया गया है, उस पर विचार किए बिना उनका संज्ञान न लिया जाए। यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि जब राष्ट्रपति विधि के किसी प्रश्न पर सर्वोच्च न्यायालय की राय प्राप्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 143 के अधीन उच्चतम न्यायालय में कोई निर्देश भेजता है तो उच्चतम न्यायालय भारत के न्यायवादी से और ऐसे अन्य प्राधिकारियों से जिन्हें वह निदेश देना उच्चतम न्यायालय नियमों के अधीन उचित समझे, जवाब की अपेक्षा करता है और ऐसी कोई अपेक्षा नहीं है कि ऐसा पत्राचार संबंधित प्राधिकारियों के साथ उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रपति सचिवालय के माध्यम से किया जाए ।

38. आयोग को याची के विद्वान् ज्येष्ठ काउंसेल के इन निवेदनों में भी बल दिखाई देता है कि 1991 के अधिनियम की धारा 15(4) के अधीन जिसे राष्ट्रपति द्वारा आयोग की राय के लिए निर्दिष्ट किया गया है वह यह 'प्रश्न ' कि क्या दिल्ली विधानसभाके 21 सदस्य संसदीय सचिवों के रूप में लाभ का पद धारित करने के कारण निर्हरता के अधीन आ गए है न कि याची की मात्र शिकायत । मामले की इस दृष्टि से भी आयोग याची की तारीख 28.12.2015 की तथाकथित दूसरी याचिका को पूर्ण रूप से उपेक्षा नहीं कर सकता ।

39. अतः आयोग तारीख 26.7.2015 के अपने पूर्व आदेश के पैरा 6 को दोहराते हुए यह राय रखता है कि आयोग किसी भी व्यक्ति से यह अपेक्षा कर सकता है कि इस समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन किसी व्यक्ति द्वारा दावा किए गए किसी विशेषाधिकार के अधीन ऐसे बिन्दुओं और मामलों पर सूचना प्रस्तुत करे जो आयोग की राय में जांच की विषयवस्तु के लिए उपयोगी हों या सुसंगत हों । अतः आयोग इसकेद्वारा दिए गए नोटिसों के माध्यमसे ऐसी जांच केप्रक्रम में किसी भी समय ऐसे दस्तावेजों की मांग कर सकता है जो उसकी राय में न्याय देने के लिएसुसंगत और महत्वपूर्ण हो। इसके अलावा, आयोग पक्षकारों को ऐसे बिन्दुओं और मामलों में विस्तारपूर्वक सूचना देनेके लिएपक्षकारों को निदेश दे सकता है जो जांच की विषयवस्तु के लिए आयोग की राय में उपयोगी और सुसंगत हों और जिन्हें वह वांछनीय और समीचीन समझे ।

40.इस संबंध में आयोग ने 4.12.2015 का एक नोटिस याची को तारीख 28.12.2015 तक अपना उत्तर प्रस्तुत करने के लिए भेजा था जो उसके द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित हों और उसमें वे सभी सुसंगत दस्तावेज हों जिन्हें वह सम्यक रूप से दिए गए शपथपत्र द्वारा समर्थित रूप में अवलंब करना चाहता हो । निर्वाचन आयोग के इसऔपचारिक उत्तर में, याची ने अपना उत्तर तारीख 28.12.2015 को फाइल किया । शपथपत्र फाइल न करने के किसी प्रक्रियात्मक दोष सेयाची द्वारा फाइल की गई तथाकथित दूसरी याचिका पर विचार करने की आयोग की शक्तियों को परिसीमित नहीं किया जा सकता । आयोग द्वारा भेजे गए नोटिसों के उत्तर के माध्यम से पक्षकारों द्वारा फाइल किए गए ताइदी दस्तावेज, आयोग द्वारा अगले प्रक्रम पर जांच में विनिश्चित किए जाएंगे । इस विषय में आयोग याची द्वारा 28.12.2015 को प्रस्तुत दस्तावेजों की मूल प्रति प्रस्तुत न करने के लिए स्पष्टीकरण की ईप्सा कर सकता है और जिन्हें वह महत्वपूर्ण समझे ।

41. तथापि, आयोग को प्रत्यर्थियों के विद्वान् ज्येष्ठ काउंसेलों के इस निवेदन में भी पर्याप्त बल दिखाई देता है कि याची कुछ अतिरिक्त 'प्रश्नों' को अपने उत्तरों, प्रत्युत्तरों आदि में आयोग के समक्ष उठाकर जांच के क्षेत्राधिकार को विस्तारित नहीं कर सकता है । अतः आयोग को इसके द्वारा 4.12.2015 को दिए गए नोटिस के उत्तर में याची द्वारा प्रस्तुत की गई 28.12.2015 की याचिका पर यह सुनिश्चित करने के लिए विचार करना होगा कि इसमें प्रत्यर्थियों की निर्हरता के संबंध में कुछ और अतिरिक्त प्रश्न तो नहीं उठाए गए हैं । प्रत्यर्थियों के किसी भी विद्वान काउंसेल ने कोई विनिर्दिष्ट आक्षेप नहीं किया यहां तक कि तारीख 28.12.2015 की याची की याचिका के पैरा 1 और 2 पर भी आयोग द्वारा विचार किया जा सकता है । यह दोनो पैरा तारीख 19.6.2015 की याची की मूल याचिका में उठाए गए प्रश्नों की मात्र पुनरावृत्ति है ।आयोग की राय में पैरा 3, 5,

6, 7, 8, 9, 10 और 14 ('संसदीय सचिवों की स्थिति' शब्दों के साथ प्रारंभ होने वाले और 'एस.के.शर्मा द्वारा पृष्ठ 153-158' शब्दों के साथ अंत होने वाले पैरा 14 के पूर्वांतिम उपपैरा के सिवाय) की विषयवस्तु पर भी कोई उचित आक्षेप नहीं किया जा सकता क्योंकि यह सभी पैरा याची द्वारा तारीख 19.6.2015 की उसकी मूल याचिका में उठाए गए प्रश्न से संबंधित है अर्थात् संसदीय सचिवों के रूप में दिल्ली सरकार के अधीन लाभ का पद धारित करने के लिए प्रत्यर्थियों की निर्हरता का प्रश्न । तथापि, पैरा 4,11,12,13 और ऊपर उल्लिखित पैरा 14 का पूर्वांतिम उपपैरा की अंतर्वस्तु में कुछ अतिरिक्त अभिकथन किए गए हैं । तदनुसार, ये पैरा 4, 11, 12, 13 और ऊपर उल्लिखित पैरा 14 का पूर्वांतिम उपपैरा को याची की तारीख 28.12.2015 के उत्तर से हटाने का निर्देश दिया गया और परिणामस्वरूप उक्त पैराओं में किए गए कथनों/सम्प्रेक्षणों के समर्थन में क्रम संख्या 7, 8, 13, 15 और 15 पर उपरोक्त उत्तर के साथ उपबंधित दस्तावेजों के संबंधमें भी यह निदेश दिया गया कि उन्हें वर्तमान कार्यवाहियों के अभिलेख पर न लिया जाए ।

42. इस आदेश को पूर्ण करने से पूर्व प्रत्यर्थियों के इस अभिकथन का निर्देश करना भी सुसंगत होगा कि याची ने कतिपय दस्तावेजों को जो उसके द्वारा अभिलेख पर दिए गए हैं कूटरचित/गढ़ा है । उनके उपरोक्त अभिकथन के समर्थन में उन्होंने याची के शपथपत्र के प्रति भी निर्देश किया है जो उसके द्वारा अंतिम सुनवाई की तारीख 29.8.2016 को फाइल किया गया था जिसमें उसने कथन किया था "कि याचिका, प्रत्युत्तर और दस्तावेज जो उसके द्वारा उपरोक्त मामले में उस दिन तक फाइल किए गए हैं शपथकर्ता द्वारा प्रारूपित किया गया है" । इस तथ्य के अलावा कि किसी भी प्रत्यर्थी ने विनिर्दिष्ट रूप से किसी विनिर्दिष्ट दस्तावेज का जिसे याची द्वारा अभिकथित रूप से कूटरचित या गढ़ा गया हो, उल्लेख नहीं किया है, आयोग इस बात सेसहमत नहीं है कि मात्र 'प्रारूपित' शब्द के उपयोग से याची ने इस तथ्य को स्वीकार किया है कि आयोग के अभिलेख पर लाया गया कोई दस्तावेज कूटरचित या गढ़ा हुआ है । वास्तव में, याची ने स्वयं बाद में एक अतिरिक्त शपथपत्र फाइल करके इस अभिकथन से इनकार करते हुए अपने पूर्व के शपथपत्र की उपरोक्त लिपकीय गलती को सुधारा है ।

43. प्रत्यर्थियों द्वारा याची की तारीख 28.12.2015 की तथाकथित दूसरा याचिका की ग्राह्यिता के संबंध में उठाए गए प्रारंभिक प्रश्न को तदनुसार विनिश्चित किया जाता है ।

44. इस मामले की आगे सुनवाई राष्ट्रपति द्वारा तारीख 10.11.2015 को आयोग को निर्देशित मुख्य प्रश्न पर तारीख 23.9.2016(शुक्रवार) को 3.00 बजे अपराह्न आयोग के सचिवालय में होगी ।

ह. ह. ह.

(ओ. पी. रावत) (डा. नसीम जैदी) (ए.के.जोति)

निर्वाचन आयुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त निर्वाचन आयुक्त

तारीख : 16 सितंबर, 2016

फा. सं. 113/5/2015/आरसीसी-जिल्द।V

उपाबंध 3

भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन

2015 का संदर्भ वाद संख्या-5

[दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र अधिनियम, 1991 की धारा 15(4) के अधीन भारत के राष्ट्रपति से निर्दिष्ट]

निर्देश में : दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 15(1)(क) के अधीन श्री प्रवीण कुमार और दिल्ली विधान सभा के बीस अन्य सदस्यों की अभिकथित निरर्हता के प्रश्न पर भारत के निर्वाचन आयोग की राय की ईप्सा से दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 15(4) के अधीन भारत के राष्ट्रपति से प्राप्त निर्देश।

आदेश

यह निर्देश तारीख 10 नवंबर, 2015, भारत के राष्ट्रपति से प्राप्त दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 15(4) के अंतर्गत भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा राय मांगी गई, जिसके अधीन यह सदस्य इस अधिनियम की धारा 15(1)(क) के अधीन निरर्हित घोषित किए गए।

2. उक्त निर्देश में, विधान सभा सदस्यों की निरर्हता के संबंध में प्रश्न उठा, यह 22 जून, 2015 को भी प्रशांत पटेल (इसमें इसके पश्चात् याची कहा गया है) के वाद् में राष्ट्रपति के समक्ष उठा, जिसके द्वारा याची ने दिल्ली विधान सभा के श्री प्रवीन कुमार और 20 अन्य सदस्यों को जीएनसीटीडी अधिनियम की धारा 15(1)(क) के अंतर्गत निरर्हित घोषित किया गया में दिल्ली सरकार, राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र में मंत्रियों के संसदीय सचिव के अंतर्गत पदधारण किए गए थे ।

3. प्रत्यर्थी दिल्ली सरकार में सचिव के रूप में पदधारण किए हुए थे। यह आदेश 13 मार्च, 2015 को दिल्ली सरकार द्वारा किया गया था। जब कार्यवाही आयोग के समक्ष चल रही थी तभी माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में इस नियुक्ति को चुनौती दी गई।

4. माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने 8 सितंबर, 2016 को 2015 की सिविल रिट याचिका सं0 4714(राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की सरकार एवं अन्य) में इस नियुक्ति को अपास्त कर दिया क्योंकि इस नियुक्ति को उप राज्यपाल को सूचित किए बिना किया गया था । उच्च न्यायालय का निर्णय यहां पर सुविधा के लिए पुन:निर्दिष्ट किया जा रहा है—

"1. यह याचिका लोकहित वाद् के माध्यम से दिल्ली सरकार द्वारा 13 मार्च, 2015 को दिल्ली विधान सभा में नियुक्त सदस्यों (के विरुद्ध चुनौती दी गई) जो कि मंत्रियों के संसदीय सचिव के, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी की सरकार के विरुद्ध चुनौती दी गई।

2. चुनौती का आधार यह था कि इसमें नियुक्ति के पूर्व भारत के संविधान के अनुच्छेद 239कक में वांछित उप राज्यपाल की राय नहीं ली गई।

3. 2015 की रिट याचिका (संविधान) सं0 5888 और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की सरकार व भारत संघ और अन्य जो कि 4 अगस्त, 2016 को न्यायालय द्वारा दिया गया था इस प्रकार से है—

"संवैधानिक योजना के अनुसार यह आवश्यक है कि मंत्रिपरिषद् के निर्णय को उप राज्यपाल को संसूचित किया जाए, जैसा कि विधि बनाने की शक्ति को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र, संविधान के अनुच्छेद 239कक के खंड (3)(क) में प्रदत्त किया गया है और आदेश को तभी किया जा सकता है जहां पर उप राज्यपाल भिन्न विचार नहीं ले सकता है और केन्द्रीय सरकार को किसी भी निर्देश की आवश्यकता नहीं है जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 239कक के खंड (4) में सपठित अध्याय 5 दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र के व्यवसायिक संव्यवहार सरकार नियम, 1993 में विहित है।

4. याची की ओर से विशिष्ट दलील दी गई कि 13 मार्च, 2015 को दिए गए आक्षेपित आदेश को बिना उप राज्यपाल को संसूचित किए, प्रत्यर्थी की ओर से विद्वान काउंसेल को विवादित नहीं किया जा सकता है।

5. इस प्रकार से, हम पाते हैं कि याची की ओर से विद्वान काउंसेल बलपूर्वक प्रस्तुत करता है कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की सरकार व भारत संघ एवं अन्य में मुद्दे को अच्छी तरह से अपने क्षेत्र में लाता है बिना किसी अन्य विवाद को रिट याचिका में प्रस्तुत किए 13 मार्च, 2015 को आक्षेपित आदेश को अपास्त कर दिया गया।

रिट याचिका को तदनुसार अनुमति प्रदान करते हैं, कोई लागत नहीं।

मुख्य न्यायाधीश

न्या0 संगीता ढींगरा सहगल

8 सितंबर, 2016/वीएलडी"

5. प्रत्यर्थी ने वर्तमान संदर्भित वाद में प्रारंभिक आक्षेप किया जिसके बाद दिल्ली उच्च न्यायालय ने नियुक्ति के आदेश को 13 मार्च, 2015 के आदेश में अरर्हता के प्रश्न को नहीं उठाया ।

<u>पक्षकारों द्वारा किए गए निवेदन</u>

6. प्रत्यर्थी सं.1,16, 17, और 20 की ओर से विद्वान काउंसेल श्री मनीष वशिष्ठ और श्री समीर वशिष्ठ उपस्थित हुए और उनकी ओर से तर्क दिए गए कि संसदीय सचिव का पद उच्च न्यायालय की निर्णय के बाद अस्तित्व में नहीं रहा इसलिए आयोग को अनावश्यक रूप से वाद् को आगे नहीं बढ़ना चाहिए।

7. इसके पश्चात् प्रत्यर्थी सं.1-6 और 8-21 ने दोहराया कि आयोग के समक्ष कार्यवाही संदर्भित वाद् को उच्च न्यायालय के निर्णय के पश्चात् निष्फल और निष्प्रभावी किया गया। प्रत्यर्थी ने कहा कि उच्च न्यायालय नियुक्ति को अपास्त कर इसे अवैध, असंवैधानिक और प्रारंभत: शून्य घोषित कर दिया जिसका अभिप्राय यह है कि अभिकथित निरर्हता के लिए एक मात्र आधार

विद्यमान नहीं है। प्रत्यर्थियों के अनुसार उच्च न्यायालय के आदेश का आवश्यक उपसिद्धांत यह है कि संसदीय सचिवों का "पद" कभी अस्तित्व में नहीं था और इस प्रकार किसी लाभ का और पारिणामिक निरर्हता का कोई प्रश्न ही नहीं उठता ।

8. याची ने अपने प्रत्युत्तर में यह दलील दी हे कि उच्च न्यायालय के आदेश के पश्चात् संसदीय सचिवों के पद की अस्तित्वहीनता के बारे में प्रत्यर्थी का प्रतिवाद गलत है । याची द्वारा यह प्रतिवाद किया गया है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने केवल नियुक्ति आदेश को अपास्त किया है और इसे आरंभ से ही शून्य के रूप होना अभिनिर्धारित नहीं किया है याची ने यह कथन किया है कि उच्च न्यायालय के आदेश को गलत पढ़कर आयोग को भ्रम में डाल रहे हैं और न्याय की प्रक्रिया में विलंब पैदा कर रहे हैं ।

9. याची यह और निवेदन करता है कि तत्प्रतिकूल किसी अन्य अभिव्यक्ति के अभाव में उच्च न्यायालय का आदेश उसकी तारीख अर्थात् 8 दिसंबर, 2016 से प्रभावी होगा और प्रत्यर्थी उक्त आदेश का कोई अन्य निर्वचन करने के लिए स्वतंत्र नहीं है। इसलिए याची यह दलील देता है कि उच्च न्यायालय के आदेश का वर्तमान निदेश मामले से संबंधित आयोग के समक्ष कार्यवाहियों का कोई प्रभाव नहीं होगा क्योंकि प्रत्यर्थियों ने संसदीय सचिवों का पद 13 मार्च, 2015 से 8 सितंबर, 2016 तक ही धारण किया था।

10. याची ने विद्वान काउंसेल ने यह और दलील दी कि माननीय उच्च न्यायालय का तारीख 8 सितंबर, 2016 के आदेश का आयोग के समक्ष आरंभ की गई कार्यवाहियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है चूंकि प्रत्यर्थियों की ओर से काउंसेलओं द्वारा दी गई दलील के अनुसार उक्त आदेश में "आरंभ से ही शून्य" जैसा कोई शब्द नहीं है। इसलिए प्रत्यर्थियों के निवेदन माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की मूल वाक्य रचना के अनुरूप नहीं है और इसे खारिज किया जाना चाहिए। याची ने पंजाब राज्य बनाम गुरुदेव सिंह (1991) 4एससीसी 1 में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय का भी उल्लेख किया है जो पंजाब राज्य के पुलिस पदाधिकारी की बर्खास्तगी से संबंधित है, जिसमें शीर्ष न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि—

"5 यदि कोई अधिनियम शून्य पर अधिकारातीत है, न्यायालय के लिए इसे ऐसा घोषित करना पर्याप्त है और स्वत: समाप्त हो जाएगा; इसे अपास्त किए जाने की आवश्यकता नहीं है, व्यथित पक्षकार मात्र घोषणा की मांग कर सकते हैं कि यह शून्य है और उस पर आबद्धकर नहीं है। कोई घोषणा मात्र कार्यों की विद्यमान स्थिति की घोषणा करती है और इसे अभिखंडित नहीं करती जिससे कार्यों की नई स्थिति उत्पन्न हो सके।

6. किन्तु फिर भी आक्षेपित बर्खास्तगी आदेश में कम से कम वस्तुत: प्रर्वतन तब तक नहीं होता जब तक इसे सक्षम निकाय या न्यायालय द्वारा शून्य या अकृतता के रूप में घोषित न कर दिया जाए।" (बल दिया जाए)

याची के विद्वान ज्येष्ठ काउंसेल ने यह प्रतिवाद् किया कि दिल्ली सरकार का नियुक्ति आदेश फिर भी विधिक परिणाम रखने के योग्य था क्योंकि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने इसे शून्य घोषित नहीं किया था किन्तु केवल इसे अपास्त किया था। फिर भी न्यायालय के उक्त नियुक्ति आदेश को अवैध घोषित किया है तो इसका केवल भविष्यलक्षी प्रभाव होगा इसलिए प्रत्यर्थी विधान सभा सदस्यों ने 13 मार्च, 2015 से 8 सितंबर,2016 तक संसदीय सचिव का पद धारण किया था और उन्होंने उसी क्षण निरर्हता उपगत कर दी ।

11. याची के विद्वान वरिष्ठ काउंसेल ने यह और कथन किया कि प्रत्यर्थी विधानसभा सदस्यों ने यदि एक मिनट के लिए भी पद को धारण किया होता तो उन्होंने निरर्हता उपगत की होती और चूंकि वर्तमान मामले में उन्होंने 13 मार्च, 2015 को उनकी नियुक्ति की तारीख से 8 सितंबर, 2016 तक जब माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उनके नियुक्ति आदेश को रद्द कर दिया था, परिलब्धियों को प्राप्त किया है, जिसके कारण वे निरर्हित होंगे । उन्होंने यह कथन करते हुए अपनी बहस को समाप्त किया कि इस तथ्य के संबंध में कोई विवाद नहीं हो सकता कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश प्रतिवादित नियुक्ति आदेश को रद्द करने के लिए था और जब तक लाभ का पद विद्यमान है, तब तक ऐसे पद का धारक निरर्हित होगा । अत:, उक्त आदेश को उसके पश्चात् रद्द किए जाने से यह निर्देश निरर्थक नहीं हो जाएगा ।

12. श्री अमिताभ चतुर्वेदी, प्रत्यर्थी सं0 8 के विद्वान काऊंसेल ने यह दलील दी कि किसी भी पक्षकार की ओर से इस बात पर कोई विवाद नहीं है कि तारीख 13 मार्च, 2015 के नियुक्ति आदेश को माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई थी । तथापि, माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष केवल यह मुद्दा था कि क्या आदेश, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 और कारबार संव्यवहार नियम, 1993 के उपबंधों के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद 239कक के अधीन प्रदत्त दिल्ली सरकार द्वारा अधिकारिता के प्रयोग में किसी त्रुटि से दूषित है । 2015 की रिट याचिका (सिविल) सं0 5888, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार बनाम भारत संघ और अन्य के मामले के अनुसार, इस मुद्दे पर तारीख 4 अगस्त, 2016 के मूल निर्णय में इस बात का कथन किया गया था कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र सरकार क्या कर सकती थी । उक्त निर्णय के अनुसार दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधान सभा के पास कुछ अपवादों के साथ संपूर्ण दिल्ली राष्ट्रीय

राजधानी राज्यक्षेत्र या उसके किसी भाग के लिए विधि बनाने की शक्ति है । अनुच्छेद 239कक के खंड (4) के अनुसार, मंत्री परिषद् को कतिपय कार्यपालक शक्तियां प्रदान की गई हैं और इस प्रकार प्रदान की गई कार्यपालक शक्तियां खंड (3) के अधीन विधायी शक्तियों को विस्तृत करती है । अत:, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष मात्र यह प्रश्न था कि इस बात की परीक्षा की जाए कि क्या तारीख 13 मार्च, 2015 का नियुक्ति आदेश संविधान के अनुच्छेद 239कक के खंड (3) और खंड (4) के अनुपालन में है अथवा नहीं । यह और दलील दी गई थी कि न्यायालय सीधे-सीधे 'शून्य' शब्द का प्रयोग नहीं कर सकता थी ; तथापि उक्त आदेश को असंवैधानिक/अधिकार से परे के रूप में घोषित करने का अर्थ उसे शून्य करना ही है । प्राधिकारी के पास कार्यपालक और विधायी शक्तियों, दोनों के साथ-साथ होने के संबंध में विनिश्चय, उक्त आदेशों को पारित करते समय उक्त प्राधिकारी की सक्षमता के बारे में विचार करते हुए किया जाएगा । अत:, यदि उसे बिना किसी प्राधिकार के पारित किया गया है तो वह अधिकार से परे होगा, जो उसे शून्य ठहराएगा । अत:, याची का यह तर्क कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के उक्त आदेश का केवल भविष्यलक्षी प्रभाव होगा, सही नहीं है । यह स्पष्ट है कि वर्तमान मामले में दिल्ली सरकार द्वारा पारित एक नियुक्ति आदेश, जो कि एक कार्यपालक कार्रवाई है, एक ऐसा आदेश था, जिसके संबंध में उच्च न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा था कि उसे बिना किसी कार्यपालक सक्षमता के जारी किया गया था और इसलिए वह असंवैधानिक है । यह और दलील दी गई थी कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के कारण, दिल्ली सरकार का तारीख 13 मार्च, 2015 का प्रतिवादित आदेश कभी विद्यमान ही नहीं था, जिससे इस तथ्य के संबंध में निष्कर्ष सामने आता है कि किसी पद का सृजन नहीं किया गया था । अत:, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष फाइल की गई रिट याचिका में याचियों की प्रार्थना और दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को एक साथ पढ़ने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय का तारीख 13 मार्च, 2015 का प्रतिवादित आदेश आरंभ से ही शून्य है ।

13. तारीख 22 नवंबर, 2016 को आयोग के समक्ष सुनवाई के दौरान प्रत्यर्थी सं0 1, 17 और 20 के लिए विद्वान काऊंसेल श्री वशिष्ठ ने आगे यह और तर्क दिया था कि दिल्ली सरकार के नियुक्ति आदेश को, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा, उसे अनुच्छेद 239कक के अनुसार न होने के कारण आरंभ से ही शून्य के रूप में घोषित किया गया है । विद्वान काऊंसेल ने यह दलील दी थी कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के कारण, तारीख 13 मार्च, 2015 का प्रतिवादित आदेश को "अपास्त" कर दिया गया था । "अपास्त" शब्द का शब्दकोष में दिया गया अर्थ उसे अभिशून्य करना, रद्द करना या शून्य घोषित करना है । माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश ने दिल्ली सरकार द्वारा अनुच्छेद 239कक के अधीन जारी आदेश को रद्द कर दिया था और चूंकि नियुक्ति आदेश को अपास्त कर दिया गया था अर्थात् विधिक रूप से अभिशून्य घोषित कर दिया गया था, इसलिए इसके परिणामस्वरूप आयोग द्वारा विनिश्चय किए जाने के लिए कुछ बाकी नहीं रह गया है । विद्वान काऊंसेल ने बिलेश्वर खान उद्योग खैद्युत सहकारी मंडली लिमिटेड आदि बनाम भारत संघ (1991) 2 एस.सी.सी. 518 को निर्दिष्ट किया था, जिसमें यह अभिनिर्धारित किया था कि अपास्त के सामान्य अर्थ को "आदेश विद्यमान नहीं है या उसे रद्द कर दिया गया है" के रूप में उपबंधित किया गया है । शेष मणि शुक्ला बनाम डी.आई.ओ.एस. देवरिया और अन्य 2009 (15) एस.सी.सी. 436 वाले एक अन्य मामले में यह संप्रेक्षण किया गया था कि असंवैधानिक आदेश शून्य है ।

14. प्रत्यर्थी सं0 9 और 13 के विद्वान काऊंसेल श्री शुभांशु पाधी ने भी यह तर्क दिया था कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में प्रयुक्त "अपास्त" शब्द का अर्थ यह है कि उसे कानून के अधीन किसी आज्ञापक उपबंध, जो इस मामले में भारत के संविधान का अनुच्छेद 239कक है, का अनुपालन न करते हुए जारी किया गया है, और इसलिए यह उसे अभिशून्य और शून्य बनाता है । उन्होंने यह और तर्क दिया कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 102, जो यह कथन करता है कि "यदि वह लाभ का पद धारण करता है", निरर्हता आकर्षित करने के लिए किसी पद को धारित करना अनिवार्य बनाता है । तथापि, जब संसदीय सचिवों के पदों को स्वयं माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया था, इसलिए निर्णय को अनुच्छेद 102 के समरूप पढ़ने पर स्पष्ट रूप से यह दर्शित होता है कि प्रत्यर्थी कभी भी पद के धारक नहीं थे । इस प्रकार, विधि भूतलक्षी रूप से प्रवर्तित होगी और वह पिछली तारीख अर्थात् नियुक्ति की तारीख 13 मार्च, 2015 से लागू होगी । अत:, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि चूंकि स्वयं नियुक्ति की विधिपूर्वक नहीं की गई थी, इसलिए लाभ के पद का प्रश्न ही किसी प्रकार से नहीं उठता है । विद्वान काऊंसेल ने शिबु सोरेन बनाम दयानंद सहाय और अन्य, ए.आई.आर. 2001 एस.सी. 2583 वाले मामले को निर्दिष्ट किया था, जो यह स्पष्ट करता है कि 'लाभ का पद' क्या है, अर्थात् "व्यक्ति को सरकार के अधीन पद धारण करना चाहिए और वह पद लाभ का पद होना चाहिए और उस पद को छूट प्राप्त नहीं होनी चाहिए" । विद्वान काऊंसेल द्वारा जिस एक और मामले को निर्दिष्ट किया गया था, वह श्रीमती कांता कथुरिया बनाम मानक चंद सुराना (1969) 3 एस.सी.सी. 268 वाला मामला था । यह दलील दी गई थी कि माननीय उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय के अनुसार यह अभिनिर्धारित किया गया था कि कोई पद उसके धारक से स्वतंत्र होना चाहिए । तथापि, विद्वान काऊंसेल द्वारा रखे गए तर्क के अनुसार, वर्तमान निर्देश में चूंकि स्वयं पद को रद्द कर दिया गया है, इसलिए विधि भूतलक्षी प्रकृति की होगी और वह नियुक्ति को प्रारंभ से ही शून्य बनाएगी । माननीय उच्चतम न्यायालय ने पी.वी. जार्ज और अन्य बनाम केरल राज्य और अन्य (2007) 3 एस.सी.सी. 597 वाले मामले में यह अभिनिर्धारित किया था कि "यदि विनिर्दिष्ट रूप से अन्यथा कथन नहीं किया जाता है तो न्यायालय

द्वारा घोषित विधि का भूतलक्षी प्रभाव होगा" । अत:, नियुक्ति आदेश को माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा एक बार रद्द कर दिए जाने के पश्चात् वह आदेश पिछली तारीख, अर्थात् नियुक्ति की तारीख से लागू होगा और चूंकि कोई भी कोई पद धारण नहीं कर रहा है, इसलिए कार्यवाहियों को समाप्त कर दिया जाना चाहिए ।

15. प्रत्यर्थी सं0 15 और 18 के विद्वान काऊंसेल श्री जीवेश नागरथ द्वारा यह दलील दी गई थी कि यदि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के प्रभाव को नास्ति अभिवाक् के रूप में माना जाता है और यदि नियुक्ति को विधिमान्य समझा जाता है, तब माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय का निर्णय स्वयं निरर्थक हो जाता है । तथापि, वर्तमान मामले में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्णय के बावजूद भी याची यह चाहता है कि आयोग यह स्वीकार करे कि नियुक्ति रद्द किए जाने से पूर्व विधिमान्य थी । चूंकि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में दिल्ली सरकार के नियुक्ति आदेश को, उसके अनुच्छेद 239कक के अनुसरण में न होने के कारण, स्पष्ट रूप से असंवैधानिक ठहराया गया है, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि आदेश 8 सितंबर, 2016 तक विधिमान्य था । इस तर्क का अर्थ यह है कि असंवैधानिक कार्रवाई उसे असंवैधानिक घोषित किए जाने तक विधिमान्य थी ।

16. प्रत्यर्थी सं0 7 की विद्वान काऊंसेल सुश्री तृषा नागपाल ने यह दलील दी थी कि वर्तमान कार्यवाहियों को, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को ध्यान में रखते हुए समाप्त कर दिया जाना चाहिए । प्रत्यर्थी सं0 6, 17 और 21 के विद्वान काऊंसेल श्री रिक्की गुप्ता द्वारा यह तर्क दिया गया था कि किसी आदेश को, जब उसे रद्द कर दिया जाए तो कुछ अवधि के लिए विधिमान्य नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि वह प्रारंभ से ही शून्य है । कोई असंवैधानिक आदेश शून्य होता है क्योंकि वह संवैधानिक प्राधिकार की अनदेखी करता है इसलिए वह प्रभावहीन है । माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में "अपास्त" शब्द के प्रयोग का अर्थ यह है कि आदेश को उसके किए जाने के समय से ही अभिशून्य और शून्य के रूप में रद्द कर दिया गया है । अत:, चूंकि नियुक्ति आदेश स्वयं विधिमान्य नहीं था, इसलिए कोई पद विद्यमान नहीं था और इसलिए कोई पश्चात्वर्ती जांच आवश्यक नहीं है । प्रत्यर्थी सं0 4, 8 और 11 की विद्वान काऊंसेल सुश्री रीवा चुघ और प्रत्यर्थी सं0 19 के विद्वान काऊंसेल ने अन्य विद्वान काऊंसेलों के अभिकथनों को अपनाया था ।

17. आयोग के समक्ष तारीख 16 दिसंतबर, 2016 की सुनवाई के दौरान प्रत्यर्थी सं0 2, 5 और 14 के विद्वान काऊंसेल श्री कमल मेहता ने यह दलील दी कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश का इस मामले की कार्यवाहियों पर प्रत्यक्ष प्रभाव है । उन्होंने यह और कथन किया कि उच्च न्यायालय के आदेश में प्रयुक्त "अपास्त" शब्द पर वाद-विवाद पृथक् न्यायशास्त्र से संबंधित है क्योंकि विधि में नामकरण कभी भी महत्वपूर्ण नहीं होता ; इसके बजाय केवल उससे उत्पन्न होने वाला सार ही महत्वपूर्ण होता है । माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में वर्तमान निर्देश के सार को "अपास्त" शब्द का प्रयोग करके रद्द कर दिया था और इसलिए यह तर्क नहीं दिया जा सकता कि उसका अर्थ 'शून्य' है, क्योंकि यह सुस्थापित सिद्धांत है कि संविधान का उल्लंघन आरंभ से ही शून्य है । विद्वान काऊंसेल ने यह और दलील दी कि संसदीय सचिवों की नियुक्ति एक प्रकार की संविदा है । चूंकि अधिकारों और कर्तव्यों का रूप, नियोजक और कर्मचारी के बीच सेवा संविदा से स्पष्ट होता है, इसलिए, प्रतिवादित नियुक्ति विधि के एक भूलपूर्वक विश्वास के अधीन की गई थी, जो शून्यकरणीय न होकर आरंभ से ही शून्य है । इस प्रकार, जिस तरह आयोग की अधिकारिता 'पद' और 'लाभ के पद' से परे नहीं जा सकती । इसलिए, माननीय उच्च न्यायालय के आदेश द्वारा सृजित यह अवसीमा कि पद विद्यमान नहीं है, अपरिहार्य प्रकृति की अनियमितता है । अत:, याची केवल तभी सफल हो सकता है जब वह यह साबित कर सकता है कि नियुक्ति संविधान के प्रतिकूल नहीं थी ।

18. प्रत्यर्थी सं0 10 और 12 के विद्वान काऊंसेल श्री रजत नवेत ने भी प्रत्यर्थियों के अन्य विद्वान काऊंसेलों द्वारा दिए गए उन तर्कों को अपनाया था, जिनमें संसदीय सचिवों की नियुक्ति को प्रारंभ से ही शून्य बताया गया था । प्रत्यर्थी सं0 19 के विद्वान काऊंसेल श्री राजीव शर्मा ने भी यह कथन किया था कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश स्वयं में ही स्पष्टीकारक है और उसके पश्चात् संसदीय सचिवों के पद की विद्यमानता प्रारंभ से ही समाप्त हो गई थी ।

19. याची के विद्वान काऊंसेल श्री मीत महलोत्रा ने यह दलील दी थी कि प्रत्यर्थी एक पूर्णत: भिन्न अवधारणा को प्रस्तुत कर रहे हैं । याची किसी भी प्रकार के माननीय उच्च न्यायालय के संसदीय सचिवों की नियुक्ति को अपास्त करने वाले निर्णय से इंकार नहीं करता है । तथापि, माननीय उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहीं भी 'प्रारंभ से ही शून्य' शब्दों का प्रयोग नहीं किया है । याची ने यह और दलील दी कि प्रत्यर्थी आरंभ से ही शून्य के मुद्दे को इस प्रकार प्रस्तुत कर रहे हैं, जैसे कि नियुक्ति और उसके पारिणामिक तथ्य कभी विद्यमान रहे ही नहीं थे । याची ने माननीय उच्चतम न्यायालय के, गोकाराजू रंगाराजू बनाम आंध्र प्रदेश राज्य 1981 एस.सी.आर. (3) 474 वाले मामले में निर्णय का हवाला दिया था, जिसमें इस प्रभाव का प्रश्न उठा था कि उच्चतम न्यायालय द्वारा इस घोषणा का कि किसी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की नियुक्ति अवैध थी, ऐसी घोषणा से पूर्व उस न्यायाधीश द्वारा उद्घोषित निर्णयों पर क्या प्रभाव पड़ेगा । विद्वान काऊंसेल द्वारा हवाला दिए गए पैराओं को सुगम संदर्भ के लिए नीचे प्रस्तुत किया गया है :

"4. हम अपीलार्थियों के विद्वान काऊंसेल के अभिकथनों से सहमत होने में असमर्थ हैं । यह सिद्धांत अब सुस्थापित है कि "अधिकारियों की, उनके द्वारा प्राप्त किए गए शासकीय प्राधिकार के विस्तार क्षेत्र के भीतर, लोक हित में या किसी तृतीय व्यक्ति के हित में और न कि उनके स्वयं के फायदे के लिए, उनके द्वारा वस्तुत: की गई कार्रवाइयां साधारण रूप से विधिमान्य और इस प्रकार आबद्धकर होगी मानो वे विधित: अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाइयां हों" (पुलिन बेहैरी बनाम किंग एम्परर) । चूंकि हमारे में से किसी एक के पास पूर्व में यह उल्लेख करने का अवसर था कि "यह सिद्धांत उत्तम भावना, उत्तम नीति और व्यवहारिक अनुभव पर आधारित है । इसका उद्देश्य सार्वजनिक और निजी अनिष्ठ का निवारण करना और सार्वजनिक या निजी हित का संरक्षण करना है । यह अंतहीन असमंजस और अनावश्यक अव्यवस्था से बचाव करता है । किसी अवैध नियुक्ति को अपास्त किया जा सकता है और कोई उचित नियुक्ति की जा सकती है, किंतु उन व्यक्तियों के, जिन्होंने वस्तुत: पदधारण किया है, कार्यों को सुगमता से पलटा नहीं जा सकता, क्योंकि जब उनके पलटने का प्रयास किया जाएगा तो उनके दूरगामी दुष्परिणाम तथा भ्रांतिपूर्ण परिणाम होंगे । अत: वस्तुत: सिद्धांत लाया गया है ।" (इम्मेदिसेट्टी रामकृष्णैया संस बनाम आंध्र प्रदेश राज्य और अन्य, ए.आई.आर. 1976 ए.पी. 193 द्वारा)

8. ...उसके पश्चात् लार्ड डेनिंग ने कनेक्टीकट सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्टेट ऑफ कनेक्टीकट बनाम कैरॉल में दिए गए निर्णय, न्यूजीलैंड में कोर्ट ऑफ अपील द्वारा एलड्रिज वाले मामले में दिए गए निर्णय और यूनाइटेड स्टेट्स सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोरटोन बनाम शैल्बी काउंटी के मामले में दिए गए निर्णय का हवाला दिया था । अंतिम मामले में किए गए संप्रेक्षणों को उद्धधृत किया था और वे निम्नानुसार थे :

जहां कोई पद विधि के अधीन विद्यमान है, इस बात का कोई महत्व नहीं है कि पदधारी की नियुक्ति किस प्रकार की गई है, जहां तक उसके द्वारा किए गए कार्यों का संबंध है । इस संबंध में उसके द्वारा पद को धारण किया जाना ही और उसकी शक्तियों और कृत्यों का पालन किया जाना ही पर्याप्त है ..... । ऐसे व्यक्तियों की शासकीय कार्रवाइयों को लोक नीति के आधारों पर और उन व्यक्तियों के संरक्षण के लिए, जिनके पास संव्यवहार करने के लिए शासकीय कारबार है, विधिमान्य के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है ।

17. अत: कोई वस्तुत: न्यायाधीश वह है, जो केवल कोई घुसपैठिया या अनधिकार ग्राही नहीं है, अपितु ऐसा व्यक्ति है, जो विधिपूर्ण प्राधिकार के अधीन पदधारण करता है, यद्यपि उसकी नियुक्ति त्रुटिपूर्ण है और उसे तत्पश्चात् त्रुटिपूर्ण पाया जाता है, पद पर उसके हक में कोई भी त्रुटि हो, उसके द्वारा उद्घोषित निर्णयों और उसके द्वारा की गई कार्रवाइयों, जब वह पद से संबंधित शक्तियों और कृत्यों से लैस था, चाहे वे अविधिपूर्ण ही क्यों न हों, वहीं प्रभाव होगा, जो किसी विधित: न्यायाधीश द्वारा उद्घोषित निर्णयों और की गई कार्रवाइयों का होता है ।"

याची ने होती लाल बनाम राज बहादुर ए.आई.आर. 1959 राजस्थान 227 वाले मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय का आगे और हवाला दिया था, जिसमें किसी विधान सभा सदस्य की निरर्हता का प्रश्न, उसके द्वारा ओथ कमिश्नर का पद धारण करने के कारण उत्पन्न हुआ था । इस मामले में, अवैध और अनुचित नियुक्ति के अभिवाक् का सहारा लिया गया था । विद्वान काऊंसेल द्वारा हवाला दिए गए सुसंगत पैरा को सुगम संदर्भ के लिए नीचे प्रस्तुत किया गया है :

"16. किंतु यदि ऐसा हो तो भी और श्री मुकट की नियुक्ति इस संबंध में अनियमित थी, तब भी यह उसे अनुच्छेद 102 के अधीन निरर्हता से नहीं बचा पाएगी । जैसे हम उस अनुच्छेद को पढ़ते हैं, यह ऐसे किसी व्यक्ति की निरर्हता के लिए उपबंध करता है, जो कोई लाभ का पद धारण करता है ।

निरर्हता इस तथ्य से उत्पन्न होती है कि कोई व्यक्ति भारत सरकार या किसी राज्य सरकार के अधीन लाभ का पद धारण कर रहा है, चाहे उसकी नियुक्ति के आदेश में कोई विधिक या अन्यथा त्रुटि हो । अनुच्छेद 102 में निहित आशय व्यक्ति भारत सरकार या किसी राज्य सरकार के अधीन लाभ के पद को वस्तुत: धारण करने वाले सभी व्यक्तियों को वर्जित करना है । यदि ऐसा नहीं है तो ऐसा कोई व्यक्ति, जो सरकार के अधीन वास्तविक रूप से कोई लाभ का पद धारण कर रहा है, उसकी नियुक्ति के आदेश में कोई विधिक या अन्यथा त्रुटि होने के कारण निरर्हित नहीं होगा ।"

20. याची ने पूर्व उल्लिखित निर्णय पर निर्भर करते हुए यह दलील दी कि यदि प्रत्यर्थियों के तर्क सही समझे जाते हैं और यदि नियुक्ति प्रारंभ से ही शून्य है तो तथ्य और विधि सब समाप्त हो जाते हैं । किन्तु यह तथ्य कि प्रत्यर्थी 13 मार्च, 2015 को नियुक्ति की तारीख से 8 सितंबर, 2016 तक अपने पद पर थे, परिवर्तित या नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और पद धारण करने की वैधता का प्रश्न किसी भी रीति में नहीं उठता । इसलिए नियुक्ति में अवैधता का तथ्य, की गई नियुक्त के तथ्य को समाप्त नहीं कर सकता और इसलिए अतात्विक है ।

21. प्रत्यर्थी सं0 8 की ओर से विद्वान काउंसेल श्री अमिताभ चतुर्वेदी ने प्रत्यर्थी द्वारा दिए गए तर्कों के प्रत्युत्तर में यह कहते हुए खंडन किया है कि गोकरराजू रंगराजू बनाम आन्ध्र प्रदेश राज्य (ऊपर) के मामले में उच्चतम न्यायालय की मताभिव्यक्ति

केवल 'विधिमान्य रूप से सृजित पद" के संबंध में है। प्रत्यर्थी ने यह कहते हुए अपनी बहस जारी रखी कि चूंकि संसदीय सचिव का पद विधिमान्य रूप से सृजित नहीं था, इसलिए यह निर्णय इस संदर्भ में बिल्कुल लागू नहीं होता।

22. 27 मार्च, 2017 को की गई सुनवाई में प्रत्यर्थी सं0 1, 17 और 20 की ओर से विद्वान काउंसेल श्री मनीष वशिष्ठ ने यह दलील दीकि चूंकि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के पश्चात् यह स्पष्ट है कि कोई 'पद" विद्यमान नहीं है, इसलिए उस पद से कोई लाभ प्राप्त करने का प्रश्न नहीं उठता। विद्वान काउंसेल ने यह और दलील दी कि गोकरराजू रंगराजू बनाम आन्ध्र प्रदेश राज्य का निर्णय इस मामले में किसी भी प्रकार लागू नहीं होगा। उक्त निर्णय में लागू होने वाला आवश्यकता का, तथ्यत: का और लोक नीति का सिद्धांत केवल तब उत्पन्न होता है, जब न्यायिक/अर्द्ध न्यायिक निर्णय दांव पर लगा हो। तथापि, चूंकि यह मामला पूर्णत: लाभ के पद से संबंधित है और न्यायिक और अर्द्धन्यायिक कार्रवाइयों से संबंधित नहीं है और चूंकि इस संदर्भ में विधायकों द्वारा धारित पद लोकहित में धारण नहीं किया गया था, इसलिए यह निर्णय इस मामले के तथ्यों पर कैसे भी लागू नहीं होता है, जैसी कि याची द्वारा दलील दी गई है। इस प्रकार जब न्यायनिर्णायक प्राधिकारी ने एक बार व्यक्ति की नियुक्ति को प्रारंभ से शून्य घोषित कर दिया है, तो आयोग, माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जो घोषणा की गई है, उसके प्रतिकूल किसी बात पर संभवत: राय नहीं दे सकता।

विद्वान काउंसेल ने आयोग से प्रत्यर्थी सं0 6 श्री जरनैल सिंह, राजौरी गार्डेन के विरुद्ध कार्यवाहियां समाप्त करने का निवेदन किया है, क्योंकि उसने विधायक के पद से त्यागपत्र दे दिया है।

23. प्रत्यर्थी सं0 2, 5 और 14 की ओर से विद्वान काउंसेल श्री कमल मेहता ने यह कहा कि चूंकि संसदीय सचिवों के पद पर नियुक्ति में संवैधानिक त्रुटि अंतर्वलित है जिसे ठीक नहीं किया जा सकता, इसलिए यह, नियुक्ति को प्रारंभ से शून्य करार देने के लिए अधिकारातीत होगा। इसलिए इस तर्क का, कि क्या यह शून्य है, शून्य करणीय है या प्रारंभ से ही शून्य नहीं है, कोई महत्व नहीं है।

24. इस प्रकार उक्त मुद्दे पर दोनों पक्षों की ओर से बहस समाप्त कर दी गई है।

<u>भारत निर्वाचन आयोग के अनुरोधों और निष्कर्षों का विश्लेषण</u>

25. इस मामले में अंतर्वलित प्रारंभिक मुद्दा यह है कि जीएनसीटीडी अधिनियम की धारा 15(4) के अधीन प्रत्यर्थियों की अभिकथित निरर्हता से संबंधित प्रश्न, राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा बनाम दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र की सरकार और अन्य डब्ल्यूपी(सी) 4714/2015 में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिल्ली सरकार के तारीख 13 मार्च, 2015 के आदेश को अपास्त करने के पश्चात्, चलाए जाने योग्य है, जिसमें प्रत्यर्थियों की राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली की सरकार के मंत्रालयों में संसदीय सचिवों के रूप में नियुक्ति की थी।

26. इस मामले में अंतर्वलित तथ्यों और विधि की उपयुक्त समीक्षा के लिए राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली की सरकार द्वारा तारीख 13 मार्च, 2015 को जारी आदेश का संदर्भ देना उचित होगा। सदंर्भ की सुविधा के लिए उक्त आदेश नीचे दोहराया गया है।

"राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली सरकार

साधारण प्रशासन विभाग

दूसरा तल, ए विंग, दिल्ली सचिवालय

आई.पी.एस्टेट, नई दिल्ली- 110002

फा0सं017/57/2012/जीएडी/संसदीय सचिव/356 तारीख 13.3.2015

आदेश

दिल्ली के मुख्यमंत्री, दिल्ली विधान सभा के निम्नलिखित सदस्यों को, तुरंत प्रभाव से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के, उनके नाम के सामने यथा उपदर्शित मंत्रालयों के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं :--

क्रम सं0	**विधायक का नाम**	**निम्न का संसदीय सचिव**
01	श्री प्रवीन कुमार	शिक्षा मंत्री
02	श्री शरद कुमार	राजस्व मंत्री

03	श्री आदर्श शास्त्री	सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री
04	श्री मदन लाल	सतर्कता मंत्री
05	श्री शिव चरन गोयल	वित्त मंत्री
06	श्री संजीव झा	परिवहन मंत्री
07	सुश्री सरिता सिंह	रोजगार मंत्री
08	श्री नरेश यादव	श्रम मंत्री
09	श्री जरनैल सिंह (तिलक नगर)	विकास मंत्री
10	श्री राजेश गुप्ता	स्वास्थ्य मंत्री
11	श्री राजेश ऋषि	स्वास्थ्य मंत्री
12	श्री अनिल कुमार बाजपेयी	स्वास्थ्य मंत्री
13	श्री सोम दत्त	उद्योग मंत्री
14	श्री अवतार सिंह कल्का	गुरुद्वारा निर्वाचन मंत्री
15	श्री विजेन्दर गर्ग विजय	लोक निर्माण विभाग मंत्री
16	श्री जरनैल सिंह (राजौरी गार्डन)	विद्युत मंत्री
17	श्री कैलाश गहलोत	विधि मंत्री
18	सुश्री अल्का लाम्बा	पर्यटन मंत्री
19	श्री मनोज कुमार	खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री
20	श्री नितिन त्यागी	महिला और बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री
21	श्री सुखवीर सिंह	भाषा और उच्चतम न्यायालय/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री

संसदीय सचिव, सरकार से किसी प्रकार के किसी पारिश्रमिक या किसी पर्क का पात्र नहीं होगा । तथापि, वे केवल शासकीय प्रयोजनों के लिए सरकारी परिवहन का उपयोग कर सकेंगे तथा मंत्रियों के कार्यालय में उन्हें अपने कार्य को सुकर बनाने के लिए कार्यालय की जगह दी जाएगी ।

यह दिल्ली विधान सभा के माननीय अध्यक्ष की सहमति से जारी किया गया है ।

(अनिन्दो मजूमदार)

प्रधान सचिव (जीएडी)

1. सभी मंत्रालय

2. संबंधित विधायक

27. दिल्ली सरकार के पूर्वोक्त आदेश के परिशीलन मात्र से यह दर्शित होता है कि उक्त आदेश द्वारा प्रत्यर्थी, दिल्ली सरकार के मंत्रियों के संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किए गए थे । उस आदेश में कहीं भी इस बात का कोई भी उल्लेख नहीं है कि दिल्ली सरकार के इस आक्षेपित आदेश से संसदीय सचिवों के कोई पद सृजित किए गए थे । उक्त आदेश में केवल संसदीय सचिवों के रूप प्रत्यर्थियों की नियुक्ति के बारे में जिक्र है । इससे यह पूर्व कल्पना की जाती है कि संसदीय सचिवों के पद या तो पहले से ही विद्यमान थे या सरकार द्वारा अलग से सृजित किए गए थे, जिन पर सरकार द्वारा 13 मार्च, 2015 को ये नियुक्तियां की गई थीं । आयोग, माननीय उच्च न्यायालय के तारीख 8 सितंबर, 2016 के आदेश में ऐसी कोई बात नहीं पाता है कि न्यायालय ने न केवल संसदीय सचिवों के रूप में प्रत्यर्थियों की नियुक्ति को अपास्त किया है, बल्कि संसदीय सचिवों के

उन पदों के सृजित किए जाने को भी अपास्त कर दिया है। प्रत्यर्थियों की यह दलील कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के तारीख 8 सितंबर, 2016 के आदेश के कारण संसदीय सचिवों के पद 13 मार्च, 2015 से प्रारंभ से शून्य के रूप में विद्यमान नहीं रहते और इसलिए यह तर्कसंगत नहीं है। माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के तारीख 8 सितंबर, 2016 के उक्त आदेश द्वारा संसदीय सचिवों के रूप में प्रत्यर्थियों की नियुक्ति को केवल अपास्त किया है, सुस्पष्टतया और प्रचुरतया स्पष्ट है और इसमें कोई अन्य निर्वचन स्वीकार नहीं है। यदि प्रत्यर्थी अपनी इस दलील में सफल होते हैं कि माननीय उच्च न्यायालय ने संसदीय सचिवों के पदों के सृजन को भी अपास्त किया है, तो इस तथ्य को साबित करने का भार उन्हीं पर है, जिसका पालन करने में वे विफल रहे हैं। याची ने यह सही दलील दी है कि आयोग, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में कोई भी श◌ाब्द नहीं जोड़ सकता या उसमें फेरफार नहीं कर सकता, जो कि प्रत्यर्थियों द्वारा किया जाना चाहा गया है।

28. इसलिए एकमात्र निष्कर्ष, जो माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के तारीख 8 सितंबर, 2016 के आदेश से विधिमान्य रूप से निकाला जा सकता है, वह यह है कि उच्च न्यायालय ने केवल सरकार के तारीख 13 मार्च, 2015 के आदेश द्वारा संसदीय सचिवों के रूप में प्रत्यर्थियों की नियुक्ति को और न कि संसदीय सचिवों के पद को अपास्त किया है।

29. यह मुद्दा की क्या प्रत्यर्थियों की कथित निर्रहता के प्रश्न को राष्ट्रपति के निदेश के लिए इस आधार पर कि वह संसदीय सचिवों के रूप में लाभ का पद धारण कर रहे थे, ऐसे पद पर प्रत्यर्थियों की नियुक्ति के आदेश को माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा 8 सितंबर, 2016 को अपास्त किए जाने पर चलाए जाने योग्य है।

30. जैसा कि ऊपर वर्णन किया गया है दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा मामले (ऊपर) में संसदीय सचिवों के रूप में प्रत्यर्थियों के नियुक्ति आदेश को इस आधार पर अपास्त कर दिया है कि वे अवैध रूप से संसदीय सचिवों के रूप में नियुक्त किए गए थे, चूंकि विधि के अधीन नियुक्ति के लिए अपेक्षित प्रक्रिया का अनुपालन नहीं किया गया था। किसी व्यक्ति के किसी ऐसे विद्यमान पद या कार्यालय में अवैध या अनुचित नियुक्ति का प्रभावअनिर्णित विषय है। अनेक मामलों में अवैध नियुक्ति/आदेश की प्रास्थिति का विश्लेषण किया गया है।

31. राजस्थान उच्च न्यायालय ने होती लाल बनाम राज बहादूर एआईआर 1959 राज. 227 मामले में किसी अवैध नियुक्ति के परिणाम पर चर्चा की है। निर्णय के सुसंगत पैरा नीचे अनुसार है :--

"16. .... परंतु यदि ऐसा ही है और श्री मुक्त की नियुक्ति इस संबंध में अनियमित है, वह उसे अनुच्छेद 102 के अधीन निरर्हता से नहीं बचाएगा, जैसा हम उस अनुच्छेद का पठन करते हैं ये किसी व्यक्ति, जो लाभ का पद धारण करता है, की निरर्हता का उपबंध करता है।

निरर्हता भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन कोई लाभ का पद धारण करने के तथ्य से उदभूत होती है चाहे नियुक्ति करने के आदेश में कुछ त्रुटि हो, जो विधिक या अन्यथा हो। अनुच्छेद 102 के पीछे आशय भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन वस्तुत: लाभ का पद धारण करने वालो को वर्जित करना है। यदि ऐसा नहीं होता तो कोई व्यक्ति, जो सरकार के अधीन वास्तव में लाभ का पद धारण कर रहा है, निरर्हित नहीं होता यदि उसकी नियुक्ति के आदेश में कोई त्रुटि, विधिक या अन्यथा होती।

हमारी राय में अनुच्छेद 102 जिस बात पर बल देता है वह है वास्तव में लाभ का पद धारण करना तथा न कि किसी पद को धारण करने से संबंधित किसी नियुक्ति आदेश में कोई त्रुटि, हमारी राय में इससे कोई अंतर नहीं पड़ता है। इसलिए, यह मानते हुए कि श्री मुक्त की नियुक्ति आदेश में कोई त्रुटि थी तो वह फिर भी हमारी राय में एक ऐसा व्यक्ति है, जिसने राजस्थान सरकार के अधीन लाभ का पद धारण किया है और इसलिए वह अनुच्छेद 102 के अधीन निरर्हित है।"

अत: राजस्थान उच्च न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि कोई संसद् सदस्य संविधान के अनुच्छेद 102 के अधीन इस बात के होते हुए भी कि उक्त पद पर उसके नियुक्ति आदेश में कोई त्रुटि थी,वास्तव में लाभ का पद धारण करने के कारण निरर्हित हो जाएगा।

32. यहां पर यह इंगित किया जा सकता है कि संविधान के अनुच्छेद 102 का परिप्रेक्ष्य और भाषा वही है जो जीएनसीटीडी की धारा 15(4) में है, दोनों ही उपबंध एक ही विषय पर हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक-दूसरे के अनुसार उपबंधों के कानूनी निर्वचन से रईस – उच्च – ज़ामा और अन्य बनाम दिल्ली संघ राज्यक्षेत्र राज्य 206 (2014) डीएलटी 578 में यह अभिनिर्धारित करने के लिए व्यौहार किया है कि एक-दूसरे के अनुरूप उपबंधों का समान परिणाम होता है। इस निर्णय का सुसंगत पैरा नीचे दिया गया हैं :--

"115. .... यदि अधिनियम एक-दूसरे के अनुरूप है तो यह माना जाएगा कि भाषा और अर्थ की एकरुपता आशयित है, जिससे भाषायी निर्वचन के कारण एक ही परिणाम उत्पन्न होता है, जो पूर्ण रूप में किसी अधिनियम के निर्वचन से उत्पन्न होता है।"

चूंकि जीएनसीटीडी अधिनियम की धारा 5 संविधान के अनुच्छेद 102 के अनुरूप है, होती लाल मामला (ऊपर) का अनुपात यहां तक कि धारा 15(4) के अधीन आने वाले मामलों पर भी लागू होता है ।

33. इसी प्रकार आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने इम्मेदिसेटीरामाकृष्णा संस, अनाकपाली और अन्य बनाम आंध्र प्रदेश और अन्य, एआईआर 1976 एपी 193 के मामले में अभिनिर्धारित किया गया है कि नियुक्ति की अवैधता के होते हुए भी वास्तव में पद धारण करने वालों के कार्य का परिणाम होता है। निर्णय का सुसंगत पैरा नीचे दिया गया है :

"6. जैसा कि इस समय हम इंगित करेंगे यह अब एक सुस्थापित सिद्धांत है कि अधिकारियों द्वारा वास्तव में निष्पादित किए गए कृत्य उनके द्वारा माने गए शासकीय प्राधिकार की परिधि के भीतर हैं, लोक हित या तृतीय व्यक्तियों के हित में और न कि उनके स्वयं के हित में वे साधारणतया उतने ही विधिमान्य और बाध्यकर हैं, जैसे वे विधिता अधिकारियों के कृत्य थे (पुलिन बेहारी बनाम किंग एम्परर (1912) 15 सीएएल एलजे 517 पृष्ठ 574) यह सिद्धांत एक अच्छी भावना, सुदृढ़ नीति और व्यावहारिक अनुभव पर आधारित है । इसका उद्देश्य लोक और प्राइवेट रिष्टि का निवारण करना है, यह अंतहीन भ्रम और व्यर्थ अव्यवस्था से बचाता है । किसी अवैध नियुक्ति को रद्द किया जा सकता है और एक उचित नियुक्ति की जा सकती है किंतु उनके कृत्य, जिन्होंने वास्तव में पद धारण किया था, को आराम से समाप्त नहीं किया जा सकता है और उनका चिरकालिक प्रभाव होता है और उनको दूर करने के प्रयास में भ्रम ही उत्पन्न होता है । इसलिए, वास्तव में का सिद्धांत है ।"

34. पूर्वोक्त वर्णित वास्तव में के सिद्धांत को निश्चायक रूप से माननीय उच्चतम न्यायालय ने गोकाराजू रंगाराजू बनाम आंध्र प्रदेश राज्य 1981 एससीआर (3) 474 में बनाए रखा था । उच्चतम न्यायालय ने इम्मेदिसेटी रामाकृष्णा मामले में निश्चय की पुनरावृत्ति की और अभिनिर्धारित किया कि :

"4. हम अपीलार्थियों के विद्वान काउंसिल की दलीलों से सहमत होने में असमर्थ हैं । सिद्धांत अब भली प्रकार स्थापित है कि 'अधिकारियों द्वारा उनके द्वारा धारण किए गए शासकीय प्राधिकार की परिधि के भीतर उनके द्वारा वास्तव में किए गए कृत्य लोक हित या तृतीय व्यक्तियों के हित में है और न कि उनके स्वयं के फायदे के लिए, ये साधारणतया विधिपूर्ण और बाध्यकर है, मानो वह अधिकारियों के विधिता कृत्य थे । (पुलिन बेहारी बनाम किंग एम्परर)मनू/डब्ल्यूबी/0395/1912 । जैसे कि हम में से एक के पास पूर्व में यह इंगित करने का अवसर था कि "यह सिद्धांत अच्छी भावना, सुदृढ़ नीति और व्यावहारिक अनुभव पर आधारित है । इसका लक्ष्य लोक और निजीरिष्टि और लोक और प्राइवेट हित का संरक्षण करना है । ये अंतहीन भ्रम और अनावश्यक अव्यवस्था से बचाता है । किसी अवैध नियुक्ति को अपास्त किया जा सकता है और एक उचित नियुक्ति की जा सकती है किंतु उन व्यक्तियों के कृत्य, जिन्होंने वास्तव में पद धारण किया है, को आसानी से समाप्त नहीं किया जा सकता है तथा उनके लंबे समय तक रहने वाले परिणाम और यदि उन्हें हटाने का प्रयास किया जाए तो भ्रम के पश्चात् भ्रम होता है इसलिए वास्तव में सिद्धांत है ।"

35. यहां माननीय उच्चतम न्यायालय का पंजाब राज्य बनाम गुरुदेव सिंह (1991) 4 एससीसी 1 में निर्णय को नोट करना भी सुसंगत है, जिसका याची के विद्वान काउंसिल ने अवलंब लिया था जैसा कि पूर्व पैरा 10 में निर्दिष्ट किया गया है, निर्देश की आसानी के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का सुसंगत भाग, जो एक पुलिस अधिकारी को पदच्युत करने के मामले तथा उसके पदच्युति से पूर्व किए गए कार्यों के प्रभाव से संबंधित है, को नीचे पुन: दिया गया है :

"5. यदि कोई कार्य शून्य या अधिकारातीत है, न्यायालय के लिए उसे वैसा घोषित करना काफी है और वह स्वयं समाप्त हो जाता है, उसे अपास्त करने की आवश्यकता नहीं है, व्यथित पक्षकार साधारण रूप से इस बात की घोषणा की वांछा कर सकता है कि वह शून्य है और उस पर बाध्यकर नहीं है । एक घोषणा केवल विद्यमान मामलों को ही घोषित करती है और उन्हें मिटाती नहीं है, जिससे नए मामले उत्पन्न हों ।

6. <u>किंतु ऐसा होने पर भी आक्षेपित पदच्युति आदेश में कम से कम एक तथ्यत: अप्रवर्तनीय होगा जब तक कि किसी सक्षम निकाय या न्यायालय द्वारा उसे शून्य या अकृत घोषित न कर दिया जाए" (बल दिया गया है)</u>

36. इसके अतिरिक्त, उच्चतम न्यायालय ने न्यायमूर्ति एस.के. रे बनाम उड़ीसा राज्य और अन्य (2003) 4 एससीसी 21 वाले मामले में यह अभिनिर्धारित किया कि लोकपाल का पद समाप्त होने के पश्चात् उक्त अधिनियम में यथा उपबंधित उक्त पद से संबंधित निर्बंधन पदधारी को लागू होंगे । निर्णय का सुसंगत पैरा निम्नलिखित है :

"10. लोकपाल के पद के उत्सादन के प्रभाव को समझने के दो मार्ग हैं जिनके परिणामस्वरूप अपीलार्थी के पद की अवधि कम की गई थी । पहला यह है कि अपीलार्थी कम से कम कुछ समय के लिए पदधारण किए हुए था जो अधिनियम के उपबंधों के अधीन उद्भूत सभी निर्बंधनों के अधीन है और यह सम्मिलित करते हुए जो उसे लोकपाल होने की उसकी समाप्ति पर कोई पद धारण करने से उसे वर्जित करते हैं । दूसरा दृष्टिकोण यह हो सकता है कि पद के उत्सादन पर लोकपाल न रहने की अपीलार्थी पर पदधारण करने के संबंध में निर्बंधन उससे जुड़ा नहीं रहेगा । यदि बाद वाला मत लिया जाए तो बेतुका परिणाम निकलता

है क्योंकि लोकपाल का पदधारी कम से कम कुछ समय के लिए कार्य किया जिसने कई मामलों पर विचार किया होगा अत: उस पद की शुद्धता को बनाए रखने के लिए अधिनियम के अधीन अधिरोपित निर्बंधनों को कायम रखा जाना चाहिए । अत: इस आशय से केवल युक्तियुक्त माध्यम इस आशय के लिए उपबंध का निर्वचन करने से है कि जब ऐसा निर्बंधन परिवर्तनशील बना रहेगा तो पद के उत्सादन पर पदधारी को पद के वंचन के लिए नहीं बल्कि उसके पश्चात् जुड़े निर्बंधनों के लिए उसे युक्तियुक्त प्रतिपूर्ति की जानी चाहिए ।"

